RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 58
फरीदाबाद, बुधवार, 03 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




हार्दिक को इंडिया का कप्तान मानकर एमआई ने कमान सौंपी

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,903 | ▼ | 110.64 |
| निफ्टी | 22,453 | ▼ | 8.70 |
| सोना | 68,668 | ▲ | 377 /10 gm |
| चांदी | 76,307 | ▲ | 775 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 37.00°C
न्यूनतम 22.00°C

## क्विक न्यूज

### गोवा सरकार ने लू को लेकर परामर्श जारी किया

**पणजी।** मौसम विज्ञान विभाग ने गोवा के आठ अप्रैल तक प्रचंड लू की चपेट में रहने की संभावना जताई है, जिसके मद्देनजर राज्य सरकार ने मंगलवार को लोगों के लिए परामर्श जारी किया। गोवा के स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय ने प्रचंड गर्मी लू संबंधी परामर्श जारी किया है। यदि आप लू लगने के लक्षणों को महसूस कर रहे हैं तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल से सहायता लें। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह परामर्श पोस्ट किया। सरकार ने लोगों को दिन में घर से बाहर जाने पर विभिन्न एहतियात बरतने के अलावा पर्याप्त पानी पीने एवं निर्जलीकरण से बचने की सलाह दी है।

### शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 111 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच चुनिंदा निजी बैंकों और वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 110.64 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,903.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 270.78 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 8.70 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 22,453.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सोमवार को कारोबार के दौरान अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे। बाद में दोनों मानक सूचकांक 0.5 प्रतिशत की बढ़त में रहे थे।

### मार्च में कंपनियों की भर्तियों में चार प्रतिशत गिरावट : रिपोर्ट

**मुंबई।** भारतीय कंपनियों द्वारा मार्च के महीने में की गई भर्तियां पिछले साल की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घट गईं। फिट रिपोर्ट कहती है कि आंकड़ा कंपनी जगत की आशावादी कारोबारी धारणा को दर्शाता है। मार्च, 2023 से मार्च, 2024 तक के भर्ती आंकड़ों के विश्लेषण से तैयार रिपोर्ट से पता चलता है कि ग्राहकों की अस्थायी रूप से सेवाएं देने वाले पेशेवरों या फ्रीलांस काम में एक साल पहले की तुलना में 184 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट कहती है कि यह लचीली, परियोजना-आधारित कार्य व्यवस्थाओं के लिए पेशेवरों की बढ़ती प्राथमिकता को दर्शाता है।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441


# सभी ईवीएम के वोटों की वीवीपीएटी से मिलान की मांग

## एससी ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**चुनाव** में ईवीएम के सभी वोटों की गिनती वीवीपैट मशीन की पर्चियों से कराने की मांग वाली याचिका पर एक अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अब 17 मई को सुनवाई होगी। दरअसल, एक्टिविस्ट अरुण कुमार अग्रवाल की ओर से अगस्त 2023 में लगाई गई याचिका में मांग की गई थी कि ईवीएम में पड़े सभी वोटों का मिलान वीवीपैट की पर्चियों से करना चाहिए। फिलहाल निर्वाचन क्षेत्र के रैंडम पांच ईवीएम का ही वीवीपीएटी से मिलान होता है। साथ ही याचिका में कहा गया है कि वोटर्स को वीवीपीएटी की पर्ची फिजिकली वेरिफाई करने का मौका दिया जाना चाहिए। वोटर्स को खुद बैलेट बॉक्स में पर्ची डालने की सुविधा मिलनी चाहिए। इससे चुनाव में गड़बड़ी की आशंका खत्म हो जाएगी। याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग ने लगभग 24 लाख वीवीपैट खरीदने के लिए पांच हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं, लेकिन केवल 20,000 वीवीपैट की पर्चियों का ही

### अभी पांच ईवीएम का ही होता है मिलान

वेरिफिकेशन होता है।

याचिका में कहा गया है कि फिलहाल हर निर्वाचन क्षेत्र में एक के बाद 5 ईवीएम का वीवीपैट से मिलान होता है। इन पांचों ईवीएम का मिलान एक साथ नहीं किया जाता, जिससे रिजल्ट घोषित करने में अतिरिक्त समय लगता है। हर क्षेत्र में वोटों के मिलान के लिए अधिकारियों की तैनाती बढ़ानी चाहिए, जिससे 5-6 घंटे में पूरा वेरिफिकेशन हो जाए। वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपीएटी एक मशीन होती है, वोटिंग के समय बताती है कि वोटर ने किसे वोट दिया है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से कनेक्ट किया जाता है। ईवीएम में वोटर जिस भी पार्टी का बटन दबाता है, उसी पार्टी का चिह्न की पर्ची वोटर को वीवीपैट मशीन में दिखती है। इससे वोटर कंफर्म कर पाता है कि उसने ईवीएम में बटन दबाकर जिस प्रत्याशी को वोट दिया है, असल में वोट उसे ही गया है।

वीवीपैट से निकलने वाली पर्ची सिर्फ वोटर को ही दिखती है। यह सात सेकेंड तक ही इसे देखकर अपना वोट वेरिफाई कर सकता है। यदि चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका होती है तो चुनाव आयोग पर्ची का मिलान करता है।

बता दें, 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 21 विपक्षी दलों के नेताओं ने भी सभी ईवीएम में से कम से कम 50 प्रतिशत वीवीपीएटी मशीनों की पर्चियों से वोटों के मिलान करने की मांग की थी। उस समय, चुनाव आयोग हर निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ एक ईवीएम का वीवीपीएटी मशीन से मिलान करता था। 8 अप्रैल, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने मिलान के लिए ईवीएम की संख्या एक से बढ़ाकर पांच कर दी थी। इसके बाद मई 2019 कुछ टेक्नोक्रेट्स ने सभी ईवीएम के वीवीपीएटी से वेरिफाई करने की मांग की याचिका लगाई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके अलावा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने भी जुलाई 2023 में वोटों के मिलान की याचिका लगाई थी। इसे खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- कभी-कभी हम चुनाव निष्पक्षता पर ज्यादा ही संदेह करने लगते हैं।



## दिल्ली शराब नीति केस में नया मोड़ सामने आया

# ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, संजय सिंह को बेल दे दीजिए

### ईडी ने बेल का विरोध नहीं किया, 6 महीने से जेल में थे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत दे दी। मनी लॉन्ड्रिंग केस में संजय सिंह को पिछले साल चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। संजय सिंह के वकील ने कहा कि वे केस में अपने रोल से जुड़ा कोई बयान नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से सवाल किया था कि क्या संजय सिंह को और ज्यादा दिन जेल में रखे जाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमें यह भी देखना होगा कि गवाहों के सामने उनके बयान हुए। छह महीने तक वे जेल में रहे। ईडी ने अदालत से कहा कि हमें कोई ऐतराज नहीं है। इसके बाद अदालत ने संजय सिंह को जमानत देने का फैसला सुनाया। इसे दिल्ली सियासत में बड़ा उलटफेर माना जा रहा है।

दिल्ली शराब घोटाला केस में इसी साल जनवरी में ईडी ने अपनी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम जोड़ा था। मई 2023 में संजय सिंह ने दावा किया कि ईडी ने उनका नाम गलती से जोड़ दिया है। ईडी ने इस पर कहा- हमारी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम चार जगह लिखा गया है। इनमें से तीन जगह नाम सही लिखा गया है। सिर्फ एक जगह टाइपिंग की गलती हो गई थी। संजय सिंह के वकील ऋषिकेश कुमार ने बताया- लंच के पहले और लंच के बाद दो कार्यवाही हुई। लंच के पहले कोर्ट ने कहा कि जैसी बहस हुई है, उस आधार पर संजय सिंह के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है। आप इस पर निर्देश लेकर आएं और बताएं कि आप क्या करना चाहते हैं, क्योंकि अगर हमने ऑर्डर में लिख दिया कि इनके खिलाफ कोई केस नहीं बनता है तो ये आपके (ईडी) लिए नुकसानदेह हो सकता है। इस पर ईडी ने कहा कि हमें कोई दिक्कत नहीं है, इन्हें बेल दे दी जाए।

राधिका सिंह ने कहा- बिना किसी सबूत के ऐसे ही हमारे लड़के को पकड़ ले गए। वो बीमार है, पेट में तकलीफ है। हमारा बेटा निर्दोष है, ईमानदार है उसे बेल तो मिलनी ही थी। वैसे तो उसे जेल जाना ही नहीं था, लेकिन जबरदस्ती पकड़ कर ले गए थे। बता दें, दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने 22 मार्च 2021 को नई शराब नीति का ऐलान किया था। उन्होंने कहा कि इस नीति से शराब की दुकानें निजी हाथों में चली जाएंगी। सिसोदिया से जब नई नीति लाने का मकसद पूछा गया तो उन्होंने दो तर्क दिए। पहला- माफिया राज खत्म होगा। दूसरा- सरकारी खजाना बढ़ेगा। 17 नवंबर 2021 को नई शराब नीति 2021-22 लागू कर दी गई। इससे शराब कारोबार से सरकार से बाहर हो गई और ये बिजनेस निजी हाथों में चला गया। कई बड़े डिस्काउंट देने से शराब की जमकर बिक्री हुई। इससे सरकारी खजाना तो बढ़ा, लेकिन इस नई नीति का विरोध होने लगा।

आठ जुलाई 2022 को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने नई शराब नीति में घोटाला होने का आरोप लगाया। उन्होंने इससे जुड़ी एक रिपोर्ट एलजी वीके सक्सेना को रिपोर्ट सौंपी। इसमें बताया गया कि सिसोदिया ने लाइसेंसधारी शराब कारोबारियों को अनुचित लाभ पहुंचाया। उधर, एलजी ने भी कहा है कि उनकी और कैबिनेट की मंजूरी के बिना ही शराब नीति में बदलाव कर दिए। एलजी सक्सेना ने मुख्य सचिव की रिपोर्ट के आधार पर सीबीआइ जांच की मांग की। 17 अगस्त 2022 को जांच एजेंसी ने केस दर्ज किया। इसमें मनीष सिसोदिया, तीन रिटायर्ड सरकारी अफसर, नौ बिजनेसमैन और दो कंपनियों को आरोपी बनाया गया। सभी पर भ्रष्टाचार से जुड़ी धाराओं के तहत केस दर्ज किया।

19 अगस्त को सिसोदिया के घर और दफ्तर समेत सात राज्यों के 31 ठिकानों पर छापेमारी की। इस पर सिसोदिया ने दावा किया कि सीबीआइ को कुछ नहीं मिला। इधर, 22 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीबीआइ से मामले की जानकारी लेकर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर लिया था।

सिसोदिया के पास एक्साइज डिपार्टमेंट था, इसलिए उन्हें कथित तौर पर इस घोटाले का मुख्य आरोपी बनाया गया। कई बार पूछताछ के बाद जांच एजेंसी ने 26 फरवरी को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल वे जेल में हैं।

संजय सिंह का नाम कथित शराब घोटाले में ईडी की चार्जशीट में सामने आया था। ये चार्जशीट 2022 में दायर की गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक कथित शराब घोटाला मामले में अभियुक्त से गवाह बने दिनेश अरोड़ा के बयान के बाद संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई। दिनेश अरोड़ा, दिल्ली के चर्चित रेस्तरां कारोबारी हैं। वे नेशनल रेस्टॉरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्य भी हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि दिनेश अरोड़ा ने ईडी को बताया कि संजय सिंह के कहने पर उन्होंने मनीष सिसोदिया को 82 लाख रुपये दिए, जिसका इस्तेमाल दिल्ली विधानसभा चुनावों में किया गया था।



### संजय सिंह पर 82 लाख रुपये का चंदा लेने का जिक्र था

ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपये का चंदा लेने का जिक्र है। इसको लेकर ही चार अक्टूबर को ईडी उनके घर पहुंची थी और उनसे 10 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली शराब नीति केस में ईडी की दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दो मई को जारी की गई थी। जिसमें आप सांसद राघव चड्ढा का भी नाम सामने आया था। हालांकि उन्हें आरोपी नहीं बनाया। संजय सिंह की मां राधिका सिंह ने कहा- मंगलवार सुबह संजय से मिले थे, लेकिन इस बारे में (जमानत) कुछ नहीं बताया। भगवान ने हमारी सुन ली। उस दिन के बारे में मत पूछिए जब हमारा लड़का हमारे सामने गया, हम बहुत रोए हैं, जो ईमानदार रहता है उसकी भगवान कभी ना कभी सुनते हैं।

## छत्तीसगढ़ मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर, फायरिंग जारी

**एजेंसी।** बीजापुर

**छत्तीसगढ़** के बीजापुर में जवानों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया। इनके शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ में नक्सल कमांडर पापाराव के मारे जाने की खबर है। हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अभी इलाके में सर्चिंग और रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। इसके अलावा एके-47, एलएमजी जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी मिले हैं। सूचना मिली थी कि कोरचोली और लेंड्रा के जंगल में भारी संख्या में गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सली मौजूद हैं। इस पर बीजापुर से डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा, बस्तर फाइटर्स, बस्तरिया बटालियन और सीएएफ के जवानों को सोमवार रात संयुक्त ऑपरेशन पर रवाना किया गया था।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर में कहा कि नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। अभी मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। नक्सलियों के पास एलएमजी जैसे हथियारों का होना चिंता का विषय है। उनके पास ये आ कहां से रहे हैं। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे जवान जब गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सलियों के कोर इलाके में पहुंचे तो मुठभेड़ हो गई। नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी। इस पर जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। करीब सात घंटे से मुठभेड़ जारी है।

सुबह करीब 45 से 50 मिनट तक दोनों ओर से फायरिंग हुई। इसके



### एके-47, एलएमजी जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी मिले

बाद फायरिंग रुकी तो जवानों ने सर्चिंग शुरू की, लेकिन बताया जा रहा है कि नक्सली अभी भी वहां मौजूद हैं। सुबह जवानों ने चार नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए थे।

दोपहर तक चार और नक्सलियों के शव मिले हैं। इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस घटना के साथ, इस साल अब तक बीजापुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में अलग-अलग मुठभेड़ों में 37 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर जिला बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आता है, जहां 19 अप्रैल को आम चुनाव के पहले चरण का मतदान होगा। बस्तर में नक्सलियों का टीसीओसी महीना चल रहा है। नक्सलियों के इस महीने में फोर्स हावी है। पिछले 7 दिनों के अंदर कुल 17 माओवादियों को ढेर किया गया है, जिसमें 16 नक्सली बीजापुर और एक को सुकमा में मारा गया है।

## बीते वित्त वर्ष में आईपीओ से 62000 करोड़ जुटाए गए

**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 76 कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए करीब 62000 करोड़ जुटाए है। यह राशि इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 19 प्रतिशत अधिक है। शेयर बाजारों में तेजी, खुदरा निवेशकों की जोरदार भागीदारी और संस्थागत निवेशकों के मजबूत निवेश की वजह से आईपीओ बाजार में तेजी रही। पैंटोमैथ फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह तेजी जारी रहने की उम्मीद है और आईपीओ के लिए यह एक और शानदार साल रह सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि यह भरोसा घरेलू पूंजी में वृद्धि, बेहतर शासन पद्धतियां, बढ़ती उद्यमशीलता और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के अनुकूल रुख के चलते हैं।

## हरियाणा से इजराइल में नौकरी के लिए रवाना हुए 530 युवा

### 1.37 लाख सैलरी मिलेगी

### सरकार फिर से वेकेंसी निकालेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** से इजराइल के लिए 530 युवाओं का पहला जत्था रवाना हो गया है। इजराइल रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने युवाओं से फोन पर बात की। पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने भी इजराइल जाने वाले युवाओं से संवाद किया। युवाओं ने इस उपलब्धता के लिए सरकार का आभार प्रकट किया। पूर्व सीएम ने कहा कि प्रदेश और देश दोनों का नाम रोशन करते हुए ये युवा वहां काम करेंगे। विदेश जा रहे इन युवकों को 1.37 लाख सैलरी दी जाएगी। सरकार युवाओं को वैध कानूनी तरीके से इजरायल भेज रही है। फर्स्ट फेज की सफलता के बाद अब सरकार सेकेंड फेज में फिर से वेकेंसी निकालेगी। संभावना है कि अब यह वेकेंसी लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद निकाली जाए। जनवरी में सात देशों में 13294 पदों के लिए भारत के युवाओं की डिमांड आई थी। इसके लिए पद, योग्यता और सैलरी सार्वजनिक कर दी गई थी।

हरियाणा के 530 युवा इजराइल जाएंगे। इजराइल में 10 हजार वर्करों की भर्ती प्रक्रिया में 1370 अभ्यर्थियों ने अप्लाई किया था, जिसमें सिर्फ 530 को ही इजराइल का टिकट मिल पाया। इजराइल बिल्डर्स एसोसिएशन की ओर से इनके टिकट की व्यवस्था की गई है। हरियाणा में यह भर्ती अभियान 16 से 20 जनवरी तक रोहतक में आयोजित किया गया था। अब सरकार फिर से हरियाणा कौशल रोजगार निगम के जरिए ऐसी भर्ती निकालने की तैयारी कर रही है।

## देश में फ्री बिजली देने की केजरीवाल की घोषणा के बाद भाजपा भी डरी

# तीसरे टर्म में फ्री बिजली देने का टारगेट : प्रधानमंत्री

**एजेंसी।** रुद्रपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के रुद्रपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार तीसरे टर्म में फ्री बिजली देने की योजना बना रही है। हर घर में सोलर बिजली प्लांट लगाने की भी योजना है। उन्होंने कहा, सरकार की नीयत सही हो, तो नतीजे भी सही आते हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे ने ऐलान किया है कि अगर देश ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुना, तो देश में आग लग जाएगी। 60 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल सत्ता से बाहर क्या रह गए, अब देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चुन-चुनकर साफ कर दो, ऐसे लोगों को मैदान में मत रहने दो भाइयों।



### गुरु नानक जी की पवित्र धरती हमसे छिन गई

दिल्ली के रामलीला मैदान में 31 मार्च को इंडिया ब्लॉक की लोकतंत्र बचाओ महारैली हुई थी। इसमें राहुल गांधी ने कहा था, अगर भाजपा जीती और उन्होंने संविधान को बदल दिया तो इस पूरे देश में आग लगने जा रही है, ये देश नहीं बचेगा। प्रधानमंत्री ने करीब 40 मिनट तक भाषण दिया। उन्होंने कहा, इमरजेंसी की मानसिकता वाली कांग्रेस का भरोसा अब लोकतंत्र पर नहीं बचा है, इसलिए अब वह जनादेश के खिलाफ लोगों को भड़काने में जुट गई है। कांग्रेस, भारत को अस्थिरता की तरफ ले जाना चाहती है, अराजकता में झोंकना चाहती है। कांग्रेस, तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसा धंस गई है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती है।' कांग्रेस ने देश का ऐसा बंटवारा किया कि गुरु नानक जी की पवित्र धरती हमसे छिन गई। दशकों तक हमें अपने गुरु को दूरबीन से देखना पड़ा। अब जाकर भाजपा सरकार ने करतारपुर राहदारी बनाकर, लोगों की जिंदगी आसान की है। यही कांग्रेस है जो घुसपैठियों को बढ़ावा देती है। लेकिन जब भाजपा सीएए के माध्यम से मां भारती में आस्था रखने वालों को भारत की नागरिकता देती है, तो कांग्रेस को सबसे ज्यादा तकलीफ होती है।

### कांग्रेस का भरोसा अब लोकतंत्र पर नहीं बचा

**मोदी** ने कहा, कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे ने ऐलान किया है, अगर देश ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुना तो आग लग जाएगी। 60 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल सत्ता से बाहर क्या रह गए, अब देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं...ऐसे लोगों को चुन-चुन कर साफ कर दो, ऐसे लोगों को मैदान में मत रहने दो भाइयो। इमरजेंसी की मानसिकता वाली कांग्रेस का भरोसा अब लोकतंत्र पर नहीं बचा है। इसलिए अब वह जनादेश के विरुद्ध लोगों को भड़काने में जुट गई है।

### हर भ्रष्ट पर कार्रवाई जारी रहेगी

**पीएम ने कहा-** तमिलनाडु के पास एक कच्चाथीवू द्वीप है। वो द्वीप भारत का हिस्सा था, लेकिन कांग्रेस ने उसको श्रीलंका को दे दिया। कांग्रेस, जिसके नेता देश के टुकड़े करने की बात करते हैं, जो कच्चाथीवू को दे देते हैं, क्या ऐसी कांग्रेस देश की रक्षा कर सकती है? मैं कहता हूं- भ्रष्टाचार हटाओ। वो कहते हैं- भ्रष्टाचारी बचाओ। लेकिन, मोदी इनकी गालियों और धमकियों से डरने वाला नहीं है। हर भ्रष्ट पर कार्रवाई जारी रहेगी। तीसरे टर्म की शुरुआत में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा।

## व्यापार मंडल बल्लभगढ़ की बैठक हुई



**फरीदाबाद।** व्यापार मंडल बल्लभगढ़ की आम सभा की मीटिंग अग्रवाल धर्मशाला चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता उपस्थित हुए। इसी दिन व्यापार मंडल की कार्यकारिणी के चुनाव भी संपन्न हुए, जिसमें चुनाव अधिकारी विजय सिंगला थे। इस चुनाव में भगवान दास गोयल सर्वसम्मति से प्रधान निर्वाचित हुए, महासचिव के पद पर विजय मित्तल चुने गए एवं कोषाध्यक्ष के पद पर सुमित मंगला का निर्वाचन हुआ। सदस्यों ने बाकी कार्यकारिणी को चुनने का अधिकार प्रधान भगवान दास गोयल को दे दिया। इस अवसर पर हेमंत मित्तल, सुरेश मित्तल, वेद प्रकाश मंगला, गिर्राज प्रसाद अग्रवाल, राजेंद्र जैन, तेजभान गुप्ता, नरेश गोयल, कन्हैयालाल गर्ग, चंद्रशेखर गर्ग, भीमसेन चावला, सतपाल भगत इत्यादि बहुत से सदस्यगण उपस्थित थे। निर्वाचन के पश्चात भगवान दास गोयल ने सदस्यों का धन्यवाद किया और आगे अधिक शक्ति से सभी को साथ लेकर कार्य करने की घोषणा की। मुख्य अतिथि नरेंद्र गुप्ता ने व्यापार मंडल के सभी सदस्यों को चंडीगढ़ विधानसभा दिखाने का न्योता दिया और सभी व्यापारियों को देशहित में कार्य करने के लिए आह्वान किया। अंत में रात्रि भोज के बाद सभा समाप्त हुई।

## क्लासिक क्रिकेट क्लब ने टाइटानियम बी को एक विकेट से मात दी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पहली** स्लेजहैमर कैश प्राइज क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी फरीदाबाद के क्रिकेट मैदान पर टाइटानियम बी व क्लासिक क्रिकेट क्लब की टीमों में बीच हुआ। टाइटानियम बी की टीम ने टॉस जीता व पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टाइटानियम बी की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 185 रन बनाए। टाइटानियम बी की तरफ से दीपक नैन व वंश ठाकुर ने पारी की शुरुआत की। दीपक नैन ने सात गेंद में 15 रन बनाए, वहीं वंश ठाकुर ने 28 गेंदों में 31 रन की पारी खेलकर नीरज लैफ्टी व रोहित डोगरा की गेंदों पर आउट होकर पवेलियन लौट गए। दोनों ओपनर्स के पवेलियन लौट जाने के बाद टीम की तरफ से एस अधाना व लाला तंवर बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर आए। एस अधाना ने 32 गेंदों में 50 रन की पारी खेली, वहीं लाला तंवर 23 गेंदों में 37 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उनके आउट होने के बाद टीम की तरफ से काबिल गौतम व लोकेश भाटी बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर आए। काबिल गौतम छह गेंदों में नौ रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए। गौतम के आउट होने के बाद उसकी जगह खेलने के लिए आए सुमित नागर भी बगैर खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। उसकी जगह बल्लेबाजी के लिए आए नागर जसाना 10 गेंदों में 16 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। लोकेश भाटी ने 14 गेंदों में 21 रन बनाए व नाबाद पवेलियन लौटे। क्लासिक क्लब की तरफ से नीरज लैफ्टी ने चार ओवर में 38 रन देकर दो विकेट, रोहन भाटी ने चार ओवर में 34 रन देकर तीन विकेट, मनोज व रोहित डोगरा ने एक-एक विकेट प्राप्त की।




क्लासिक क्रिकेट क्लब की तरफ से सन्नी सिंह व मनोज वाधवा ने पारी की शुरुआत की। सन्नी सिंह ने छह गेंदों में 10 रन व मनोज वाधवा बगैर खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। उनके पवेलियन लौट जाने के बाद टीम की तरफ से अनिल लोहिया व रोहन भाटी खेलने के लिए मैदान पर आए। अनिल लोहिया भी छह गेंदों में एक रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए। रोहन भाटी 57 गेंदों में 125 रन की धुंआधार पारी खेलकर नागर जसाना की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौटे। उनके पवेलियन लौट जाने के बाद सन्नी विराट व लक्की छपराना बल्लेबाजी के लिए मैदान पर आए। वे भी दो रन और 15 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए। उनके पवेलियन लौट जाने के बाद सौरव अरोड़ा व रोहित नासा बल्लेबाजी के लिए मैदान पर आए। सौरव अरोड़ा ने 11 गेंदों में 11 रन व रोहित नासा पांच गेंदों में एक रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए। उनके पवेलियन लौट जाने के बाद नीरज लैफ्टी भी तीन गेंदों में एक रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए। उनके पवेलियन लौट जाने के बाद शिवा व मनोज ने टीम की कमान संभाली। शिवा बगैर कोई रन बनाए नाबाद लौटे, वहीं मनोज चार रन बनाकर नाबाद लौटे। क्लासिक क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाकर एक विकेट से मैच जीत लिया। टाइटानियम बी की तरफ से सुमित नागर ने एक विकेट, ध्रुव सरदाना ने दो विकेट, नागर जसाना ने दो विकेट, उज्ज्वल एन पाराशर ने एक विकेट, गुलशन कुमार ने दो विकेट व लाला तंवर ने एक विकेट प्राप्त किया। रोहन भाटी द्वारा 125 रन बनाने, एस अधाना द्वारा 50 रन बनाने व लाला तंवर द्वारा 37 रन बनाने पर उन्हें बैस्ट बल्लेबाज चुना गया। वहीं रोहन भाटी तीन विकेट, ध्रुव सरदाना द्वारा दो विकेट व नागर जसाना द्वारा दो विकेट लेने पर उन्हें बेहतरीन गेंदबाज की उपाधी से नवाजा गया। क्लासिक क्रिकेट क्लब की टीम की विजय पर टीम मैनजमेंट ने खुशी का इजहार किया। उन्हें खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।

# दुर्घटनाओं में तीसरे नंबर पर फरीदाबाद, हर साल 200 से अधिक लोग गंवाते हैं जान

### लोगों ने बीके अस्पताल में आईसीयू सुविधा की मांग की, जिससे समय पर इलाज मिल सके

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद







**प्रदेश** में दुर्घटनाओं में तीसरे नंबर पर रहने वाली औद्योगिक नगरी फरीदाबाद के सबसे बड़े अस्तपात के निर्माण के सात दशक बाद भी आईसीयू सुविधा नहीं होने से दुर्घटनाओं में हर साल लगभग 225 लोग अपनी जान गंवा देते हैं। दुर्घटना होने के बाद तुरंत मरीज को बीके अस्पताल में लाया जाता है। परंतु यहां पर आईसीयू की सुविधा नहीं होने से उन्हें यहां से दिल्ली व रोहतक शहरों को रेफर कर दिया जाता है। जिससे कई बार सही समय पर इलाज नहीं मिलने पर मरीज अपनी जान गंवा देता है। लोगों को कहना है कि यदि बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा रहे तो अधिकतर को समय पर इलाज मिलने से मौत के मुंह में जाने से बचाया जा सकता है। प्रदेश मे दुर्घटनाओं के मामले औधोगिक नगरी फरीदाबाद में तीसरे नंबर पर हैं। अकेले फरीदाबाद जिले में हर साल 700 के करीब दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में लगभग 225 लोग अपनी जान गंवा देते है। पलवल जिले को मिलाकर यह आंकड़ा काफी बढ़ जाता हैं। वहीं जान गंवाने वाले लोगों की संख्या भी काफी अधिक हो जाती है। लोगों का कहना है कि दुर्घटना होने पर मरीज को सबसे पहले उपचार के लिए फरीदाबाद के बीके अस्पताल में लाया जाता है। वहां से मरीज की हालात को देखते हुए डॉक्टर मरीज को आगे दिल्ली-रोहतक के अस्पतालों में रेफर कर देत हैं। बीके अस्पताल से मरीज को रेफर करने पर दिल्ली व रोहतक तक पहुंचने में मरीज का काफी समय लग जाता है। जिससे खून अधिक बहने व सही समय पर उपचार नहीं होने की वजह से मरीज कई बार तो रास्ते में ही दम तोड़ देता है। लोगों का कहना है कि बार-बार क्षेत्र के सांसद व विधायकों से बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा शुरू करवाने की मांग की है।



**फरीदाबाद** के बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा नहीं है। हर साल फरीदाबाद जिले में करीब 700 दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें से लगभग 225 लोग हर साल दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। इनकी मौत की मुख्य वजह समय पर इलाज नहीं मिलना व अधिक खून बहना होता है।

**-सर्वेश कुमार**



**फरीदाबाद**-पलवल में हर साल सैकडों लोग दुर्घटनाओं में सही समय पर इलाज नहीं मिलने पर अपनी जान गंवा देते हैं। फरीदाबाद में तुरंत आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे मरीजों को तुरंत इलाज हो सकें। वहीं दुर्घटना में हर साल मरने वालों की संख्या में कमी आए।

**-सुरेंद्र कुमार**



**फरीदाबाद** जिले में ही हर साल दुर्घटना में सैकड़ों मरीज अपनी जान गंवा देते है। इसका मुख्य कारण उनको समय पर इलाज नहीं मिलना होता है। बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा होगी तो मरीज को आगे रेफर करने से छुटकारा मिलेगा। जिससे मरीज को समय पर इलाज मिलेगा।

**-मनोज कुमार**



**फरीदाबाद**-पलवल जिलों में हर साल सैकड़ों दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में लोग समय पर इलाज नहीं मिलने अपनी जान गंवाते हैं। यदि बीके अस्पातल में आईसीयू की सुविधा हो तो दुर्घटना होने पर मरीज को फौरन इलाज मिल सकेगा।

**-रामकुमार डागर।**

## भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद का अधिवेशन संपन्न, नई टीम का गठन

**फरीदाबाद।** भारतीय मजदूर संघ, फरीदाबाद का अधिवेशन संघ के विभाग कार्यालय फरीदाबाद में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष विरेन्द्र शर्मा ने की। प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदेश मंत्री मधु के गौरवमयी सानिध्य में उक्त अधिवेशन सार्थक चिंतन-मनन एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। संघ गीत के बाद ध्वजारोहण आरसी कटोच जिला अध्यक्ष ने किया। प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश उपाध्यक्ष ने माल्यार्पण और दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत श्रीगणेश किया। सेक्टर 19 स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्यालय में आयोजित भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद के अधिवेशन में जिला मंत्री नीरज त्यागी ने मंच संचालन किया। जिला मंत्री ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात जिला कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार की अनुपस्थिति में आरसी कटोच ने वित्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद जिला अध्यक्ष ने पुरानी कार्यकारिणी भंग कर के वीरेंद्र शर्मा से जिला की नई टीम के गठन का अनुरोध किया। जिसमें नीरज मावी को जिला अध्यक्ष, रेखा को उपाध्यक्ष, शैलेश चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## हवन यज्ञ के साथ शुरू हुआ प्रवेश उत्सव



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**राजकीय** शहीद मंगली राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल घोड़ी के प्रांगण में नया सत्र का दूसरा दिन प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में वैदिक हवन यज्ञ के आयोजन के उपरांत वैदिक प्रवचन किया गया तथा ओमवीर सिंह सहरावत प्रिंसिपल ने यजमान की भूमिका निभाई।

पलवल केंद्रीय आर्यसभा के अध्यक्ष वैदिक विद्वान मदन मोहन आर्य ने यज्ञ ब्रह्मा की भूमिका निभाई। विद्यालय में छात्र-छात्राओं को पहुंचने पर चंदन का टीका एवं माला पहनाकर स्वागत किया तथा हवन में आहुति विद्यालय के प्रांगण में वेद मंत्र द्वारा दिलवाई गई। यज्ञ उपरांत विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं व छात्र-छात्राओं द्वारा गांव की गली मोहल्ले में रैली निकालकर घर-घर जाकर अभिभावकों और बच्चों को विद्यालय में दाखिला दिलाने और आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ओमवीर सहरावत प्रिंसिपल, योगाचार्य गुरमेशसिंह, राम सिंह प्रवक्ता, राघवेंद्र प्रवक्ता, मुकेश प्रवक्ता, शिवकुमार शास्त्री, अमित कुमार, प्रताप जाखड़, मनोज अंकित, पदम सिंह, पवन कुमार, केशव, राजकुमार, सरजू बाला, गीता, अमृता, लीना, जगवंती आदि सभी विशेष रूप से उपस्थित रहे। गांव के मौजूद गिरिराज, सूबेदार हरि सिंह आदि अनेक लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

## क्रांतिकारी मजदूर मोर्चा संगठन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में क्रांतिकारी मजदूर मोर्चा संगठन के कार्यकर्ता द्वारा प्रदर्शन किया और कंपनियों में मजदूरों की अनहोनी में मृत्यु हो जाने पर मुआवजा के लिए जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। क्रांतिकारी मजदूर मोर्चा के महासचिव सत्यवीर सिंह का कहना है कि प्रदर्शन में लगभग 30 से 40 लोग मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि दिन मजदूर के हितों को लेकर संगठन आवाज उठाता रहता है। जिला उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि कुछ समय पहले ही धारूहेड़ा में बॉयलर फटने से 14 मजदूरों की मौत हो गई थीं। मांग की गई कि कंपिनयों और फैक्ट्रियों में अनहोनी को रोकने के लिए इंतजाम किए जाए। मांग की गई कि बॉयलर फटने से हुए हादसे के मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाए। क्रांतिकारी मजदूर मोर्चा के कार्यकर्ता नरेश का कहना है कि फरीदाबाद के अलग-अलग कार्यालय में तमाम मजदूर काम करते हैं। जिसमें से कई मजबूर डीसी कार्यालय पर पहुंचे हैं। यह प्रदर्शन इसलिए किया गया, क्योंकि धारूहेड़ा में बॉयलर फटा, जिसमें से दो मजदूर मारे गए और अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए, उनको मुआवजा दिया जाए। साथ ही जो धारूहेड़ा में हालात हुए, वही हालात फरीदाबाद में भी कई कंपनियों में देखने को मिलते हैं। जिसमें मजदूरों के लिए कोई व्यवस्था नहीं होती। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही फरीदाबाद में भी एक कंपनी मे आग लग गई थी, जिसमें कई मजदूर घायल हुए थे, उनको भी मुआवजा नहीं मिला है।



## एक सेहतमंद व्यक्ति ही लक्ष्य को प्राप्त करता है : राजेश नागर

### विधायक राजेश नागर ने निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**तिगांव** के राजकीय प्राइमरी स्कूल में एकॉर्ड अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने किया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि एक सेहतमंद व्यक्ति ही अपने जीवन में तय किए लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है क्योंकि बीमारी और रोगी व्यक्ति अपनी संपूर्ण क्षमता के साथ काम नहीं कर पाता है। लेकिन जो व्यक्ति पूरी तरह से स्वस्थ होता है कि वह योजनाओं को बना भी सकता है और उन्हें लागू भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि सेहत को अपनी प्राथमिकता में शामिल करें और कोई भी परेशानी महसूस होने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से जांच करवाएं, जिससे समय रहते बीमारी को पकड़कर उसका निदान किया जा सके। नागर ने लोगों से अपील की कि वह खुद को स्वस्थ रखने के लिए प्रात: टहलने का नियम बनाएं और अच्छा भोजन करें। शिविर में पेट, आंतों, लिवर रोगों, दिमाग और स्पाइन रोगों, श्वास रोग, महिला रोगों की निशुल्क जांच की गई वहीं बीपी, सुगर, ईसीजी, हीमोग्लोबिन, हेपेटाइटिस बी एवं सी की भी जांच की गई। इस अवसर पर डॉ आरसी सोनी, तिगांव के सरपंच विक्रम प्रताप नागर, अमन नागर, अजय पाल, खलीफा धर्मवीर, सतराम नागर, विनोद भड़ाना, पवन बीडीसी, जगदीश मैंबर, राजकुमार मेंबर, दुष्यंत पंडित, पहलवानजी, सुनील बीडीसी, ईश्वर यादव, नरेश मेंबर आदि अनेक लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सेवा करने के लिए भी व्यक्ति का स्वस्थ होना जरूरी : स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सूरजकुंड** रोड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम श्री सिद्धदाता आश्रम में एस्कॉर्ट फोर्टिस अस्पताल के सहयोग से विशाल निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन आश्रम के अधिष्ठाता जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने अस्पताल की टीम के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यदि हम स्वस्थ होंगे तो अपनी समाज के प्रति, परिवार के प्रति जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन कर सकेंगे। इसके साथ साथ हम अपने होने का भी अर्थ समझ पाएंगे। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही भगवान का नाम ले सकता है, सेवा कर सकता है और पुण्य कमा सकता है। एक बीमार व्यक्ति यह सब करने में समर्थ नहीं होता है। गुरुजी ने कहा कि एस्कॉर्ट फोर्टिस अस्पताल प्रबंधन के द्वारा आश्रम में चिकित्सा जांच शिविर लगाकर पुण्य अर्जन किया है।

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा मन्जू पुत्री श्री लखन लाल निवासी पी.जे.-139, एस.जी.एम. नगर, फरीदाबाद दिनांक 24.08.2023 को घर से कुछ सामान लेने बाजार गई थी, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, कद 5 फुट बा उम्र 19 साल है, जिसने पीले रंग का सूट व पैरों में सेंडल पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 379 दिनांक 25.08.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना : 9582200130**
**आई.ओ. : 9582200085**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा कमल मदान पति पूनम मदान निवासी मकान नम्बर 1429, सैनिक कॉलोनी, थाना डबुआ, जिला फरीदाबाद दिनांक 17.02.2024 को बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चला गया है, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, मजबूत हष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट 3 इंच बा उम्र 43 साल है, जिसने काले रंग की टी-शर्ट व क्रीम रंग की जीन्स और पैरों में जूते पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 58 दिनांक 20.02.2024 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा आदमी के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना डबुआ, फरीदाबाद : 9582200161**
**चौकी इन्चार्ज सैनिक कॉलोनी, फरीदाबाद : 9582200155**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा नवीन चौपड़ा पुत्र मनोहर लाल चौपड़ा निवासी मकान नम्बर 2410, फर्स्ट फ्लोर, सेक्टर 08, फरीदाबाद दिनांक 24.01.2024 को अपने घर से दिल्ली सदर बाजार जाने के लिए निकला था, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, मजबूत शरीर, कद 5 फुट 6 इंच बा उम्र 54 साल है, जिसने हरे रंग की जैकेट व काली जीन्स और पैरों में जूते पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 51 दिनांक 26.01.2024 धारा 346 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा आदमी के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर 08, फरीदाबाद : 9582200134**
**प्रभारी पुलिस चौकी सेक्टर 08, फरीदाबाद : 9582200328**
**पुलिस नियंत्रण कक्ष : 100, 9999150000**
**मुदई : 9205957950**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा विजय चौधरी पति सुनीता निवासी मकान नम्बर डी.जेड.-304, पटेल नगर, नियर दुर्गा मन्दिर, सेक्टर 04, फरीदाबाद दिनांक 15.02.2024 को अपने घर से कहा-सुनी करके बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चला गया है, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, मजबूत शरीर, कद 5 फुट 4 इंच बा उम्र 51 साल है, जिसने सफेद रंग की टी-शर्ट व नीले रंग की पेन्ट और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 121 दिनांक 03.03.2024 धारा 346 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा आदमी के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर 08, फरीदाबाद : 9582200134**
**प्रभारी पुलिस चौकी सेक्टर 08, फरीदाबाद : 9582200328**
**पुलिस नियंत्रण कक्ष : 100, 9999150000**
**मुदई : 9990776021**

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




**यहीं सब छूट जाना है कमाओ चाहे जितना धन**
**ज़मीं पर ही धरे रह जाएंगे सब मोह के बंधन**
**अदालत की लगी फटकार तो पलभर में बाबाजी**
**खड़े होकर वहीं करने लगे इकदम से पलटासन**

## रोजगार के लिए स्कूली स्तर से ही कौशल शिक्षा जरूरी

### मॉडल के रूप में उभरा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्थापित देश का पहला इनोवेटिव स्किल स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**श्री विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि विद्यार्थियों को स्कूली स्तर पर कौशल शिक्षा प्रदान करना अत्यंत जरूरी है। कौशल में विद्यार्थियों की बुनियाद मजबूत कर हम उन्हें वैश्विक स्पर्धा के लिए तैयार कर सकते हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने इसी उद्देश्य से देश के पहले इनोवेटिव स्किल स्कूल की स्थापना की है। वह श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए बोल रहे थे।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने कौशल के क्षेत्र में युवाओं की बढ़ती मांग और वैश्विक स्पर्धा को देखते हुए देश में यह अपनी तरह का पहला इनोवेटिव स्किल स्कूल स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि कन्वेंशनल शिक्षा का दौर अब पीछे छूट रहा है। अब इनोवेटिव और स्किल आधारित शिक्षा का दौर है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल इसका मॉडल है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि हमारा यह मॉडल हर तरह से सफल रहा है। हमने बच्चों को नौंवी कक्षा से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, हेल्थ केयर, ऑटोमोटिव, ब्यूटी और वैलनेस, फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर, इलेक्ट्रिकल टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी, मल्टी स्किल फाउंडेशन और फूड प्रोडक्शन जैसे विषय पढ़ाने शुरू किए हैं। यह सभी विषय करियर ओरिएंटेड हैं और विद्यार्थी इन्हें दिलचस्पी के साथ पढ़ और सीख रहे हैं। पिछले साल के परीक्षा परिणाम में कई बच्चों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर इसका सुखद प्रमाण प्रस्तुत किया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत लागू किए गए यह विषय विद्यार्थियों के लिए काफी मुफीद साबित हो रहे हैं। यह इनोवेटिव सब्जेक्ट पढ़ कर विद्यार्थी जब ग्रेजुएशन स्तर पर पहुंचेंगे, उस समय वह अन्य सामान्य विद्यार्थियों की अपेक्षा काफी पारंगत हो चुके होंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि इस क्षेत्र में देश का पहला कौशल विश्वविद्यालय स्थापित होने का यह अनुपम लाभ स्कूली विद्यार्थियों को भी मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह देश का पहला इनोवेटिव स्किल स्कूल लोकप्रिय हो रहा है। गत वर्ष सभी कक्षाओं में शत प्रतिशत परिणाम लाने पर कुलपति डॉ. राज नेहरू ने प्राचार्य डॉ. जलबीर सिंह की सराहना की। प्राचार्य डॉ. जलबीर सिंह ने कहा कि हमने विद्यालय में साइंस लैब, कंप्यूटर लैब से लेकर स्किल लैब स्थापित की हैं। इस अवसर पर सभी का धन्यवाद किया।

## क्षतिपूर्ति के लिए किसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर करें रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिला** उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला के किसानों से आह्वान किया है कि वे ओलावृष्टि और बारिश की वजह से नष्ट हुई फसलों का ब्यौरा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर छह अप्रैल 2024 तक अवश्य दर्ज करवाएं, ताकि जल्द से जल्द मुआवजा दिया जा सके। ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला जा चुका है और यह पोर्टल 06 अप्रैल तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि किसान इस संबंध में अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि जिन किसानों की रबी की फसल को 29-30 मार्च को हुई बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है वे ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अवश्य पंजीकरण करवाएं। उपायुक्त ने कहा कि नुकसान के आंकलन करने के लिए विशेष टीमों का गठन भी किया गया है ।

## धतीर में हो रहे अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिला** नगर योजनाकार पलवल द्वारा गांव धतीर में मिंडकौला रोड पर अवैध निर्माण को ढहाया गया। यहां लगभग एक एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में 200 मीटर रोड नेटवर्क और दो डीपीसी को तोड़ने के लिए सरकार के आदेश के नियमानुसार, जिला प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कंट्रोल क्षेत्र अधिनियम 1963 के तहत की गई है। तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं फील्ड स्टाफ व पुलिस बल मौजूद थे।

तोड़फोड़ की इस कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार, पलवल नरेंद्र नैन ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जायेगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पुरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि सभी अवैध कॉलोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं।

उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट न खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें, क्योंकि अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है।

कोई भी अवैध कॉलोनी में निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कॉलोनी में निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। इस बारे में विस्तृत जानकारी के लिए जिला नगर योजनाकार, पलवल, प्रथम तल, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कांप्लैक्स, सेक्टर-12 पलवल में संपर्क करें।

# पलवल की मंडियों में नहीं हुई गेहूं की सरकारी खरीद, किसान परेशान

### पलवल जिले में दस मंडियों में की जाती है गेहूं की सरकारी खरीद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिले** में मंडियों में पहले व दूसरे दिन गेहूं का एक दाना भी नहीं खरीदा गया। गेहूं की खरीद न होने का कारण पाई जाने वाली नमी को बताया गया। पलवल, हसनपुर, खांबी मंडी में गेट पास काटे गए, परंतु नमी के कारण फसल नहीं बिकी, जबकि हथीन मंडी में खरीद एजेंसी ही खरीद करने के लिए नहीं पहुंची। खरीद न होने के किसान परेशान दिखाई दिए। किसानों का कहना था कि कड़ी मशक्त के बाद वह फसल लेकर पहुंचे। खरीद न होने से उन्हें अब परेशानी उठानी पड़ेगी।

दरअसल, जिले के अंदर मुख्य रूप से 10 मंडियों में खरीदारी की जाती है, जिनमें पलवल, होडल, हसनपुर, हथीन, खांबी, दीघोट, बड़ौली, चांदहट, धतीर व मंडकौला मंडियां शामिल हैं।

मार्केट कमेटी की मानें तो सभी मंडियों में सफाई से लेकर अन्य इंतजाम पूरे हैं। सोमवार से खरीद होनी थी। पलवल मंडी में वेयरहाउस, हसनपुर में फूड एंड सप्लाई, खांबी में हैफेट व बड़ौली मंडी में हरियाणा वेयरहाउस द्वारा खरीद की जानी थी।

पलवल मंडी में छह गेट पास काटे गए, जिसमें 205 क्विंटल गेहूं पहुंचा। इसी प्रकार हसनपुर में चार गेट पास के जरिये 295 क्विंटल गेहूं पहुंचा, जबकि खांबी में पांच गेट पास काटे गए, जिनके तहत 242 क्विंटल गेहूं पहुंचा, परंतु किसी भी मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू नहीं हो पाई। गेहूं खरीद न होने का कारण फसल में नमी का होना बताया गया। अधिकारियों ने मशीन के जरिये फसल की जांच की और नमी के कारण फसल नहीं खरीदी।


**हथीन मंडी में नहीं पहुंची खरीद एजेंसी :** जानकारी के अनुसार हथीन अनाज मंडी में खरीद के लिए गेहूं की फसल पहुंची, परंतु मंडी में कोई खरीद एजेंसी नहीं पहुंची, जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ी। किसान जयसिंह, रमेश, कल्याण आदि का कहना था कि किसान किराये का वाहन ले जाकर मंडी में फसल पहुंचाते हैं, परंतु एजेंसी के न पहुंचने से उन्हें परेशानी होती है।

> **मैं** पलवल मंडी में एक ट्रॉली गेहूं लेकर पहुंचा हूं, परंतु यहां एजेंसी ने गेहूं में नमी बता दी। अब उसे फसल सूखने तक मंडी में ही रुकना पड़ेगा।
>
> **- मुकंदी लाल ककराली, किसान**

> **गेहूं** की खरीद को लेकर मार्केट कमेटी द्वारा बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था के इंतजाम हैं। किसानों से अपील है कि गेहूं की फसल को काटकर सुखाकर मंडी में लेकर आएं। मंडी में आने वाले किसानों के गेट पास काटे जा रहे हैं। किसानों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाई गई है।
>
> **- मनदीप सिंह, सचिव, मार्केट कमेटी पलवल**

## सट्टा लगाने की सूचना पर रेड करने पहुंची पुलिस पर पथराव

### तीन पुलिस कर्मी घायल



**फरीदाबाद।** बड़खल गांव में सोमवार रात क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम सट्टा खेलने और खिलाने की सूचना मिलने के बाद छापेमारी करने के लिए पहुंची थी। इस दौरान टीम को आता देख सभी सटोरी मौके से फरार हो गए। जिसके बाद टीम ने उनकी तलाश शुरू की तो वहां मौजूद महिला-पुरुषों ने टीम पर पथराव कर दिया, इस दौरान क्राइम ब्रांच टीम की गाड़ी का शीशा टूट गया और तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए।

क्राइम ब्रांच इंचार्ज नवीन ने बताया कि उन्हें सूचना थी कि बड़खल के रहने वाले अख्तर के घर में आईपीएल मैच को लेकर सट्टा लगाया जा रहा है, जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम रात लगभग 10 बजे जब वहां पर छापेमारी करने पहुंची, तब क्राइम ब्रांच की टीम को आता देख सट्टा खेलने वाले सभी सटोरी मौका पाकर फरार हो गए।

उनकी तलाश में जब क्राइम ब्रांच की टीम ने आसपास के घरों की तलाशी लेने शुरू की तो वहां पर मौजूद महिलाओं व पुरुषों ने उन पर पथराव कर दिया, जिसके चलते क्राइम ब्रांच की गाड़ी का शीशा टूट गया। वहीं, तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इस मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 के इंचार्ज नवीन ने बताया कि उनकी टीम पर हुए पथराव में क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 से हेड कांस्टेबल सहदेव और संदीप घायल हुए हैं। वहीं, इस घटना की सूचना मिलने के बाद चौकी इंचार्ज विनोद के साथ मौके पर पहुंचे, हेड कांस्टेबल राकेश को भी चोट आई हैं। तीनों घायल जवानों का बादशाह खान सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार और मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

पुलिस चौकी अंखीर के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर विनोद ने बताया कि जैसे ही क्राइम ब्रांच पर हमले की सूचना मिली तो वह मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंचे और भीड़ को काबू करने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया।

## सीबीआई अधिकारी बनकर ठगी का प्रयास

### सूझबूझ से बचे आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीबीआई** का फर्जी अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एक सोसाइटी के पूर्व प्रधान को डिजिटली अरेस्ट कर अपना शिकार बनाना चाहा। आरोपियों ने उन्हें आरबीआई और सीबीआई के फर्जी आदेश भी भेजे। मामला वास्तविक दिखाने के लिए आरोपी पुलिस की वर्दी में वीडियो कॉल कर रहे थे। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद भी आरोपी अपनी चाल में कामयाब नहीं हो पाए। ठगों ने जैसे ही खातों में पैसे भेजने की बात कही आरडब्लूए के पूर्व प्रधान ने मामले को पकड़ लिया और फोन बंद कर दिया।

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित ओजोन पार्क सोसाइटी के पूर्व प्रधान पवन शर्मा ने बताया वह एक निजी कंपनी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। सोमवार को उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद का मुंबई क्रइम ब्रांच का अधिकारी बताया और कहा आपके नाम से एक पार्सल ताइवान भेजा जा रहा है। इसमें नशीला पदार्थ है। कुछ देर बाद उसने कॉल ट्रांसफर कर दी।

दूसरे युवक ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा आरबीआई से पता लगा आपके आधार कार्ड से कई खाते खुले हुए हैं। इनमें हवाला और नशीले पदार्थ की तस्करी का पैसा आता है। पवन के मना करने पर आरोपी ने वीडियो कॉल की, जिसमें वह पुलिस की वर्दी में बैठा हुआ था। विश्वास जमाने के लिए ठग ने पवन के मोबाइल पर आरबीआई और सीबीआई की मोहर लगे दस्तावेज भी भेजे।

ठग ने कहा वह मदद कर सकता है। अपने खाते से 96 प्रतिशत पैसे उनके बताए खाते में भेज दो। जांच में सबकुछ सही मिला तो वह 30 मिनट बाद पैसे वापस भेज देंगे। पैसे भेजने की बात पर पवन शर्मा को ठग पर शक हो गया। उन्होंने तुरंत फोन स्विच ऑफ कर दिया और साइबर थाना सेंट्रल पहुंचे। यहां जांच में पता लगा मामला पूरा फर्जी है। पुलिस ने ठगों के मोबाइल नंबर को बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

> **साइबर** ठगी के मामलों में जागरूकता ही बचाव है। सूझबूझ से बड़ी ठगी होने से बची है, ये अच्छी बात है। लोगों को विवेक से काम लेना चाहिए। किसी भी तरह की जानकारी लेने के लिए साइबर थाना व लोकल थाना पुलिस हमेशा हाजिर है। जागरूकता अभियान से कई लोग ठगी का शिकार होने से बचे हैं। इस अभियान को लगातार जारी रखा जा रहा है।
>
> **- अभिमन्यू गोयत- एसीपी साइबर अपराध**

## ऑपरेशन आक्रमण के तहत 52 केस दर्ज, 87 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**चुनावी** माहौल में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीजीपी शत्रुजीत कपूर के निर्देश पर पुलिस ने रविवार को ऑपरेशन आक्रमण चलाया। इसके तहत शहर, कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर नाकाबंदी व चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस की 132 टीमों ने मादक पदार्थ तस्करों एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी।

अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थानों में 52 मामले दर्ज कर 87 आरोपियों को काबू किया। इसमें आबकारी अधिनियम के तहत 19 केस दर्ज कर 860 बोतल शराब और 444 बोतल बीयर बरामद की गई। जुआ अधिनियम के तहत 15 मामले दर्ज कर 50040 रुपये, एक लैपटॉप और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। अवैध हथियार के सात मामले दर्ज कर छह देसी कट्टे, एक कारतूस तथा एक चाकू बरामद किया गया। एनडीपीएस के केस दर्ज कर 764 ग्राम गांजा बरामद किया। इसके अलावा 13 भगोड़े व 3 बेल जंपर गिरफ्तार किए गए। अभियान के दौरान धोखाधड़ी के तीन मामलों में 2,81,100 रुपये तथा तीन मोटरसाइकिल बरामद की गईं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया ऑपरेशन आक्रमण के दौरान पुलिस ने सीमावर्ती राज्यों उत्तर प्रदेश और दिल्ली की ओर से प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन व व्यक्ति की बारीकी से जांच की। बिना लेन ड्राइविंग करने वाले 129 वाहन चालकों के चालान किए गए। शहर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध मार्गों पर विशेष रूप से नाकाबंदी, चेकिंग व पैदल गश्त कर पुलिस ने उपस्थिति दर्ज करवाई। पुलिस ने लोगों से अपील की है वह नशा तस्करों की सूचना 9050891508 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

## सोती हुई पत्नी पर चाकू से किया हमला

**पलवल।** घर में सो रही पत्नी पर पति ने चाकू से हमला कर दिया। शोर मचाने पर उसकी बेटी बचाने आई तो उसको भी घायल कर दिया। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है, महिला का अस्पताल में उपचार चल रहा है। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार, कैलाश नगर पलवल निवासी मुकेश पत्नी यशवीर ने दी शिकायत में कहा है कि वह प्राइवेट नौकरी करती है। पीड़िता रात्रि के समय अपने घर में सोई हुई थी, सुबह करीब पांच बजे अचानक उसका पति आया और चाकू से उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी पति ने उसके मुंह व शरीर पर काफी चोटें मारीं। पीड़िता की चीख सुनकर जब उसकी बेटी पायल उसे बचाने के लिए आई तो आरोपी ने बेटी पर भी हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उसका पति शराब पीने का आदी है। घायल अवस्था में दोनों मां-बेटी उपचार के लिए अस्पताल पहुंची और अपना उपचार कराया।

## एक्सप्रेसवे व राजमार्ग पर सफर नहीं होगा महंगा, बढ़ीं टोल दरें लागू नहीं

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**चारों** ओर से टोल प्लाजा से घिरे पलवल जिले के लिए राहत भरी खबर है। एक अप्रैल से बढ़ाई जाने वाली टोल दरों पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रोक लगा दी है। अब पुरानी दरों पर ही वाहन चालक राष्ट्रीय राजमार्ग का सफर कर सकेंगे। टोल दरें न बढ़ाने का कारण आगामी लोकसभा आम चुनाव को लेकर लगी आदर्श आचार संहिता को बताया जा रहा है। टोल दरें न बढ़ने पर लोगों ने खुशी जाहिर की है। लोगों का कहना है कि टोल दरें न बढ़ने से महंगाई से निजात मिलेगी। बसों के किराये, सामान ढुलाई सहित बाजारों में सामान की दरें भी नहीं बढ़ाई जाएंगी।

दरअसल, पलवल जिले के अंदर चार टोल प्लाजा पड़ते हैं। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर गदपुरी व करमन टोल प्लाजा, केजीपी एक्सप्रेस वे पर छज्जू नगर टोल प्लाजा तथा केएमपी एक्सप्रेस पर रतिपुर टोल प्लाजा शामिल हैं। पलवल से सभी दिशाओं में जाने पर वाहन चालकों को टोल देना पड़ता हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कई दिन पहले सभी टोल प्लाजा पर टोल दरें बढ़ाने के निर्देश दिए थे। बढ़ी हुईं टोल दरें भी निर्धारित कर दी गई थीं। राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल पर पांच से 10 प्रतिशत तथा केजीपी-केएमपी एक्सप्रेस पर ढाई से पांच प्रतिशत टोल दरें बढ़ाई जानी थीं। बढ़ी दरें 31 मार्च/एक अप्रैल की मध्य रात्रि 12 बजे से लागू होनी थीं, परंतु राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुख्यालय ने रविवार देर सांय टोल टैक्स नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय का आदेश सभी परियोजना निदेशकों को जारी कर दिया है। अब वर्ष 2023 की टोल दरें से ही वाहन चालकों से वसूली की जाएगी।

### केएमपी एक्सप्रेस वे पर भी नहीं बढ़ाई दरें

**जिले** के अंदर गदपुरी, करमन व केजीपी एक्सप्रेस स्थित छज्जू नगर टोल प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत आते हैं, जबकि केएमपी एक्सप्रेस वे पर स्थित रतिपुर टोल प्लाजा हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) के अंतर्गत आता है। एनएचएआई द्वारा टोल दरों को बढ़ाने का निर्णय वापस लेने के बाद एचएसआईआईडीसी ने भी टोल दरें बढ़ाने का निर्णय वापस ले लिया।

### महंगाई से मिलेगी निजात, लोगों ने जताई खुशी

**टोल** दरें न बढ़ाने से लोगों में खुशी है। टोल दरें न बढ़ाने व्यापारियों को राहत मिलेगी, क्योंकि टोल न बढ़ने से वाहन चालक किराया नहीं बढ़ाएंगे। इससे माल के पहुंचने पर लागत कम आएगी, जिसका सीधा फायदा लोगों को मिलेगा। सवारी वाहनों का भी किराया टोल प्लाजा के नाम पर नहीं बढ़ेगा। आम जनता की जेब पर भी अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा।

**- प्रवीण गर्ग, प्रदेश संगठन मंत्री, हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल**

> **एक** अप्रैल से टोल दरें पांच से 10 प्रतिशत बढ़ाई जानी थीं, परंतु एनएचएआई द्वारा निर्देश प्राप्त हुए हैं कि टोल दरें अभी नहीं बढ़ाई जानी हैं। निर्देशों के आधार पर पुरानी दरें की लागू हैं। आगामी निर्देशों तक दरें नहीं बढ़ाई जाएंगी।
>
> **- अनिल कुमार, प्रबंधक, गदपुरी टोल प्लाजा**

## युवती पर जबरन शादी करने का बनाया दबाव

### पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, जल्द गिरफ्तार करने का दावा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हथियार** के बल पर युवती को डरा-धमका कर जबरन शादी करने तथा शादी से मना करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। सदर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सदर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने दी शिकायत में कहा है कि भिड़की गांव निवासी दीपक नामक युवक उसे देसी पिस्तौल दिखाकर डराता है। आरोपी ने हथियार के बल पर उसकी दसवीं कक्षा की मार्कशीट व आधार कार्ड लूट लिए और धमकी दे रहा है कि शादी करेगी तो मेरे साथ अन्यथा वह तेरी शादी कहीं अन्य जगह नहीं होने देगा। यदि तेरे माता-पिता ने तेरी शादी कहीं दूसरी जगह करने की कोशिश की तो तुझे व तेरे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा।

पीड़िता का आरोप है कि, आरोपी युवक ने धमकी दी है कि जिस लड़के से उसकी शादी होगी उसे व उसके परिवार को भी खत्म कर देगा, क्योंकि मेरी इलाके के गुंडों के साथ दोस्ती है। युवक की धमकी से युवती बुरी तरह से डरी हुई है। आरोप है कि पीड़िता के घर के दो नंबर है, जिन पर आरोपी फोन करता है और यदि परिवार का कोई भी सदस्य फोन उठा लेता है तो उसके साथ गाली-गलौच कर धमकी देता है।

पीड़िता ने पुलिस से मांग की है कि उसके लूटे हुए कागजातों को वापस दिलाया जाएगा तथा उसे व उसके परिवार को आरोपी से बचाया जाए। सदर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवेश उत्सव के साथ गीत व स्वागत नृत्य से किया अभिनंदन



**फरीदाबाद।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फर्रुखनगर में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रवेश उत्सव के मौके पर विद्यालय में पहले से शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और स्वागत नृत्य भी प्रस्तुत किया। नए सत्र 2024- 25 के शुभारंभ के मौके पर प्राचार्य, जितेंद्र यादव के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों के इस सत्र के पहले दिन विद्यालय में पंहुचने पर हार्दिक अभिनंदन किया। विद्यालय में नए सिरे से दाखिले के लिए आए विद्यार्थियों का स्वागत भी बहुत ही गर्मजोशी से किया गया। प्रातः कालीन सभा के दौरान सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नए दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को फूल माला पहनकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस मौके पर जितेंद्र यादव, प्राचार्य ने नए सत्र के शुभारंभ के मौके पर सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों ने इस सत्र में आपने शैक्षणिक, सामाजिक, कलात्मक, संगीत, कला, खेल आदि सभी क्षेत्रों में पहले से कहीं बेहतर करना है और अपनी पढ़ाई को भी गति प्रदान करनी है। सभी विद्यार्थियों ने नियमित रूप से विद्यालय आकर नियमित रूप से अपनी पढ़ाई करनी है। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी और सभी अध्यापकों की तरफ से बच्चों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपको इस सत्र में किसी भी संसाधन की किसी भी प्रकार से कमी नहीं होने देंगे और आपकी पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विद्यालय का प्रयास रहेगा कि पूरी निष्ठा के साथ आपकी बेहतरी के लिए उच्च कोटि की शिक्षा देने के सभी संभव प्रयास किए जाएं। विद्यालय की एक बहुत बड़ी उपलब्धि यह रही कि आज मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फर्रुखनगर की ख्याति को जानकर प्राइवेट स्कूलों से अनेकों विद्यार्थी यहां दाखिला लेने के लिए पहुंचे।

### राइजिंग स्टार सीजन-1 में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**फरीदाबाद।** शहर में एक ऐसा इवेंट हुआ, जिसने न केवल बच्चों को बल्कि बड़ों को भी प्रेरित किया। जिसका नाम था राइजिंग स्टार सीजन-1, जिसका आयोजन कम्युनिटी कनेक्ट सर्विस ने किया। इस इवेंट की खासियत यह थी इस शो की शुरुआत एनजीओ के बच्चों की परफॉरमेंस के साथ की और एक संदेश पहुंचाया कि उनका समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। इस इवेंट में 74 साल के प्रेम कुमार गांधी ने गाने के माध्यम से बताया कि आयु केवल एक अंक है और उन्होंने अपने उदाहरण से इसे साबित किया। साथ ही, तीन साल के बच्चे ने गाना गाकर लोगों का दिल जीता। यह इवेंट केआर मंगलम स्कूल में आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि विधायक राजेश नगर भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस समारोह के महत्व को बताया और उम्मीद जताई कि ऐसे ही और बड़े समारोह फरीदाबाद में आयोजित होंगे। इस इवेंट में उपस्थित लोगों ने इसे एक श्रेष्ठ मंच माना और कहा कि हमें ऐसे मंच के लिए दिल्ली, नॉएडा जाना पडता था। हमे बहुत ख़ुशी है की अब हमें हमारे ही शहर में इस प्रकार के मंच मिलते रहेंगे। यह समारोह सुबह 9.30 बजे से लेकर शाम आठ बजे तक चला। इस अवसर प्रिंसिपल मुक्ता बख्शी व रेडियो महारानी का सभी ने धन्यवाद किया।

### कार्ड बदलकर खाते से 28 हजार निकाले

**फरीदाबाद।** आदर्श नगर थाना इलाके की जैन कॉलोनी में एटीएम से रुपये निकालने गए व्यक्ति का कार्ड बदलकर ठगों ने 28 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर पैसे कटने का संदेश आने पर पीड़ित ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। गुर्जर चौक निवासी अंतरिक्ष शर्मा ने शिकायत में बताया 30 मार्च को वह अपने भाई विपिन शर्मा का एटीएम कार्ड लेकर जैन कॉलोनी स्थित एटीएम गया था। एटीएम में दो युवक पहले से मौजूद थे। अंतरिक्ष ने कार्ड से तीन हजार रुपये निकाले और इसके बाद बैलेंस चेक करने लगा। इसी दौरान मदद के बहाने युवकों ने कार्ड बदल दिया। कुछ देर बाद ही उनके मोबाइल पर 28 हजार रुपये कटने का मैसेज आया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### अंजान जरूरतमंदों के लिए भक्तों ने किया रक्तदान



**फरीदाबाद।** हर घर रक्तदाता अभियान के अंतर्गत खाटू श्याम संकीर्तन में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज, श्री श्याम सेवा परिवार मोहना और भारत विकास परिषद् शाखा पलवल के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य की रक्तदान सेवा की उपसमिति के सदस्य एवं पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक विकास मित्तल, श्री श्याम सेवक परिवार के दिनेश गर्गव सोनू गर्ग एवं क्लब की सह संयोजिका अल्पना मित्तल ने किया। शिविर का विधिवत उद्घाटन पलवल के पृथला के समाजसेवी दीपक डागर, डॉ. हरिचंद मेहंदीरत्ता, किशोर चावला, योगेश गर्ग राकेश वर्मा, दिनेश कौशिक आदि ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है, जो भी व्यक्ति रक्तदान करता है, वह अपने शरीर के अंश से किसी दूसरे को नया जीवन देता है। विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में तमाम तरक्की के बावजूद रक्त को किसी लैब, फैक्टरी या संस्थान में तैयार नहीं किया जा सकता है और न ही मनुष्य को जानवर का खून दिया जा सकता है। रक्तदान करने से लोग कुछ हिचकते हैं, जो गलत है। रक्तदान करना एक उत्तम कार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर में 26 भक्तजनों ने थैलेसिमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान किया। शिविर में डॉ. नरेश डागर, रुद्र नारायण मित्तल, नेपाल सिंह, संजीव, दीपक, विकल्प मित्तल आदि ने विशेष सहयोग किया।

### विद्यार्थियों से टैबलेट वापस लेने के दिए आदेश

**फरीदाबाद।** हरियाणा में बेहतर शिक्षा के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को टैबलेट दिए गए। जिनमें से अधिकतर टैबलेट वापस ले लिए गए हैं। यदि किसी बच्चे के पास टैबलेट रह गया है तो उससे टैबलेट वापस लिया जाएगा। यदि बच्चा टैबलेट देने में आनाकानी करता है तो उस पर कार्रवाई भी की जाएगी। फरीदाबाद जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया का कहना है कि जिले में लगभग 33 हजार बच्चों को टैबलेट वितरित किए गए। जिसमें से सेशन खत्म होने के बाद ज्यादातर बच्चों से टैबलेट ले लिए गए हैं। जिन्होंने अभी तक वापस नहीं किया है। स्कूल मुखिया द्वारा उनसे वापस करने के लिए बोला जा रहा है।

# प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री, लीज एवं किरायानामा पंजीकरण के लिए जरूरी है प्रॉपर्टी का स्वयं सत्यापन

## प्रॉपर्टी टैक्स डाटा स्वयं-सत्यापन के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाएगा निगम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम की सीमा में स्थित सभी प्रकार के भवनों व खाली प्लाटों की खरीद-ब्रिकी पंजीकरण, लीज एवं किरायानामा पंजीकरण के लिए प्रॉपर्टी टैक्स डाटा का स्वयं-सत्यापन जरूरी है। बिना स्वयं-सत्यापन के कोई भी व्यक्ति तहसील में प्रॉपर्टी का पंजीकरण नहीं करवा सकता। यह बात निगमायुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने मंगलवार को अपने कार्यालय में टैक्स ब्रांच के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कही।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में स्थित सभी प्रॉपर्टीज को स्वयं-सत्यापित करवाने के लिए बड़े स्तर पर एक अभियान चलाया जाए। अभियान के तहत सभी आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों को बुलाकर कार्यशाला आयोजित करें तथा प्रतिनिधियों को स्वयं-सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षित करें, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र में प्रॉपर्टीज का स्वयं-सत्यापन करवा सकें। उन्होंने कहा कि आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र की उन


गुरुग्राम नगर निगम में टैक्स ब्रांच के अधिकारियों के साथ बैठक करते निगमायुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़।

प्रॉपर्टीज की सूची भी सौंपें, जो अभी तक स्वयं-सत्यापित नहीं हुई हैं। निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे प्रतिदिन चारों जोन में विशेष कैंप लगातार जारी रखें तथा प्रॉपर्टी मालिकों से प्रॉपर्टी डाटा को स्वयं-सत्यापित करवाएं। कैंप में हेल्प डेस्क भी लगाएं, जहां पर प्रॉपर्टी मालिकों का पूरा सहयोग करने के लिए कर्मचारी मौजूद हो। इसके अलावा निगमायुक्त ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों की मलकियत वाली प्रॉपर्टीज को स्वयं-सत्यापित करवाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं। ये कर्मचारी उन विभागों के अधिकारियों के पास जाकर मौके पर ही प्रॉपर्टीज को स्वयं-सत्यापित करवाने का कार्य करेंगे। निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि नई प्रॉपर्टी आईडी बनाने, प्रॉपर्टी टैक्स डाटा में सुधार करने संबंधी प्राप्त होने वाले आवेदनों को बिना किसी वैध कारण के लंबित ना रखा जाए और ना ही अनावश्यक रूप से फाईल को इधर-उधर घुमाएं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्राप्त होने वाले आवेदनों का समाधान तत्परता से सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि अगर कोई आवेदन निर्धारित समयसीमा से अधिक लंबित होगा, तो उसके लिए संबंधित जोन के टैक्स अधिकारी जिम्मेदार होंगे। निगमायुक्त ने वित्त वर्ष 2023-24 में प्रॉपर्टी टैक्स की बेहतर रिकवरी के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह, संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार, प्रदीप कुमार, अखिलेश यादव व विजय यादव, चीफ इंजीनियर मनोज यादव, सीटीपी सतीश पाराशर सहित सभी जोनल टैक्सेशन अधिकारी उपस्थित थे।

# ऑनलाइन गेमिंग व इन्वेस्टमेंट कराने के नाम पर ठगी के रैकेट का भंडाफोड़

## पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 8 आरोपियों को किया कब्जा

## आरोपियों के कब्जे से 28 मोबाइल व 3 लैपटॉप बरामद किए

## फतेहाबाद का सुनील उर्फ सोनू है इस रैकेट का संचालक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आनलाइन** गेमिंग में ज्यादा प्रॉफिट का प्रलोभन देकर अलग-अलग कंपनियों में गेम खिलाने तथा इन्वेस्टमेंट कराने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले रैकेट का गुरुग्राम की साईबर थाना पूर्व पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 28 मोबाइल व 3 लैपटॉप बरामद किए


गुरुग्राम पुलिस द्वारा ऑनलाइन गेमिंग व इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी के आरोपी में गिरफ्तार किए गए युवक।

गए हैं। थाना साईबर पूर्व गुरुग्राम के निरीक्षण सवित कुमार की टीम को गुप्त सूचना मिली कि प्लॉट नम्बर 495, कोयल विहार, सेक्टर-52 गुरुग्राम में गेमिंग में इन्वेस्टमेंट के बदले मोटा प्रॉफिट का झांसा देकर रुपए इन्वेस्टमेंट कराने के नाम पर ठगी का रैकेट चल रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की गई। इस दौरान पता चला कि वह ऑफिस फर्जी/अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा है। जांच के दौरान आरोपियों द्वारा अलग-अलग गेम खेला कर इन्वेस्टमेंट करने के नाम पर धोखाधड़ी करके ठगी करने का भी खुलासा हुआ। पुलिस टीम द्वारा उस आफिस के मालिक एवं रैकेट के संचालक सहित कुल 8 आरोपियों को काबू किया।

आरोपियों की पहचान संचालक सुनील कुमार उर्फ सोनू (42) निवासी डीएसपी रोड फतेहाबाद, 12वीं पास पवन (24) निवासी गांव हिजरावा कलां जिला फतेहाबाद, 12वीं पास अर्शदीप (27) निवासी गांव हिजरावा कलां जिला फतेहाबाद, 12वीं पास तरुण (20) निवासी डीएसपी रोड फतेहाबाद, पारसदीप (19) निवासी कंगनपुर रोड भारत नगर सिरसा, बीए पास दीपक (21) निवासी गांव मतलोडा जिला हिसार, 10वीं पास हिमांशु (20) निवासी पटियाला चौक जींद व 12वीं राजेंद्र (37) निवासी गांव जीतो आगार जिला रियासी जम्मू-कश्मीर के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना साईबर अपराध पूर्व गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया है।

**एक साथी श्रीलंका से ऐसी गतिविधियां चलाता है :** आरोपियों से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी सुनील उर्फ सोनू इस धोखाधड़ी के रैकेट का संचालक है। वह अपने साथियों/कर्मचारियों के साथ मिलकर इस रैकेट को चलाता है। अभी तक की जांच में सामने आया है कि इस रैकेट का एक सदस्य श्रीलंका से भी इस तरह की अवैध गतिविधियां चलाता है। गिरफ्तार आरोपी सुनील ने पकड़े गए सभी आरोपियों को सेलरी/कमीशन पर रखा हुआ है। ठगी गई राशि में से कमीशन/बोनस के तौर पर 2 प्रतिशत रुपये भी देता था। सुनील ने यह भी बताया है कि वह पिछले एक वर्ष से अपने एक अन्य साथी तथा पकड़े गए इन साथियों के साथ मिलकर यह काम कर रहा है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूलों बनाना सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : मंगत राम बागड़ी


लक्ष्मण विहार स्थित आंगनवाड़ी पर स्कूल रेडीनेस मेले का शुभारम्भ फीता काट कर करते हुए पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी।

## स्कूल रेडीनेस मेले में दी गई आंगनबाड़ी प्ले स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मंगलवार** को नगर निगम वार्ड-10, नया घोषित वार्ड 33 अंतर्गत लक्ष्मण विहार पंजीरी प्लांट स्थित आंगनबाड़ी प्ले स्कूल में रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न बौद्धिक गतिविधियां करवाई गई। मेले का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कोऑर्डिनेशन मोनू मिश्रा और सुपरवाइजर अनुपमा वधवा के दिशा निर्देशन में किया गया।


मोनू मिश्रा और सुपरवाइजर अनुपमा वधवा ने बताया कि आंगनबाड़ी स्कूलों में बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन, टीकाकरण सुविधा, स्वास्थ्य जांच व प्री स्कूल की अनेक गतिविधियों का लाभ प्रदान किया जाता है। मेले का उद्घाटन वार्ड-10, नया घोषित वार्ड-33 के पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मंगत राम बागड़ी में फीता काट कर किया। मंगत राम बागड़ी ने प्ले स्कूल के सभी स्टाफ और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मेले में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं ने हिस्सा लिया व 45 से 50 माताओं ने भी हिस्सा लिया, मेले के दौरान 5 नए बच्चों का एडमिशन भी हुआ।

# ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च में 53,000 से ज्यादा यूनिट्स का ऑल-टाइम हाई रजिस्ट्रेशन दर्ज किया, FY23 की तुलना में रिकॉर्ड 115 प्रतिशत वृद्धि के साथ FY24 समाप्त हुआ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ओला** इलेक्ट्रिक ने आज घोषणा की है, कि उसने मार्च महीने में 53,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन (वाहन पोर्टल के अनुसार) दर्ज किए, जो लगातार पांचवें महीने में फिर से सबसे अधिक मन्थली वॉल्यूम है। कंपनी ने FY23 की तुलना में FY24 में 115 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हासिल की, जिसमें 328,785 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं, जबकि FY23 में 1,52,741 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं। मार्च में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ, कंपनी ने महीने के दौरान अपने अग्रणी मार्केट शेयर को बनाए रखा और पिछली तिमाही में 84,133 यूनिट्स की तुलना में Q4 FY24 के दौरान पंजीकृत 119,310 यूनिट्स के साथ 42 प्रतिशत क्वार्टरली वृद्धि दर्ज की।

ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अंशुल खंडेलवाल ने कहा "मार्च में रजिस्ट्रेशन के 53,000 मार्क



को पार करने के साथ साथ FY24 का अंत इससे बेहतर नहीं हो सकता था। पिछला वर्ष हमारे साथ-साथ EV इंडस्ट्री के लिए भी महत्वपूर्ण रहा है, और हम वॉल्यूम व मार्केट शेयर दोनों में लगातार वृद्धि दर्ज करते हुए पूरे वित्तीय वर्ष में मार्केट लीडर रहे हैं। हमने अकेले Q4 FY24 में लगभग 1.20 लाख रजिस्ट्रेशन्स दर्ज किए हैं, जो हमारे मजबूत स्कूटर पोर्टफोलियो को दर्शाता है, और हमारा लक्ष्य विकास पथ की ओर बढ़ना व भारत की इलेक्ट्रिफिकेशन जर्नी में और योगदान रखना है।"

ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में EV को अपनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के प्रयास में प्रोडक्ट्स, सर्विसेस, चार्जिंग नेटवर्क और बैटरी वारंटी जैसे इनिशिएटिव की एक सीरीज की घोषणा की है। S1 X (4kWh) के लॉन्च के साथ, ओला इलेक्ट्रिक का पोर्टफोलियो अब बढ़कर छह प्रोडक्ट्स (S1 Pro, S1 Air, S1 X+, S1 X-2kWh, 3kWh, 4kWh) का हो गया है, जो अलग-अलग कीमतों पर और अलग-अलग रेंज के ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करती है।

ओला इलेक्ट्रिक ने बिना किसी अतिरिक्त चार्ज के अपने प्रोडक्ट्स की पूरी श्रृंखला के लिए 8 साल/80,000 किमी की एक्सटेंडेड बैटरी वारंटी भी लॉन्च की, ओला इलेक्ट्रिक का मानना है, कि यह कदम वाहनों के जीवनकाल को बढ़ाकर EV अपनाने में आने वाली बाधाओं में से एक का समाधान करता है। ग्राहक अब ऐड-ऑन वारंटी का विकल्प भी चुन सकते हैं और 4,999 रुपये की मामूली स्टार्टिंग प्राइस पर ट्रैवल किए गए किलोमीटर की ऊपरी सीमा को 125,000 किमी तक बढ़ा सकते हैं।

# मानेसर पुलिस लाइन से वाया नोरंगपुर एमजी रोड तक शुरू हुई सिटी बस सेवा


मानेसर पुलिस लाइन से एमजी रोड मेट्रो तक बस सेवा की शुरुआत के अवसर पर मौजूद सरपंच प्रदीप यादव, डीसीपी साउथ सिद्धांत जैन व ग्रामीण।

## खेडक़ीदौला, हीरो होंडा चौक, राजीव चौक, इफको चौक होते हुए एमजी रोड मेट्रो स्टेशन पहुंचेगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानेसर** पुलिस लाइन से एमजी रोड मेट्रो स्टेशन तक जीएमसीबीएल बस सेवा की शुरुआत हो गई है। इसकी शुरुआत के अवसर पर नोरंगपुर गांव के सरपंच प्रदीप यादव व डीसीपी साउथ सिद्धांत जैन ने पुलिस लाइन से झंडी दिखाई। इस बस सेवा से मानेसर पुलिस लाइन से लेकर नोरंगपुर गांव, रामपुरा को काफी सहूलियत हो गई है।

नोरंगपुर गांव के सरपंच प्रदीप यादव ने इस बस सेवा के लिए गुरुग्राम महानगर सिटी बस लिमिटेड प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय से इस रूट पर बस की जरूरत थी। कालेज जाने वाली छात्राएं और अन्य यात्री काफी परेशान रहते थे। लोग निजी वाहनों में परेशान झेलते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचते थे। अब सिटी बस की शुरुआत से यह सारी परेशानी दूर हो गई है। उन्होंने कहा कि जीएमसीबीएल ने इस बस सेवा की शुरुआत ही नहीं की, बल्कि क्षेत्र के लोगों को बहुत बड़ी सौगात दी है।

बस का रूट मानेसर पुलिस लाइन से नोरंगपुर गांव, एनएसजी गेट नंबर-2, रामपुरा मोड़, खेडक़ीदौला, नरसिंहपुर, हीरो होंडा चौक, राजीव चौक, सेक्टर-31, इफको चौक होते हुए एमजी रोड मेट्रो स्टेशन पहुंचेगी। इससे मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों को भी सहूलियत होगी। क्योंकि बहुत से लोग दिल्ली में अपने काम-धंधों के लिए दैनिक यात्रा करते हैं। क्षेत्र के करीब 10 हजार लोगों को इस बस सेवा का सीधे लाभ होगा।

# जनहित दल ने किया घोषणा पत्र के साथ अपनी पार्टी को लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जनहित** दल ने आज नई दिल्ली के पटेल चौक स्थित सांग्रिला होटल में अपनी पार्टी लॉन्च करने के साथ-साथ केजरीवाल सरकार की भ्रष्टाचार नीतियों को लेकर एक प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया। इस मौके पर जनहित दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अंशुमान जोशी, श्री धर्मेन्द्र सिंह कोहली (पूर्व विधायक सीमा पूरी) तथा श्री अशोक कुमार चौहान (पूर्व विधायक अंबेडकर नगर) श्रीमति गीतांजलि दत्ता इत्यादि उपस्थित हुई। इस दौरान प्रभावशाली नेतृत्व वाले अध्यक्ष श्री अंशुमान जोशी ने अपने वक्तव्य में बोलते हुए कहा कि, वह आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा-नेतृत्व एनडीए संघ का पूर्ण समर्थन करेंगे। दिल्ली और उसके निवासियों के कल्याण के लिए एक मजबूत दृष्टिकोण को अपनाते हुए, जनहित दल ने दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के मौलिक अधिकारों और कल्याण का समाधान करने के लिए एक समग्र कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई है। जनहित दल की प्रतिबद्धता के हृदय में 'दिल्ली मूल निवासी (ओरिजिनल रेज़िडेंट्स) रिजर्वेशन बिल' को पेश करने का वादा किया है। जो दिल्ली के प्रत्येक नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने और सशक्तिकरण करने के लिए डिजाइन किया गया है। जनहित दल द्वारा इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के निवासियों की सुरक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करना है, चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि से संबंध क्यों न रखता हों।



जनहित दल के अध्यक्ष श्री अंशुमान जोशी ने इस पहल को महत्वपूर्ण बताया और कहा, "यह लड़ाई दिल्ली के सभी निवासियों की है। हमारे इन अधिकारों को कोई और पार्टी हमें नहीं दे सकती। इसलिए हम भाजपा के समर्थन से हमारी सरकार बनाने का वादा करते हैं और 'दिल्ली मूल निवासी रिजर्वेशन बिल' को पारित करेंगे, जिससे दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित हो। हम नागरिकों से अनुरोध करते हैं, कि वे इस उद्देश्य में जनहित दल का समर्थन करें। जनहित दल, दिल्ली के कल्याण के लिए अपने दृष्टिकोण में एक समग्र पैकेज का वादा करता है, जिसका उद्देश्य निवासियों को सशक्त बनाना और समावेश सुनिश्चित करना है।

# ग्रीनवाशिंग के खतरों के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक होने की जरूरत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्राकृतिक** हीरा उद्योग पारदर्शिता के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। वर्तमान समय में उपभोक्ता सस्टेनेबिलिटी पर ध्यान दे रहे हैं और ऐसे में उत्पाद खरीदते समय उन्हें इस संबंध में सही जानकारी उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है, जिससे वे सही निर्णय ले सकें। हालिया मैकिंजी सर्वे के मुताबिक 60 प्रतिशत उपभोक्ता सस्टेनेबल पैकेजिंग के साथ आने वाले उत्पादों के लिए अतिरिक्त कीमत चुकाने को तैयार हैं। यह पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों की बढ़ती मांग को दिखाता है। हाल के वर्षों में हीरा उद्योग में 'ग्रीनवाशिंग' गंभीर चिंता के रूप में सामने आई है। ग्रीनवाशिंग का अर्थ है, किसी उत्पाद के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में उपभोक्ताओं को गलत जानकारी देना या उन्हें भ्रमित करना। उपभोक्ताओं को ऐसे तरीकों के बारे में सतर्क होना चाहिए, विशेष रूप से लैब ग्रोन डायमंड्स (एलजीडी) यानी प्रयोगशाला में तैयार होने वाले हीरे के संबंध में।

एलजीडी से जुड़े मैन्यूफैक्चरर अक्सर इसे प्राकृतिक हीरे का सस्टेनेबल विकल्प बताते हैं। हालांकि प्रयोगशाला में तैयार होने वाले ये हीरे पर्यावरण के उतने अनुकूल हैं, नहीं जितना दावा किया जाता है। बड़े पैमाने पर एलजीडी के उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भर रहना होता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन होता है और उनके दावे पर सवाल खड़ा होता है।

प्रयोगशाला में बने हीरे असल में काफी हद तक फास्ट फैशन इंडस्ट्री जैसे हैं, जहां उत्पादन के लिए बहुत संसाधनों की जरूरत होती है और पर्यावरण को उसकी कीमत चुकानी पड़ती है। हफ्तों या कुछ दिनों में ही बना दिया जाने वाले हीरे उस भूगर्भीय प्रक्रिया के ठीक विपरीत हैं, जिसमें हजारों साल में प्राकृतिक हीरा तैयार होता है। प्राकृतिक हीरा उद्योग भी सस्टेनेबिलिटी की दिशा में प्रयास कर रहा है, जिसकी सराहना होनी चाहिए। उदाहरण के तौर पर, डी बियर्स ग्रुप ने 2030 तक कार्बन न्यूट्रल होने का लक्ष्य रखा है। वही रियो टिंटो 2050 तक नेट जीरो का लक्ष्य लेकर चल रही है। प्राकृतिक हीरे से जुड़ी कंपनियां कार्बन एब्जॉर्ब करने के लिए इनोवेटिव तरीकों पर भी शोध कर रही हैं। इसमें किंबरलाइट रॉक का मिनरलाइजेशन भी शामिल है, जिससे हीरा निकाला जाता है। इसके अलावा, हीरा उद्योग में एथिकल सोर्सिंग और सोशल सस्टेनेबिलिटी का महत्व भी सामने आया है। सख्त नियमन, जैसे किंबरले प्रोसेस सर्टिफिकेशन स्कीम के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है, कि प्राकृतिक हीरा जिम्मेदारी के साथ और नैतिक तरीके से प्राप्त किया जाए, जिससे स्थानीय समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिले। हीरा उद्योग में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के तहत ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## माउथ फ्रेशनर के नाम पर ड्राई आईस देने वाले रेस्टोरेंट का लाइसेंस रद्द


रेस्टोरेंट में माउथ फ्रेशनर खाने के बाद मुंह से खून आने के दौरान की तस्वीरें।

**गुरुग्राम।** यहां एक रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद माउथ फ्रेशनर खाने से कुछ लोगों की तबियत खराब होने के मामले में फूड एंड सेफ्टी विभाग ने रेस्टोरेंट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द कर दिया है। ऐसा इसलिए किया गया है कि रेस्टोरेंट की ओर से कोई संतोषजनक जवाब इस मामले में नहीं दिया गया। इसकी पुष्टि मंगलवार को फूड एंड सेफ्टी अधिकारी डॉ. रमेश चौहान ने की। बता दें कि दो मार्च 2024 की रात को तीन दोस्त अपनी पत्नियों के साथ लॉ फॉरेस्ता रेस्तरां एंड में एक दोस्त मानिक की जन्मदिन पार्टी करने गए थे। सभी ने वहां पर आराम से खाना खाया। खाना खाने के बाद वहां की एक महिला वेटर ने सभी को माउथ फ्रेशनर परोसा। जैसे ही सभी ने उसे खाया तो हालत खराब होने लगी। एक के बाद एक सभी उल्टियां करने लगे। मुंह से खून आने लगा। तीन महिलाओं और 2 पुरुषों ने माउथ फ्रेशनर खाया था। इनमें ग्रेटर नोएडा के अंकित की गोद में उनकी एक साल की बेटी थी। इसलिए उन्होंने माउथ फ्रेशनर नहीं खाया। जिन लोगों को मुंह से खून आया, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ितों के बयान दर्ज किए। बाद में पुलिस की जांच में पता चला कि महिला वेटर ने माउथ फ्रेशनर की जगह ड्राई आईस दी गई। खेडक़ीदौला पुलिस ने रेस्टोरेंट के मैनेजर सहित कई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। दूसरी तरफ फूड एंड सेफ्टी विभाग ने रेस्टोरेंट पहुंचकर जांच की। विभाग की ओर से रेस्टोरेंट के मालिक को इस संबंध में स्पष्टीकरण देने की बात कही थी, लेकिन निर्धारित तारीख तक रेस्टोरेंट की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। ऐसे में फूड एंड सेफ्टी विभाग की ओर से रेस्टोरेंट का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।

## अंडर-7 में प्रथम और अंडर-9 में तीसरा पुरस्कार जीता



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिला शतरंज असोसिएशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय शतरंत प्रतियोगिता में प्रणित रस्तोगी ने अंडर-7 में प्रथम और अंडर- 9 में तीसरा पुरस्कार जीता। सेक्टर-82 स्थित मानसकृति स्कूल में फ़रीदाबाद जिला शतरंज असोसिएशन की ओर से 30 मार्च से लेकर एक अप्रैल तक 3 दिवसीय शतरंत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। असोसिएशन की प्रेजिडेंट नीतू अग्रवाल ने बताया कि शतरंज का आयोजन सभी श्रेणियों के लिए किया गया। जिसमें प्रणित रस्तोगी ने अंडर-7 वर्ग में प्रथम पुरस्कार और अंडर- 9 वर्ग में तीसरा पुरस्कार जीता और 2 ट्रॉफी जीतीं। काश्वी सभरवाल ने अंडर- 15 और अंडर- 17 गर्ल्स कैटेगरी जीतकर 2 ट्रॉफियां हासिल कीं। अंडर-7 गर्ल्स वर्ग में अमर्या शर्मा प्रथम रही। अंडर-9 वर्ग में सिद्धांत राणा व गर्ल्स वर्ग में तिआरा जैन प्रथम रही। अंडर-11 में जयांश ढींगरा व गर्ल्स वर्ग में तनिष्का प्रथम रही। अंडर-13 वर्ग में निकुंज खन्ना व गर्ल्स वर्ग में वंशिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-15 ध्रुव शर्मा व गर्ल्स वर्ग में काश्वी सभरवाल प्रथम रहीं। अंडर-17 में केशव अरोड़ा व गर्ल्स वर्ग में काश्वी सभरवाल ने अव्वल स्थान हासिल किया।

## राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद ने आईटी क्विज में जीती ट्रॉफी



**फरीदाबाद।** मानव रचना विश्वविद्यालय में डिजिटल दी-नमो कार्यक्रम के तहत एक तकनीकी आईटी क्विज आयोजित किया गया। इसमें बीसीए द्वितीय वर्ष के छह छात्रों ने दो टीमों में भाग लिया । राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद की टीम प्रेम, अमन ने एनसीआर की 40 टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा एक ट्रॉफी, 2100 रुपये का नकद और पदक जीता। प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर के साथ विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस और अन्य विभाग के सदस्यों ने छात्रों को बधाई दी और भविष्य के कार्यक्रमों के लिए प्रेरित किया।

## फूलमाला और तिलक द्वारा किया बच्चों का स्वागत



**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने प्रवेश उत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में प्रवेश हेतु आने वाले नए बच्चों का तिलक लगा कर और फूलमालाओं से स्वागत किया गया। अध्यापक अजय गर्ग, धर्मेंद्र, शिखा सहित सभी अध्यापकों ने बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत किया। प्राचार्य मनचंदा और अध्यापकों ने सभी बच्चों को तिलक भी लगाया और उन्हे अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। जूनियर रेड क्रॉस अधिकारी प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि विद्यालय के वरिष्ठ बच्चों ने सरकारी स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं के विषय में बताते हुए अधिक से अधिक नए बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूल में दिलवाने के लिए भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के अध्यापकों ने घर घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिल रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया कि विद्यालय में नि:शुल्क दोपहर का पौष्टिक भोजन, दूध, यूनिफॉर्म, पुस्तकें, स्टेशनरी, स्टाइपेंड आदि के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा, रोजगारपरक शिक्षा, तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण, डिजिटल बोर्ड द्वारा शिक्षा, मासिक परीक्षा, प्रीबोर्ड परीक्षा, परीक्षाओं की तैयारी हेतु सेमिनार एवं विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएँ और गतिविधियां संचालित होती है। इसलिए उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजें। जूनियर रेड क्रॉस, स्काउट व गाइड्स तथा सैंट जॉन एम्बुलेंस के सदस्यों ने अध्यापकों के निर्देश में लोगों को अधिकाधिक बच्चों के विद्यालय में प्रवेश के लिए निवेदन किया तथा कहा कि गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए सभी बच्चों को राजकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलवाएं।

# चुनाव के महापर्व में प्रत्येक मतदाता बने भागीदार : उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडगटा के मार्गदर्शन में 18वें लोकसभा आम चुनाव के तहत गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका व नूंह में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां प्रभावी रूप से चल रही हैं। उन्होंने जिला के सभी मतदाताओं से चुनाव के इस महापर्व में भागीदार बनने का आह्वान किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक को स्वीप अभियान का नोडल अधिकारी बनाया है तथा जिला में स्वीप गतिविधियां प्रभावी ढंग से संचालित करने बारे जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। उपायुक्त भी जिलावासियों से निरंतर अपील कर



रहे हैं कि आगामी 25 मई को जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक भागीदारी करें तथा सभी मतदाता

### 18वें लोकसभा आम चुनाव के लिए नूंह में स्वीप गतिविधियां प्रभावी रूप से चलाएं संबंधित विभाग

वोट जरूर डालें। अगर यहां के मतदाता कहीं नौकरी कर रहे हैं तो उस दिन पैड हॉली-डे होगा, इसलिए मतदान करने अपने बूथ पर अवश्य पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक व प्रेरित किया जाए।

स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को डोर-टू-डोर संपर्क करते हुए, मुनादी करवाकर, मतदाता जागरुकता शपथ दिलाकर, व्याख्यान, हस्ताक्षर अभियान चलाकर, मानव शृंखला बनाकर, रंगोली, नुक्कड़ नाटक व लोकगीतों के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक किया जाए। मतदाता जागरुकता के तहत मतदाताओं को संकल्प दिलाया जाए कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना आगामी लोकसभा आम चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें।

# भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति से तावडू महिला कार्यकर्ताओं को रखा दूर

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**लोकसभा** चुनावों में तैयारियों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा स्तर पर चुनाव प्रबंधन समितियां का गठन किया है। जिसमें भाजपा संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। गुरुग्राम की सोहना- तावडू विधानसभा क्षेत्र में 29 भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति में अलग-अलग जिम्मेदारी सौंप गई है। लेकिन तावडू के कार्यकर्ताओं चुनाव प्रबंधन समिति से नजर अंदाज किया गया है।

मात्र चार कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति में जगह मिली है जबकि क्षेत्र की महिला कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति में जगह नहीं मिली।इसके अलावा पूरे सोहना विधान सभा क्षेत्र की बात करें तो इस समिति में अल्पसंख्यक वर्ग को भी नजरअंदाज किया गया है। किसी भी अल्पसंख्यक कार्यकर्ता को भी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है।

### नवनियुक्त मंत्री के करीबियों को समिति में मिली जगह

### पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं में पनप रहा रोष

तावडू नगर में भारतीय जनता पार्टी समर्थक और कार्यकर्ताओं का कहना है कि बीते 24 मार्च को नई अनाज मंडी में हुई मुख्यमंत्री की रैली में भी भाजपा के पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की जमकर अनदेखी की गई थी।मुख्यमंत्री से मिलने के लिए मंच पर ऐसे लोगों को जगह मिली जिनका विवाद भ्रष्टाचार से जुड़ा था। जबकि पार्टी से उनकी कोई नजदीकियां नहीं है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी होने से पार्टी के प्रति भारी रोष पनप रहा है। लेकिन अब लोकसभा चुनावों को लेकर विधानसभा स्तर पर हेतु गठित चुनाव प्रबंधन समिति में भी गुरुग्राम के लोगों को ज्यादा महत्व दिया गया,जबकि तावडू से मात्र चार कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति में जोड़ा गया है।गुरुग्राम भाजपा महिला मोर्चा में पदाधिकारी के रूप में दो बार सेवाएं दे चुकीं तावडू नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष मनीता गर्ग को भी चुनाव प्रबंधन समिति में जगह नहीं है। इसके अलावा अल्पसंख्यक वर्ग से भी किसी को चुनाव प्रबंधन समिति में शामिल नहीं किया गया है। एक जानकारी के मुताबिक सोहना विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति में नवनियुक्त मंत्री के करीबियों को ज्यादा फिट किया गया है, जबकि पार्टी में उनके राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को चुनाव प्रबंधन समिति से भी दूर कर दिया गया। गुरुग्राम भाजपा के इस फैसले से तावडू कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। वफादार कार्यकर्ताओं का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ तावडू से वोट लेने के लिए है। जबकि सम्मान उन्हें मेहनत के अनुकूल नहीं मिला।

बता दे की तावडू नगर की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनीता गर्ग गुरुग्राम महिला मोर्चा की पदाधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुकी है। वह लगातार पार्टी से जुड़े कार्यक्रम और अभियानों में सक्रिय रहती है।लेकिन चुनाव प्रबंधन समिति में उन्हें जगह नहीं मिलना आश्चर्य चकित करता है। इसको लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनीता गर्ग का कहना है कि संगठन द्वारा सभी निर्णय पार्टी हित में ही लिये जाते हैं। वह पार्टी की साधारण कार्यकर्ता है।वह पार्टी के निर्णय से संतुष्ट हैं। जबकि तावडू भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा का कहना है कि चुनाव प्रबंधन समिति गठन को लेकर उनसे कोई चर्चा नहीं की गई थी। पार्टी जिला अध्यक्ष,जिला प्रभारी, जिला महामंत्री, सहसंयोजक, लोकसभा विस्तारक और विधानसभा संयोजक ने अपने स्तर पर तालमेल कर चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया है। जिन्हें पार्टी की मजबूती के लिए जो जिम्मेदारी दी गई है वह सक्रिय रूप से जुटे हैं।

# जिला निर्वाचन कार्यालय लोकसभा चुनाव को लेकर सख्त

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**लोकसभा** चुनाव 2024 को शांतिपूर्वक सफलता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला चुनाव कार्यालय पूरी तरह से सतर्क दिखाई दे रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय के समय पर नहीं आने वाले तथा समय से पहले कार्यालय छोड़ने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर को लेकर अधिकारी पूरी तरह से सतर्क दिखाई दे रहे हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय नायब तहसीलदार राजेंद्र हुड्डा ने अपने मातहत छह कंप्यूटर ऑपरेटर को ड्यूटी में कोताही बरतने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कर्मचारियों को जैसे ही कारण बताओ नोटिस मिला तो उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप मलिक से मुलाकात कर अपनी बात रखी, लेकिन कर्मचारियों को मायूसी हाथ लगी। इस मामले में कर्मचारी कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। नए तहसीलदार राजेंद्र हुड्डा ने कहा कि कई कर्मचारी समय पर ऑफिस नहीं आते थे और समय से पहले ही ऑफिस छोड़ देते थे। उन्होंने कहा कि इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहा है। आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। लिहाजा छह बजे से पहले कोई भी कर्मचारी कार्यालय नहीं छोड़ेगा। सिर्फ रविवार को ही

### छह कंप्यूटर ऑपरेटर को थमाया कारण बताओ नोटिस



छुट्टी मिलेगी। सोमवार से शनिवार लगातार सभी कर्मचारियों को उपस्थित रहना होगा और जरूरत पड़ी तो रविवार को भी कार्यालय में उपस्थित होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारियां दे दी गई हैं। टीमें फील्ड में उतर चुकी हैं, लेकिन चुनाव कार्यालय के कुछ कंप्यूटर ऑपरेटर बार-बार कहने के बावजूद भी अपनी हरकतों से बात नहीं आ रहे थे, जिसके चलते उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव कार्यालय पूरी तरह से सख्ती के मूड में दिखाई दे रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमडी रॉक स्टार बने स्वीप कार्यक्रम के जिला ब्रांड एंबेसडर



**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव 2024 में जिला में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा के दिशा निर्देशन में विभिन्न प्रकार की जागरूक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अब हरियाणवी सिंगर एमडी देशी रॉक स्टार (मनोज कुमार) अब नए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते नजर आएंगे। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत एमडी देशी रॉकस्टार को जिला का ब्रांड एम्बेसडर नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि यूथ आइकॉन एमडी रॉक स्टार अब सोशल मीडिया समेत अन्य प्लेटफार्म पर युवाओं के बीच दिखाई देंगे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही उनका जागरूकता संदेश भी सोशल मीडिया पर लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धरातल पर लोगों को जागरूक करने के साथ साथ साथ जिला प्रशासन ने हर हाथ मोबाइल की पहुंच वाली आधुनिक तकनीक से युवाओं के बीच पहुंचने की कारगर रणनीति बनाई है। उन्होंने कहा कि एमडी खुद एक युवा हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर युवाओं के लिए उनका संदेश मतदान के ग्राफ को बढ़ाने के लिए उत्प्रेरक का कार्य करेगा।

### एलिवेटेड मार्ग पर तेज रफ्तार कार पटली, छात्र बाल-बाल बचे



**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के वडोदरा टर्विनल पर तेज गति से दौड़ रही कार संतुलन बिगड़ जाने पर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार छात्रा समेत तीन विद्यार्थी थे। सभी केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में पढ़ते है। चालक सुरक्षित बच गया। क्षतिग्रस्त कार को पास में बना हुड़ई के शौ रुम में भेज दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर फर्राटे से दौड़ रही कार का संतुलन उस समय बिगड़ गया। जानकारी के अनुसार तेज गति से दौड़ने के दौरान कार मार्ग के साथ बनी सुरक्षा दीवार से टकरा गई। जिससे कार करीब 10 मीटर तक घसीटने के बाद मार्ग पर पलट गई। कार में सवार छात्रा और दो अन्य छात्र सुरक्षित बाहर निकल गए। तीनों विद्यार्थी केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के बताएं जा रहे है। मंगलवार की सुबह गुरुग्राम से यूनिवर्सिटी आ रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर एनएचएआई की सुरक्षा टीम ने पहुंचने के बाद सड़क पर पलटी हुई कार को सीधा किया और पास में स्थित हुंडई के शौ रुम में भेज दिया। विद्यार्थियों को मौके पर पहुंची परिजन अपने साथ ले गए।

### दो दिन में एक भी गेहूं का दाना नहीं आया मंडी में

**फिरोजपुर झिरका।** एक अप्रैल से फिरोजपुर झिरका की अनाज मंडी में गेहूं का एक दाना भी बिकने के लिए नहीं आया है। वहीं खरीद एजेंसी ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। मार्केट कमेटी के सुपरवाइजर राजेश शर्मा ने बताया कि एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गई है जबकि दो दिन में गेहूं का एक दाना भी कोई भी किसान लेकर नहीं आया है वही दोनों एजेंसियों ने गेहूं की खरीद की पूरी तैयारी कर ली है किसान को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके भी पूरे इंतजाम कर लिए गए हैं। वहीं मंडी में बैठे किसानों ने बताया कि अभी तक गेहूं की फसल पककर तैयार नहीं हुई है और कुछ किसानों ने बताया कि हमारे पास गेहूं ज्यादा मात्रा में नहीं है उतना ही गेहूं है जो साल भर तक हम उसे खा सकें। वहीं दूसरी तरफ सुपरवाइजर राजेश शर्मा ने बताया कि सरसों की खरीद पूरी तरह जारी है अब तक 12839 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है, जोकि हैफेड एजेंसी द्वारा की गई है। खरीदी जा चुकी सरसों को गोदाम तक पहुंचाने के लिए ट्रैकों में भरना शुरू कर दिया गया है जिसका पहुंचना निरंतर जारी है वही सुपरवाइजर ने किसानों से अपील की है कि सरसों को सुखाकर वह साफ करके लाये , और सरसों में नमी 8त्न तक होनी चाहिए अगर सरसों में नमी ज्यादा पाई गई तो उसे सूखने के लिए मंडी में 2 दिन का समय लग जाता है इसीलिए अपनी सरसों को अपने घर पर ही आठ प्रतिशत तक सुख कर लाएं सरसों की खरीद अभी जारी रहेगी।

# लोकसभा आम चुनाव के लिए फ्लाइंग स्क्वायड व सर्विलेंस टीम हुई एक्टिव

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** प्रशासन की ओर से लोकसभा आम चुनाव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए पूरी तरह तैयार है। आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी सतर्कता से कार्य कर रहे हैं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि जिला में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी जरूरी तैयारियां व प्रबंध किए जा रहे हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, शौचालय, रैंप इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया गया है, जिसके लिए उन्हें फार्म नंबर 12डी में बैलेट पेपर इश्यू करवाने के लिए आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलेगी तो तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके लिए फ्लाइंग स्क्वायड व सर्विलेंस टीम गठित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की टीमों द्वारा चुनावी खर्च पर भी कड़ी नजर रहेगी, इतना ही नहीं बैंकों से होने वाले लेन-देन पर भी निगरानी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है और प्रदेश में चुनाव की अधिसूचना 29 अप्रैल 2024 को जारी हो जाएगी। चुनावी प्रक्रिया के तहत 6 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल सात मई को की जाएगी तथा उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि नौ मई होगी।

# सोहना मंडी में सरसों का लदान हुआ शुरु, बारदाने की हुई कमी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**मार्केट** कमेटी और हेफेड ने किसानों की फसल बिक्री में हो रही परेशानी को देखते हुए समय सारणी बनाई। एक दिन में 15 गांवों के किसान ही अपनी सरसों की फसल को बिक्री के लिए लेकर आएंगे। किसान एक बार में 25 क्विंटल सरसों की बेच सकता है। स्थानीय मंडी में सरसों की सरकारी खरीद के दौरान किसानों को रही परेशानी को देखते हुए मार्केट कमेटी और हेफेड ने सयुक्त रुप से मिलकर योजना बनाई है।

मार्केट कमेटी के अधीन आने वाले 116 गांवों को पांच चरणों में विभाजित किया है। ताकि किसानों को अपनी सरसों की फसल को बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए समय सारणा तय की गई है। मंगलवार से उक्त बनाई गई समय सारणी के आदेश पर ही गांवों के किसान अपनी सरसों को बेचने के लिए लेकर आएंगे। एक दिन में 15 गांवों के किसान ही अपनी सरसों की फसल को बेचने के लिए लेकर



सोहना अनाज मंडी में हो रहे अवैध कब्जों के कारण परिसर में जगह की कमी के चलते किसान आम रास्ते में फसल की ढेरी लगाने को मजबूर

आएंगे। एक किसान एक बार में 25 क्विंटल सरसों की ही बेच सकता है। शेष सरसों को किसान दूसरे चरण में आने वाले नंबर पर ही बेचेगा।

**मंगलवार को आने वाले गांव :** मंगलवार को खंड के गांव अभयपुर, अलीपुर, बादशाहपुर टैठड़, बाईखेड़ा, बालूदा, बहलपा, बेरका, भोगपुर मंडी, भोंडसी, विधवाका, बिहलाका, चूहड़पुर, दमदमा, दौला, धुनेला और सरमथला के किसानों को बुलाया है। बुधवार को घंघौला, गढ़ीबाजीदपुर, घामडौज, हाजीपुर, हरचंदपुर, हरियाहेड़ा, इशाकी, जखोपुर, जलालपुर, जोहलाका, खाईका, खरौदा, खत्रिका, खेडली लाला और खेड़ला। गुरुवार को खोबरी, खूटपुरी, किरणकी, कुलियाका, लाखूवास, लोसिंघानी, लोहटकी, महेन्द्रवाड़ा, मंडावर, मौहम्मदपुर गूर्जर, निमौठ, नूनेरा, रहाका, रायपुर, सोहना व लाखूवास के किसानों को बुलाया है।

**सरसों का उठाव हुआ शुरु :** हेफेड द्वारा सरसों की सरकारी खरीद के करने साथ-साथ अब उसका उठाव करना भी शुरु कर दिया है। सोमवार की सुबह से मंडी परिसर में बारदाने में भारी सरसों को वाहनों में भरना और उन्हे तावडू गोदाम में पहुंचाया जा रहा हैं। मंगलवार को 30 से 35 हजार सरसों से भरे कट्टे उठाए गए।

> **स्थानीय** मंडी में सोमवार की शाम तक किसानों द्वारा सरकार को बेचने के लिए किसानों द्वारा लाई गई सरसों में से 19 हजार 426 क्विंटल को खरीदा गया है। मंगलवार को सरसों की सरकारी खरीद जारी है। लेकिन खरीदे जाने वाली सरसों के लिए खाली बारदाना कमी आ रही है। जिसको लेकर मार्केट कमेटी सचिव और एसडीएम के संज्ञान में उक्त समस्या को रखा गया है।
>
> **(मुकेश कुमारी-खरीद अधिकारी हेफेड)**
>
> **किसानों** अपनी फसल को बिना किसी परेशानी के बेच सकेंगे। जिसके लिए प्रशासन की तरफ से अथक प्रयास किए जा रहे है। खरीदी गई सरसों को भरने के लिए खाली बारदाने का शाघ्रता से प्रबंध किया जा रहा है।
>
> **(सोनू भट-एसडीएम)**

# घामडौज टोल पर मासिक पास की दर वृद्धि के विरोध में सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**टोल** संघर्ष समिति ने एसडीएम के माध्यम से एनएचएआई द्वारा टोल व मासिक पास दर में वृद्धि किए जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। समिति लोगों ने विशेष रुप से मासिक पास में वृद्धि पर पूर्णरुप से रोक लगाने की मांग तथा बल्लभगढ-सोहना मार्ग पर लगे टोल प्लाजाओं को तुरन्त प्रभाव से हटाएं जाने की मांग की है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एसोसिएशन द्वारा हाल ही में बढ़ाई गई टोल दरों में वृद्धि को वापस लेने के साथ जहा देशवासियों ने चैन की सांस ली है। लेकिन गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर घामडौज में लगा टोल पर मासिक पास की दरों में वृद्धि किए जाने का स्थानीय आस पास लगते करीब 25 गांवों के लोग मंगलवार को सड़कों पर उतर आए है। क्षेत्र की टोल संघर्ष समिति के सदस्यों ने मिलकर मंगलवार को एसडीएम सोनू भट को एनएचएआई के नाम पर ज्ञापन सौंपा। जिसमें समिति ने मासिक पास दर में किसी प्रकार की बढोत्तरी न किए जाने की मांग की है। यदि मासिक पास की दर में वृद्धि रोक नही लगने पर समिति सदस्य धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होने की चेतावनी भी दी है। घामडौज टोल के 20 किलोमीटर के दायरे में 50 हजार की आबादी वाला सोहना शहर समेंत आसपास के 25 गांव 20 किलोमीटर के दायरे में आते है।

**मात्र 15 किलोमीटर दायरे में 250 रुपये का टोल :** टोल संघर्ष समिति का आरोप है कि सोहना से चारों दिशाओं में टोल लगे हुए है। गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के अलावा वडोदरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के गांव



क्षेत्र की टोल संघर्ष कमेटी सदस्य घामडौज टोल पर मासिक फीस बढौत्तरी के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

> **टोल** एजेंसी और एनएचएआई के अधिकारियों से जल्द ही संपर्क के समाधान निकाला जाएगा। क्षेत्रवासियों की मांग को मंगलवार की शाम तक उच्चाधिकारियों तक मांग को भेज दिया जाएगा।
>
> **(सोनू भट-एसडीएम सोहना)**

हिलालपुर की दूरी 15 किलोमीटर की है। लेकिन क्षेत्र लोगों को 15 किलोमीटर की दूरी में 250 रुपये का टोल देना पड़ रहा है।

**बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर टोल हटाने की मांग :** टोल संघर्ष समिति की तरफ से एसडीएम को ज्ञांपन सौंपते हुए बल्लभगढ-सोहना मार्ग पर 20 किलोमीटर की दूरी में लगे दो टोलों को हटाएं जाने की मांग की है। समिति के वरिष्ठ सदस्य सतबीर पहलान ने बताया कि बल्लभगढ़ मार्ग पर लगे टोलों की वधैता समाप्त होने के बादवजूद दोनों ही टोल जारी है। इस मार्ग पर खंड के 10 से 12 गांव लगते है।

## इनेलो प्रदेश में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में करेगी जीत हासिल



**सोहना।** इंडियन नेशनल पार्टी के नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष नरेश जांगड़ा ने कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी सभी 10 की 10 सीटों पर भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। उसके बाद विधानसभा चुनाव में भी प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेगी। इनेलों के नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष नरेश जांगड़ा ने बताया कि बीते करीब साढ़े 19 साल में प्रदेश की जनता कांग्रेस और भाजपा के शासनकाल से उब गई है। क्योकि झूठे वायदे करके सत्त हथियाने वाले दलों से तंग हो चुकी है। प्रदेश की जनता को यदि रामराज का शासनकाल अगर दिला सकती है। वह एक अकेली इनेलो ही है। जिसके शासन काल में हर वर्ग सुखी रहते हैं।

# श्री मद्भागवत कथा में राम जन्म, राम सीता विवाह एवं श्री कृष्ण जन्म का हुआ वर्णन

**फिरोजपुर झिरका।** राम जन्म, राम सीता विवाह, सीता हरण, रावण वध,भगवान श्री राम का अयोध्या आगमन, कृष्ण जन्म कथा का प्राचीन श्री शिव मंदिर अस्थल नगीना पर हो रही श्री मद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथा में सुंदर वर्णन किया। बृज भूमि डीग से पधारे कथा प्रवक्ता राजेश उपाध्याय ने विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए बताया की जब धरती पर पाप व अनैतिक कार्य बढ़ने लगे तो भगवान श्री हरि ने अयोध्या के राजा दशरथ के श्री राम के रूप में जन्म लिया।

सम्पूर्ण ब्रह्मांड में उमंग, उत्साह,हर्ष की लहर व्याप्त हो गई ।श्री राम ने शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात उनका विवाह जनक नंदिनी जानकी से हुआ। पिता की आज्ञा से श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण के साथ 14 वर्ष के लिए राजशाही, ठाटबाट छोड़कर वनवास को चले गए। वहां पर उन्होंने अनेक पापियों व देत्यों का संधहार किया । रावण ने छल से माता सीता का हरण कर लिया ओर भगवान श्री



कथा प्रवक्ता मोनू उपाध्याय श्रीमद् भागवत कथा का वर्णन करते हुए

राम समुद्र पर सेतु बनाकर लंका जाकर रावण को उसके पापों के लिए उसका वध किया। 14 वर्ष बाद भगवान श्री राम,सीता, लक्ष्मण सहित अयोध्या आए तो नगरवासियों ने हर्षोल्लास के साथ उनका स्वागत कर दीपोत्सव मनाया। आचार्य राजेश उपाध्याय ने विधि विधान एवं मंत्रोच्चारणों के साथ संगीतमय पूजा अर्चना संपन्न कराकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वेश सिंगल, रत्न लाल गोयल, ज्ञानचंद गोयल, राधेश्याम खंडेलवाल, विकास गुप्ता, टिक्कम सैनी, त्रिलोक प्रजापत, मनोहर लाल, अंजू गोयल सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।


## पायनियर क्लासीफाइड

**नाम परिवर्तन**

I, Abujar S/o Aas Mohd R/o H.No. 289, Block-E, SGM Nagar, Faridabad, HR have changed my name to Mohd Abujar.

**बेदखल सूचना**

मैं, शीला देवी पत्नी श्री हरिन्दर सिंह निवासी जाटो मोहल्ला, तहसील व जिला करनाल निवासी बयान करती हूं, कि मेरे लडके अजय को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। मेरे पुत्र अजय से जो भी लेन-देन करेगा व स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारे परिवार के किसी भी सदस्य या उत्तराधिकारी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बेदखल सूचना**

मैं, रिजकराम पुत्र श्री रघुवीर निवासी ग्राम फुलवाडी, तहसील व जिला पलवल बयान करता हूं, कि मेरा बड़ा पुत्र सुनील कुमार व पुत्रवधु ललिता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं तथा हमसे रोजाना लड़ाई-झगड़ा करते हैं, इसलिए मैंने अपने पुत्र सुनील कुमार व पुत्रवधु ललिता को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में इन दोनों से लेन-देन या व्यवहार आदि रखने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य की किसी प्रकार की काई जिम्मेवारी नहीं होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य का इन दोनों से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**बेदखल सूचना**

मैं, रामबीर पुत्र श्री रामपाल निवासी भाटिया कॉलोनी, रसूलपुर रोड, निकट ओम गैस एजेन्सी, तहसील व जिला पलवल बयान करता हूं, कि मेरा बड़ा पुत्र राजकुमार व पुत्रवधु मीना मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं तथा हमसे रोजाना लड़ाई-झगड़ा करते हैं, इसलिए मैंने अपने पुत्र राजकुमार व पुत्रवधु मीना को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में इन दोनों से लेन-देन या व्यवहार आदि रखने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य की किसी प्रकार की काई जिम्मेवारी नहीं होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य का इन दोनों से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**LAXMI EDUCATION DWELLERS PVT. LTD.**
Regd. Office at H.No.108, 100 feet Road, Chawla Colony, Faridabad 121004 HARYANA

**PUBLIC NOTICE**

Whereas, Laxmi Education Dwellers Pvt. Ltd., primary school (St. Andrews World School) site 01 (1.062 acre), located at Group Housing Colony of BE Automation `Pvt. Ltd. in collaboration with Orris Infrastructure Pvt. Ltd. Area measuring 29.068 Acres (License No. 39 of 2009 dated 24.07.2009 & License No. 99 of 2011 dated 17.11.2011) Sector- 85, Gurugram. Existing building plan of the said plot was approved vide memo no. ZP-556-Vol-III/PA(DK)/2023/11980, dated 26-04-2023 and Occupation Certificate Received vide memo no. ZP-556-IV/PA(DK)/2023/2073, dated 18-01-2024 granted by Director Town & Country Planning, Haryana, Chandigarh. Now, Laxmi Education Dwellers Pvt. Ltd., has requested Town and Country Planning Haryana / HSVP to upgrade this Primary School Site to Senior Secondary School Site. There is no change in the plot area or approved building plan of any kind. Whereas the office of Director Town and Country Planning, Haryana, Chandigarh has required seeking of objections/suggestions against the request mentioned above via Memo No. ZP-556-IV/PA(DK)/2024/9259, Dated 13-03-2024. Details of the same are available on our website www.sawsgurugram.com for reference. Details are also available at the site address mentioned primary school (St. Andrews World School) site 01 as well as the office of Senior Town Planner, Sector 14, Gurugram, Haryana-122001

Any person related to this matter having any objection/suggestion may take clarification from the owner at its Registered Office or Site Office at primary school (St. Andrews World School), Sector-85, Gurugram, opposite Orris Aster Court or may file his/her objections at the office of Senior Town Planner, Sec 14, Gurugram, Haryana - 122001 within 30 days of publication of this notice, failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposal.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# एकजुटता प्रयास

## लोकतंत्र बचाओ रैली

**विपक्ष ने एकजुटता प्रयास के अंतर्गत** 'लोकतंत्र बचाओ रैली' आयोजित की। सत्तारूढ़ अवस्थापना द्वारा कथित रूप से संघीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर जन-भावनायें उभारने के लिए विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' ने राजधानी के रामलीला मेंदान में रैली आयोजित की। अपने कई कैबिनेट सहयोगियों की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी करोड़ों रुपये के शराब नीति घोटाले में सीखचों के पीछे हैं। यह रैली संभवत: इस गिरफ्तारी की निन्दा करने के लिए थी, लेकिन कांग्रेस ने कहा कि यह किसी व्यक्ति पर केन्द्रित नहीं है और इसका उद्देश्य लोकतंत्र व संविधान बचाना है। विपक्ष ने इस रैली के माध्यम से एक राजनीतिक संदेश देने व अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता दिखाने का प्रयास किया किया है। विपक्ष यह दिखाने का प्रयास कर रहा है कि वह हमारे महान देश के आधारभूत लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों की रक्षा कर रहा है। रैली में उपस्थित विपक्षी नेताओं में रांकापा के शरद पवार, शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, भाकपा महासचिव डी.राजा, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती तथा झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शामिल थे। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी तथा 'आप' नेता व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी रैली में शामिल थे।

सुनीता केजरीवाल ने जेल में बंद अपने पति अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ कर सुनाया जिसके अनुसार, 'भारत बहुत कष्ट की स्थिति में है और यह अत्याचार कारगर नहीं सिद्ध होगा।' रैली में उपस्थित नेताओं




ने केन्द्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग तथा सरकार द्वारा विपक्ष को कथित रूप से पंगु बनाने के प्रयासों को बार-बार रेखांकित किया। वर्तमान समय में कई विपक्षी नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं और कांग्रेस के बैंक खाते आयकर नियमों के उल्लंघन में फ्रीज किए गए हैं। भाजपा ने इस विपक्षी रैली पर व्यंग्य करते हुए इसे 'अलीबाबा और चालीस चोर' बैठक कहा है। भाजपा ने विपक्ष पर निशाना लगाते हुए कहा है कि यह 'लोकतंत्र बचाओ' के बजाय 'परिवार बचाओ' और 'भ्रष्टाचार छिपाओ' रैली है। हालांकि, इस रैली ने विपक्षी एकता प्रदर्शित करने का प्रयास जरूर किया है, पर यह मंच पर फोटो खिंचवाने तक सीमित है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में तथा 'आप' ने पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। रैली में विपक्षी नेताओं के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई रोकने तथा जेल में बंद हेमंत सोरेन व अरविंद केजरीवाल को रिहा करने की मांग की गई। इससे स्पष्ट है कि विपक्षी नेता स्वयं को देश के कानून से ऊपर समझते हैं। जेल में बंद सभी विपक्षी नेताओं के खिलाफ विभिन्न आरोपों में कानून-सम्मत कार्रवाई की गई है और उनको अदालतों द्वारा सजा मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा है इनमें से कई को तो सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिली है और उनका 'भ्रष्टाचार विरोधी अभियान' लगातार चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ईडी द्वारा जब्त 17,000 करोड़ रुपयों से अधिक धनराशि उत्पीड़ित लोगों को वापस कर चुकी है। उन्होंने जनता से वादा किया है कि उनकी अगली सरकार भ्रष्टाचारियों से जब्त पैसा जनता को वापस लौटाने की व्यापक योजना पर काम कर रही है। जनता व खासकर देश की युवा पीढ़ी का भाजपा पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में लोकतंत्र के नाम पर 'भ्रष्टाचारी बचाओ' नेताओं के प्रति जनता की हमदर्दी पैदा होने की कोई संभावना नहीं है।

# नैनो-उर्वरकों से टिकाऊ खेती

भारत वर्तमान समय में नैनो-उर्वरकों का उत्पादन बढ़ा रहा है। लेकिन इसकी तकनीकी संभावनाओं तथा इस व्यवस्था में तार्किक परिवर्तन के बारे में कुछ आशंकायें हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**हाल** ही में केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है, 'इस वित्त वर्ष में वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में द्रव नैनो किस्म के प्रयोग के कारण यूरिया के उपभोग में 8 प्रतिशत कमी की संभावना है। इसके तथा घरेलू उत्पादन में वृद्धि के कारण यूरिया के आयात में वित्त वर्ष 2023 में एक बटा पांच से अधिक कमी आई है। इस उर्वरक का उर्वरक सब्सिडी बिल में 70 प्रतिशत का योगदान है। नैनो यूरिया उपभोग का विस्तार होने तथा ओडिशा के तालचेर में नए बड़े यूरिया प्लांट की सितंबर, 2023 में स्थापना से दो-तीन साल में आयातों से मुक्ति मिल सकती है।' मंत्री का बयान नैनो उर्वरकों की अभूतपूर्व संभावनाओं की ओर संकेत करता है। नैनो यूरिया के साथ ही उद्योग ने नैनो-डीएपी तथा नैनो रूप में अन्य उर्वरकों का उत्पादन शुरू किया है जिनमें नैनो-पोटाश, नैनो-जिंक, नैनो-बोरान, आदि शामिल हैं। इससे न केवल उर्वरक सब्सिडी में काफी कमी आई है, बल्कि उर्वरक प्रयोग में असंतुलन कम हुआ है जिससे मृदा स्वास्थ्य बेहतर हुआ है तथा पर्यावरण-हितैषी लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिली है। इसके अतिरिक्त अनेक अन्य लाभ भी प्राप्त हुए हैं जिनमें विदेशी मुद्रा की बचत, चालू खाते के घाटे में कमी तथा लाजिस्टिक श्रृंखला पर बोझ घटना शामिल है जिसमें खासकर परिवहन व भंडारण ढांचा शामिल है। नैनो-यूरिया नैनोकणों के रूप में होती है जिसमें नाइट्रोजन कण का आकार 20-50 नैनोमीटर-एनएम होता है। इसी प्रकार नैनो-डीएपी में पोलीमर से ढके डीएपी कण 100 एनएम से छोटे होते हैं। नैनो यूरिया पौधों को नाइट्रोजन द्रव रूप में देती है, जबकि परंपरागत यूरिया सफेद ठोस कणों के रूप में होती है। इसी प्रकार नैनो-डीएपी द्रव रूप में नाइट्रोजन व फास्फोरस तत्व देती है।

नैनो-उर्वरकों में कणों के बहुत छोटे होने के कारण इनका सतह क्षेत्र 1एमएम यूरिया कणों से 10,000 गुना अधिक होता है। इससे पौधों की पत्तियां इनका आसानी से शोषण कर लेती हैं। ये कण पौधों के छोटे छिद्रों या स्टोमेटा के माध्यम से प्रवेश कर सीधे कोशिका भित्तियों को पार कर कोशिकाओं में मिल जाते हैं। कोशिका के भीतर पहुंचने पर ये धीरे-धीरे पोषक तत्व छोड़ते हैं और पूर्ण असशोषण सुनिश्चित करते हैं, जबकि परंपरागत विधियों में इनका काफी हिस्सा बेकार चला जाता है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव-इफ्को की खोजी संस्थान नैनो बायोटेक्नोलोजी रिसर्च सेंटर ने दावा किया है कि नैनो यूरिया की प्रभावशीलता परपंरपगत यूरिया के 40 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिशत है। नैनो-यूरिया फसल के उत्पादन में 3-16 प्रतिशत वृद्धि करती है। इसी प्रकार नैनो-डीएपी भी प्रयोग में बचत तथा फसल उत्पादकता बढ़ाने में उपयोगी है। परंपरागत यूरिया के प्रयोग से पर्यावरणीय चिन्तायें पैदा होती हैं जिनमें नाइट्रेट लीचिंग, ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन लेयर क्षरण तथा भूमिगत जल प्रदूषण शामिल हैं। इसकी तुलना में नैनो-यूरिया के प्रयोग से मृदा, जल व वायु प्रदूषण कम होता है। एक अध्ययन के अनुसार नैनो-यूरिया के दो बार छिड़काव से नाइट्रोजन लोड केवल 25 प्रतिशत बढ़ता है जबकि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन भी परंपरागत विधियों की तुलना में कम होता है। इफ्को-एनबीआरसी ने दावा किया है कि नैनो-यूरिया की 500 मिली की बोतल परंपरागत यूरिया के 45 किलो बोरे के बराबर है। इसमें 46 प्रतिशत या 20 किलो नाइट्रोजन होता है जबकि नैनो-यूरिया में यह 20 ग्राम होता है। इसके बावजूद दोनों को समान माना गया है। इसका अर्थ है कि नैनो-रूप में यूरिया परंपराग यूरिया से 1000 गुना अधिक प्रभावी है।

क्षमता में इसी अंतर के कारण इफ्को ने किसानों को बिना किसी सब्सिडी के 500 मिली बोतल 240 रुपये में देने का निर्णय किया है। इसके उलट परंपरागत यूरिया के 45 किलो बोरे की सप्लाई लागत ग्यारह गुना अधिक है। देश में उत्पादित यूरिया की तुलना में आयातित यूरिया के मामले में यह खर्च और बढ़ जाता है। सरकार को 240 रुपये की समान कीमत में उपलब्ध कराने के लिए 2410 रुपये सब्सिडी देनी पड़ती है। डीएपी के मामले में इफ्को-एनबीआरसी का दावा है कि 500 मिली नैनो-डीएपी बोतल परंपरागत डीएपी के 50 किलो बोरे के बराबर है। इसे किसानों को बिना किसी सब्सिडी के 600 रुपये में दिया जा सकता है, जबकि परंपराग डीएपी इससे सात गुना महंगी 4,000 रुपये की है। सरकार द्वारा दी जाने वाली 2,650 रुपये की सब्सिडी के कारण डीएपी किसानों को 1,350 रुपये में मिलती है जो समान क्षमता वाली 500 मिली बोतल की तुलना में दूनी है। मनसुख मंडाविया के अनुसार भारत वितत वर्ष 2023-24 में नैनो-यूरिया की लगभग 55 मिलियन बोतलें तैयार करेगा जो 2.5 मिलियन टन परंपरागत यूरिया का स्थान लेंगी। एक स्तर पर इससे यूरिया के अत्यधिक उपभोग से बचने में सहायता मिलेगी और उर्वरक प्रयोग में असंतुलन में कमी आएगी जिससे मृदा स्वास्थ्य में सुधार होगा। दूसरी ओर इससे सब्सिडी में भारी कमी आएगी। इसके साथ ही परंपरागत यूरिया के आयात पर होने वाला खर्च भी घटेगा। चूंकि नैनो-यूरिया पर किसी सब्सिडी की जरूरत नहीं होगी, इसलिए 13,400 करोड़ रुपये की पूरी धनराशि बच जाएगी।

इसी प्रकार परंपरागत डीएपी के स्थान पर नैनो-डीएपी के प्रयोग से भी सब्सिडी में बचत होगी। सरकार का इरादा 2024-25 तक नैनो-यूरिया का उत्पादन बढ़ा कर 440 मिलियन बोतल करना है। यह बीस मिलियन टन परंपरागत यूरिया या कुल वर्तमान उपभोग का लगभग 60 प्रतिशत है। आश्चर्य है कि क्या इस सीमा तक हस्तांतरण तकनीकी रूप से संभव होगा। सामान्यत: यूरिया का प्रयोग दो बार होता है। बेसल ड्रेसिंग के तौर पर ठोस उर्वरक को बुआई या रोपाई के पहले पूरे खेत में किया जाता है। इसके बाद टाप ड्रेसिंग में उर्वरक को सीधे पत्तियों पर छिड़का जाता है। नैनो-यूरिया केवल टाप ड्रेसिंग में ही परंपरागत यूरिया का स्थान लेगी क्योंकि बेसल प्रयोग केवल ठोस रूप में होता है।

वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया है कि 16.5 मिलियन टन यूरिया प्रयोग का केवल 50 प्रतिशत नैनो-यूरिया के अंतर्गत आता है। इस स्तर पर भी यूरिया आयात की आवश्यकता नहीं पड़ेगी जो वर्तमान समय में 2023-24 में लगभग 6.4 मिलियन टन है। केवल इतना ही नहीं, बाकी 10 मिलियन टन के लिए नैनो-यूरिया के उपयोग से प्राकृतिक गैस-एनजी के आयात में 'भारी' कमी आएगी जो यूरिया उत्पादन का प्रमुख कच्चा माल है। प्रति टन यूरिया के उत्पादन में 600 क्यूबिक मीटर एनजी का प्रयोग होता है। ऐसे में यदि 10 मिलियन टन परंपरागत सामग्री का उपयोग हो तो एनजी की आवश्यकता 6000 मिलियन क्यूबिक मीटर होगी। यदि इसके बजाय यह क्षमता प्रयोग में 1000 गुना अंतर के कारण नैनो-यूरिया के क्षेत्र में आ जाता है तो केवल 6 मिलियन क्यूबिक मीटर एनजी की जरूरत होगी। इसके कारण गैस आयात पर खर्च घटने से भारी बचत होगी। वर्तमान समय में भारत अपनी कुल एनजी आवश्यकता का पचास प्रतिशत आयात करता है। यूरिया के घरेलू उत्पादन में भी इसका उपयोग होता है, जबकि कुल आवश्यकता के एक तिहाई की पूर्ति आयातित एलएनजी से होती है। परंपरागत उर्वरकों के स्थान पर नैनो-उर्वरकों के प्रयोग से ढांचागत संरचना पर पड़ने वाला बोझ भी घटेगा।

45 किलो के परंपरागत यूरिया की हैंडलिंग, मूविंग, भंडारण और वितरण पर आने वाला खर्च 500 मिली की नैनो-यूरिया बोतल की तुलना में बहुत अधिक है। इसी प्रकार 50 किलो के परंपरागत डीएपी बोरे की तुलना में 500 मिली नैनो-डीएपी के परिवहन व अन्य वितरण खर्च में बहुत अधिक अंतर होगा। हालांकि, स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार नैनो-उर्वरकों का प्रयोग बढ़ाने के पक्ष में बयान दिए हैं, पर इसके बावजूद किसानों में परंपरागत उर्वरकों के स्थान पर नैनो-उर्वरकों का प्रयोग बढ़ाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। प्रधानमंत्री द्वारा ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन प्रयोग में दक्ष बनाने और उनका प्रयोग कृषि संबंधी कार्यों में करने की योजनाओं को देखते हुए नैनो द्रव उर्वरकों के प्रयोग में व्यापक वृद्धि होने की आशा है।

# शिक्षकों का उत्थान आवश्यक

> आज के डिजिटल युग में, शिक्षकों को छात्रों के सीखने और जुड़ाव को बढ़ाने के लिए अपने निर्देश में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षक हैं)



**युवा** दिमागों को सशक्त बनाने से लेकर चरित्र को ऊंचा उठाने तक, एक शिक्षक के कर्तव्य असंख्य और महत्वपूर्ण हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि शिक्षक के कर्त्तव्य न तो कम होते हैं और न ही छोटे, बल्कि वे मन को ऊँचा उठाते हैं और चरित्र को ऊर्जा प्रदान करते हैं। शिक्षा प्रणालियों और समाज की बेहतरी के लिए शिक्षकों को ऊपर उठाने की आवश्यकता महत्वपूर्ण है। जिस तरह छात्र सीखते समय संज्ञानात्मक विकास से गुजरते हैं, उसी तरह शिक्षक भी पेशेवर सीखने में संलग्न होने पर संज्ञानात्मक विकास का अनुभव करते हैं जो अंतत: उनके अभ्यास पर प्रतिबिंबित होता है और उनके दृष्टिकोण को परिष्कृत करता है। निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर और शिक्षकों को उनकी निरंतर कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए मान्यता देने से मनोबल और प्रेरणा बढ़ सकती है। यह शिक्षकों को अपने कौशल को निखारने, नवीनतम शैक्षणिक तकनीकों के साथ अद्यतन रहने और उनकी विषय वस्तु विशेषज्ञता को और गहरा करने में मदद कर सकता है, जिससे वे अपने शिक्षण प्रथाओं की निगरानी और विनियमन कर सकते हैं, छात्रों की जरूरतों के आधार पर अपने दृष्टिकोण को अनुकूलित कर सकते हैं और शिक्षकों के रूप में उनकी प्रभावशीलता में सुधार कर सकते हैं।

आज के डिजिटल युग में, शिक्षकों को छात्रों के सीखने और जुड़ाव को बढ़ाने के लिए अपने निर्देश में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। कुछ प्रथाओं में शिक्षण और मूल्यांकन के लिए शैक्षिक सॉफ्टवेयर, मल्टीमीडिया संसाधनों और ऑनलाइन प्लेटफार्मों का उपयोग करना शामिल है। शिक्षकों को विभिन्न निर्देशात्मक रणनीतियों और शिक्षण विधियों में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता



है जो विभिन्न विषयों, ग्रेड स्तरों और छात्र आबादी के लिए प्रभावी हों और इसमें निर्देश को अलग करने, कक्षा में प्रौद्योगिकी को शामिल करने और आकर्षक सीखने के अनुभव बनाने की समझ शामिल हो। एक शिक्षक का संज्ञानात्मक विकास एक आजीवन यात्रा है जो निरंतर सीखने, प्रतिबिंब और विकास की विशेषता है। संज्ञानात्मक विकास में मजबूत आधार वाले शिक्षक समझते हैं कि छात्र कैसे सीखते हैं और शिक्षार्थियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने निर्देश को अनुकूलित कर सकते हैं। इस प्रकार के शिक्षक प्रभावी शिक्षण रणनीतियों का उपयोग करने, निर्देश को अलग करने और आकर्षक सीखने के अनुभव बनाने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होते हैं जिसके परिणामस्वरूप शैक्षणिक उपलब्धि में सुधार होता है और छात्र जुड़ाव और प्रेरणा का उच्च स्तर प्राप्त होता है। जब शिक्षक संज्ञानात्मक विकास से गुजरते हैं, तो वे छात्रों की समझ, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बेहतर ढंग से विकसित करने में सक्षम होते हैं। आज के परिदृश्य में, एक शिक्षक को अपग्रेड करना या उसका कौशल बढ़ाना समय की मांग बन गया है। सरकार सहित कई स्कूल, कॉलेज और संस्थान छात्रों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने, आधुनिक शिक्षा की चुनौतियों से निपटने और सकारात्मक शिक्षण परिणामों में योगदान करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और स्वभाव के साथ शिक्षकों के समग्र विकास में सुधार की दिशा में काम कर रहे हैं। और समग्र विकास.

कुल मिलाकर, शिक्षकों को ऊपर उठाने में शिक्षण गुणवत्ता, शिक्षक कल्याण और शिक्षा प्रणालियों की समग्र प्रभावशीलता में सुधार के लिए एक समग्र दृष्टिकोण शामिल है। शिक्षकों में निवेश करके और उन्हें आवश्यक सहायता और संसाधन प्रदान करके, हम छात्रों के सीखने के परिणामों को बढ़ा सकते हैं और मजबूत और अधिक जीवंत समुदायों का निर्माण कर सकते हैं। साथ ही, शैक्षिक प्रक्रिया में माता-पिता/अभिभावकों और समुदाय के सदस्यों को शामिल करने जैसी रणनीतियों को लागू करने से शिक्षकों के लिए समर्थन मजबूत हो सकता है और छात्रों के लिए सीखने का अधिक अनुकूल माहौल बन सकता है।

शिक्षण पेशे में प्रतिभाशाली व्यक्तियों को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए प्रतिस्पर्धी वेतन और लाभ की पेशकश भी आवश्यक है क्योंकि पर्याप्त मुआवजा समाज द्वारा शिक्षा और शिक्षकों को दिए जाने वाले मूल्य को दर्शाता है। केवल जब प्रशासक अपने शिक्षकों की स्थिति को ऊंचा करना सीखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्हें समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक समर्थन, संसाधन और मान्यता प्राप्त है, तो सुधार के मामले में समाज और यहां तक कि पूरे देश की मदद की जा सकती है। छात्र परिणाम, आजीवन सीखने को बढ़ावा देना, समानता और समावेशिता को बढ़ावा देना और समाज में शिक्षा के व्यापक लक्ष्यों को आगे बढ़ाना।

# आप की बात

## परिवार में टकराव

**शरद पवार** द्वारा स्थापित राकांपा पहले चाचा शरद पवार और भतीजे अजित पवार के बीच दो भागों में बंटी। अजित पवार कुछ लोगों के साथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए। मजेदार बात है कि शिंदे सरकार भी शिवसेना के दो गुटों में विभाजित होने का परिणाम है, जिसे भाजपा व एनसीपी-अजित पवार गुट का समर्थन है। महाराष्ट्र की सरकार पहले भी तीन पहियों-शिवसेना, कांग्रेस, रांकापा की गाड़ी पर चल रही थी और अभी भी वो तीन पहियों के वाहन पर सवार है। राकांपा का गठन भी इंदिरा कांग्रेस को तोड़ कर हुआ था जिसके मुखिया शरद पवार बने थे। बारामती में पारिवारिक टकराव में नया मोड़ आने वाला है। यहाँ शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की धर्मपत्नी सुनेत्रा पवार यानी ननद-भौजाई आमने-सामने आ रहीं हैं। सुप्रिया सुले कह चुकीं हैं कि हमारी लड़ाई विचारों की है न कि निजी। देखना होगा कि वैचारिक टकरावों या चुनावी टकरावों के बावजूद परिवारों की एकजुटता कहां तक बनी रहती है। देश में परिवारवाद व वंशवाद की आलोचना करते समय राजनेता अपने समर्थकों और विरोधियों के परिवार में अंतर करते हैं, लेकिन मजबूरी में जनता को इनमें से किसी न किसी को वोट देना पड़ता है। मतदाताओं को ही रास्ता निकालना है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

## विपक्ष की रैली

**रामलीला मैदान** दिल्ली अपने नाम को सार्थक कर रहा है। यहां साल भर में 10 –15 बार विभिन्न तरह की रेलियां, धरने व आंदोलन होते ही हैं। इस बार विपक्ष ने यहां रैली की। रामलीला मैदान को जैसे यह वरदान प्राप्त है कि यहां जो भी आंदोलन, आयोजन होंगे उनका राष्ट्रीय स्तर के सभी चैनल ब्रॉडकास्ट करेंगे। कैमरे की फ्लैश लाइट अपनी और आते ही लोग तरह-तरह की हरकतें करने लगते हैं ताकि देश-दुनिया में वे अपना चेहरा दिखा सके। इस रैली में भी भरपूर भीड़ इकट्ठी हुई और विपक्षियों को लगने लगा कि अभी भी लोगों के मन में उनके लिए कुछ सहानुभूति है। इस रैली ने विपक्ष में जोश भर दिया है। लेकिन अभी तक पता नहीं चला कि इसका नेतृत्व कौन महान नेता कर रहा है। आप वालों ने इसे केजरीवालकी गिरफ्तारी से जोड़ा तो कांग्रेस ने इसे केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफआंदोलन बताया। विपक्ष की यह रैली नेताओं के एकसाथ फोटो खिंचवाने का मौका जरूर बना, पर अनेक राज्यों में उनकी आपस में लड़ाई जारी है। इस रैली में जेल में बंद अनेक नेताओं की पत्नियां एकत्र हुईं और उन्होंने अपनी पीड़ा साझा की। लेकिन देखना होगा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में बंद नेताओं के प्रति हमदर्दी पैदा होगी या नहीं।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

## सोशल मीडिया

**सोशल मीडिया** आज लोगों के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। यह न केवल मनोरंजन, बल्कि अभिव्यक्ति का अच्छा माध्यम है। दुनिया भर में अनेक सोशल साइटस का व्यापक इस्तेमाल हो रहा है। इनके द्वारा देश-दुनिया की खबरें पलक झपकते ही हमारे मोबाईल स्क्रीन पर होती हैं। यह अपनी आवाज सरकार और अधिकारियों तक पहुंचाने का अचूक हथियार बन गया है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इनका दुरूपयोग भी बढ़ रहा है। इनके माध्यम से बिना रोक टोक अश्लीलता परोसी जा रही है। धीरे-धीरे ये प्लेटफार्म फेक न्यूज का अड्डा बनते जा रहे हैं। जहां से बड़ी संख्या में फर्जी न्यूज प्रसारित कर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। धार्मिक एवं जातिगत उन्माद फैलाने वाले पोस्ट शेयर कर हिंसा एवं दंगो को हवा दी जा सकती है। किसी की फोटो के साथ छेड़ छाड़ कर और गलत रूप में पेश कर उसकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा सकता है। प्रख्यात राजनीतिक हस्तियों पर अभद्र टीका टिप्पणी तो आम बात हो गई है। सोशल मीडिया अपनी बात रखने का बेहतरीन मंच है, लेकिन इसका प्रयोग जिम्मेदारी और शालीनता से होना चाहिए। ऐसा न होने पर आम जनता से अभिव्यक्ति का यह साधन छिन भी सकता है।

– **शिवेन्द्र यादव.** कुशीनगर

## डाटा की चोरी

**हमारा निजी डाटा**, कंपनियों एवं सरकारी डाटा बैंक से हैकिंग का जरिए चुरा लिए जाते हैं। एक बार लेने के बाद लाखों की संख्या में डाटा को सुरक्षित रखना लगभग असंभव होता जा रहा है। अमेरिका में वहां की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी एटीएंडटी के लगभग 73 मिलियन लोगों की निजी जानकारी डार्क वेब में लीक हो गई है। एक हैकर ने दावा किया कि उसके पास 73 मिलियन इस कंपनी के ग्राहकों के डेटा तक पहुंच है। इसमें उनके नाम, पते, फोन नंबर, एसएसएन और जन्मतिथि शामिल हैं। पता चला कि हैकर ने चोरी की गई जानकारी को हजारों डॉलर में बेच दिया है। कंपनी ने कहा है कि कम से कम 7.6 मिलियन मौजूदा खाताधारक और 65.4 मिलियन पूर्व उपयोगकर्ता इस डाटा चोरी से प्रभावित हुए हैं। इस प्रकार यह डाटा कुल अमेरिकी आबादी के 20 फीसदी लोगों का है। ऑनलाइन साइबर हैकर्स ने जासूसी का काम को और आसान बना दिया है। आज कोई नहीं कह सकता कि उसका निजी डाटा सुरक्षित हाथों में है। एआई के युग में डाटा चोरी व्यक्तियों, पूरे समाजों व देशों के लिए खतरनाक हो सकती है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# रणजीत चौटाला ने ब्राह्मण सभा की बैठक में पहुंचकर मांगी माफी

## कांग्रेस ने चंद्रमोहन को उतारा तो कठिन होगी राह

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** की हिसार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला ब्राह्मण समुदाय के लिए की गई टिप्पणी को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगकर विवाद से निकलने का प्रयास कर रहे है। ब्राह्मण समाज पर उनकी टिप्पणी गले की फांस बन चुकी है। इस विवाद से छुटकारा पाने के बाद भी रणजीत सिंह कांग्रेस की ओर से कड़ी चुनौती में फंस सकते है। कांग्रेस हिसार सीट से दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पुत्र और हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्रमोहन को हिसार से प्रत्याशी बनाने पर विचार कर रही है। उधर चुनावी माहौल गरमाते ही जेजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष ने कांग्रेस से गठबंधन की पहल करते हुए पार्टी के लिए हिसार और भिवानी सीट की मांग की है।





विवादों से घिरते देख भाजपा प्रत्याशी रणजीत चौटाला अब सार्वजनिक तौर पर माफी मांगते हुए नजर आ रहे हैं। इस कड़ी में हिसार की ब्राह्मण धर्मशाला में एक बार फिर से इस मुद्दे को लेकर ब्राह्मण समाज के लोगों ने मीटिंग की। मीटिंग के दौरान रणजीत चौटाला भी पहुंच गए और माफी मांगी।माफी मांगते हुए वीडियो वायरल हो गया है। रणजीत सिंह के माफी मांगने पर ब्राह्मण सभा पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हे ब्राह्मण सभा के फैसले से अवगत करवा दिया जाएगा। इंडिया गठबंधन में शामिल एनसीपी शरद पवार की और से कांग्रेस से करनाल सीट की मांग की जा रही है। एनसीपी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मराठा वीरेंद्र वर्मा ने यह मांग की है। चुनावी माहौल गरमाने के साथ ही कांग्रेस पर सीट बटवारे का दवाब बढ़ रहा है। अभी तक इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को कुरुक्षेत्र सीट दी है।कांग्रेस के प्रत्याशियों की घोषणा में विलम्ब के चलते दूसरे दलों की ओर से सीट बटवारे की मांग की जा रही है। हिसार सीट पर अगर कांग्रेस पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्रमोहन को प्रत्याशी तय करती है तो रणजीत चौटाला की राह कठिन हो सकती है।चंद्रमोहन दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पुत्र है। भजनलाल के दूसरे पुत्र और भाजपा नेता कुलदीप विश्नोई हिसार लोकसभा सीट से टिकट न दिए जाने से नाराज है। कुलदीप विश्नोई की अपने भाई से सहानुभूति रंजीत चौटाला की कठिनाई बढ़ा सकती है। भाजपा की ओर से प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किए जा चुके है लेकिन कांग्रेस,इनेलो और जेजेपी की और से प्रत्याशी चयन के लिए मंथन अभी चल रहा है।

# पेड़ों पर होर्डिंग लगाना एनजीटी के आदेशों की अवेहलना

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

पर्यावरण सरंक्षण में कार्यरत ग्रीन अर्थ संगठन की टीम ने पिछले एक साल से धर्मनगरी में पेड़ों को बैनर्स व होर्डिंग्स मुक्ति का अभियान चलाया हुआ है। संगठन अभी तक पेड़ों से हजारों बैनर्स व होर्डिंग्स उतार चुका हैं। एनजीटी ने पेड़ों पर बैनर्स, होर्डिंग्स, तारें, केबल तथा लाइट आदि लगाना प्रतिबंधित किया हुआ है। एनजीटी 2014 में उपायुक्त कुरुक्षेत्र को इसकी पालना सुनिश्चित करने के आदेश दे चुका है। इसके बावजूद, शहर में आये दिन कोई न कोई कोचिंग सेंटर, दुकानदार, होटल, धार्मिक, सामाजिक व शैक्षणिक संस्थान पेड़ों पर होर्डिंग्स लगा देता है, जिन कों ग्रीन अर्थ की टीम उतारती रहती है।

ये संस्थान आदेशों की अवेहलना करके पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। संगठन के सदस्य जगत सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने शहर में अलग अलग स्थानों से पेड़ों से बैनर्स व होर्डिंग्स उतारे हैं तथा अधिकतर पेड़ों को होर्डिंग्स बैनर्स तथा कीलों से मुक्त किया जा चुका है। लगातार चेताने के बावजूद कुछ संस्थान होर्डिंग्स लगाने से बाज नहीं आ रहे



पेड़ पर लगे होर्डिंग

हैं, जिनके खिलाफ प्रशासन को कानूनी कार्यवाही अमल में लानी चाहिए। संगठन सदस्य मोनिका भारद्वाज ने बताया कि पेड़ों पर बैनर्स, होर्डिंग्स, तारें, केबल तथा लाइट आदि लगाना गैरकानूनी है तथा एनजीटी के आदेशों की अवेहलना हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी कोचिंग सेंटर, शैक्षणिक संस्थान या राजनैतिक पार्टी आदि पेड़ों पर बैनर्स/ होर्डिंग्स लगाने से बाज नहीं आता है, तो उसके खिलाफ एनजीटी में कंटेम्प्ट याचिका दायर की जाएगी। संगठन ने अपील की है कि पेड़ों से अपने बैनर्स/ होर्डिंग्स तुरंत उतार लें तथा पेड़ों को नुकसान न पहुंचाएं।

# संक्षिप्त समाचार

### बजीदपुर स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव



छात्र छात्राओं को तिलक लगाते स्कूल स्टाफ

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय मिडल स्कूल बजीदपुर में नए प्रवेश के लिए उत्सव मनाया गया। इसमें छुठी कक्षा में दाखिला लेने वाले 33 छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्टाफ की ओर से माथे पर तिलक लगा कर उनका स्वागत किया, जो बहुत ही उत्साहवर्धक रहा। सम्मान पूर्वक दाखिला देने के लिए गांव वासियों ने स्कूल स्टाफ की सराहना की। मुख्याध्यापिका राज बाई सभरवाल ने सभी अभिभावकों को स्कूल से जुड़ने और बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलवाने की अपील की। इस अवसर पर मिडल स्कूल से सीमा रानी, अरविंद कुमार, मलकीत सिंह व सुनीता देवी, प्राइमरी स्कूल से संजीव सैनी, विक्रम सिंह, जय कुमार, रविंद्र कुमार व चंद्र सिंह मौजूद रहे। बता दें कि 31 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे। इसमें गांव के गणमान्य व्यक्तियों से साथ अभिभावकों ने शिरकत की। ग्राम पंचायत द्वारा अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को लेखन सामग्री भेंट की गई।

### रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशु राम कॉलेज कुरूक्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु एक जागरूकता रैली का आयोजन नोडल अधिकारी चुनाव डॉ. सुभाष शर्मा के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीशपाल ने रैली में भाग करने हेतु छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस रैली का उद्देश्य है कि मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु जागरूक करना ताकि लोकसभा चुनावों में मतदान का प्रतिशत पिछले चुनावों की अपेक्षा बढ़े। इस अवसर पर नोडल अधिकारी चुनाव डॉ. सुभाष शर्मा ने बताया कि हमारे कॉलेज में चुनावी जागरूकता को लेकर हर सप्ताह कोई ना कोई कार्यक्रम हो रहा है। पिछली बार हमने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसी कड़ी में आज की यह चुनावी जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग पचास विद्यार्थियों ने सेक्टर पांच की मार्किट, सामुदायिक केंद्र के पास बैठे हुए बुजुर्ग व्यक्तियों तथा आसपास के घरों और दुकानदारों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। लोकतंत्र का यही आह्वान, आओ मिलकर करें मतदान, करो मतदान करो मतदान, देश का करो उत्थान आदि नारों से समा बांध दिया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. सुरेश पाराशर, प्रो. कर्मजीत सिंह और डॉ. सतीश कुमार ने जागरूकता रैली का नेतृत्व किया।

### संग्रहालय दर्शन कर बच्चों ने जाना प्राचीन इतिहास



संग्रहालय देखने पहुंचे स्कूलों के बच्चे

**सोनीपत।** स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है तो इंसान संस्थाएं भी अब नर्सरी पहली दूसरी और तीसरी कक्षा के बच्चों को संग्रहालय दर्शन के लिए लेकर पहुंचने शुरू हो गए हैं। मंगलवार को काफी संख्या में स्कूली बच्चों का दल शिक्षकों के साथ 100 से पांच हजार साल पुरानी वस्तुएं को देख कर पुराने इतिहास का साक्षात दर्शन किया। ब्यूटीफिकेशन सोसाइटी के सदस्य सचिव राजेश कुमार खत्री ने बताया कि उनके पास स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय सोनीपत को देखने के लिए जिस भी किसी स्कूल से रिक्वेस्ट आती है तो वह उस उस विद्यालय के बच्चों को संग्रहालय दर्शन निशुल्क करवाते हैं। उन्होंने बताया कि एक निजी स्कूल से 51 मासूम बच्चों ने अपनी अध्यापिकाओं के साथ सुबह के समय पहुंची और संग्रहालय में वैदिक, रामायण, महाभारत, ऋषि मुनि, मिट्टी बर्तन, फ़िल्म, पुलिस करंसी, शहीद, टेलीफोन, हवेली, खेल, गांव, खेती, खजाना, रेलवे स्टेशन, आदि गैलर। उन्होंने बताया कि डिप्टी कमिश्नर सोनीपत सोसाइटी के पदेन अध्यक्ष है। जनहित को ध्यान में रखते हुए और एनसीआर सोनीपत में पर्यटकों को बढ़ावा देने के मकसद को लेकर वर्ष 2014 में जर्जर होकर धरासाई हो चुकी ब्रिटिश कालीन तहसील का जीर्णोद्धार कार्य करने के बाद वस्तुएं सजाने का कार्य अब अंतिम चरण में हैं।

### बदमाशों ने युवक को तमंचे का भय दिखाकर की लूटपाट

**पानीपत।** गांव नौल्था रेलवे फाटक के नजदीक बदमाशों द्वारा बीते सप्ताह एक मोटरसाइकल सवार से तमंचे का भय दिखा कर मारपीट करने व नगदी लूटने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को नामजद करते हुए 5- 6 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया किया है। पुलिस में दी शिकायत में गांव जोंधन कलां निवासी रिंकू ने बताया कि वह पानीपत- गोहाना मुख्य मार्ग पर डाहर टोल टैक्स पर कार्य करता है। बीते सप्ताह 28 मार्च को वह रात के करीब आठ बजे अपने गांव जा रहा था। रास्ते में नौल्था रेलवे फाटक के पास कुछ बदमाशों ने उसे रोक लिया। जो तमंचा, लोहे की रांड व डंडों से लैस थे। इस दौरान बदमाशों ने उसके साथ से मारपीट करते हुए तमंचे का भय दिखाकर 1500 रुपये नगदी लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश भाग गए लेकिन उसने एक लुटेरे को पहचान लिया।

# जिला चुनाव अधिकारी ने गिनती केंद्रों का किया दौरा-प्रबंधों का लिया जायजा

**एजेंसी।** जालंधर

जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने आज लोकसभा चुनाव-2024 के लिए गिनती केंद्रों का दौरा किया और किए जा रहे प्रबंधो का जायजा लिया। इस मौके पर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर संदीप शर्मा और एसएसपी अंकुर गुप्ता भी उनके साथ थे। बता दें कि जालंधर लोकसभा सीट के लिए वोटों की गिनती चार जून को होगी। जिला चुनाव अधिकारी ने सरकारी आर्टस और स्पोर्ट्स कॉलेज, स्टेट पटवार स्कूल, डायरेक्टर लैंड-रिकार्ड, सरकारी स्पोर्ट्स स्कूल हॉस्टल में बनाए जा रहे स्ट्रांग रूम एवं गिनती केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों एवं विशेषकर सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को हिदायत दी गई कि भारतीय चुनाव आयोग के मापदण्डों के अनुसार गिनती केन्द्रों पर सुरक्षा, डियूटी पर स्टाफ की तैनाती, ईवीएम की सुरक्षा की पूर्ण प्रबंध सुनिश्चित किए गए।उन्होंने बताया कि जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा 2024 के लिए मतदान के बाद इन स्ट्रांग रूम में ईवीएम और वीवी पेंट्स मशीनों को बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे है, जिनको सेंट्रल कंट्रोल सैंटर से जोड़ा जाएगा। उन्होंने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले में बनाये जा रहे स्ट्रांग रूम एवं गिनती केन्द्रों से संबंधित सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाए। जिला चुनाव अधिकारी डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने अधिकारियों को चुनाव को लेकर सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत से पूरा करने के निर्देश दिए।

# गेहूं की खरीद के लिए जिला प्रशासन ने उचित प्रबंध किए-डिप्टी कमिश्नर ने मंडियों का दौरा किया

**मंडियों की साफ-सफाई, पीने वाले पानी, बारदाने के प्रबंधों का लिया जायजा**

**पायनियर समाचा सेवा।** जालंधर



**गेहूं** की खरीद सीजन के दौरान किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी, इसके लिए प्रशासन ने जिले की सभी 80 मंडियों में पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए है।

डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने आज जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जिले में 5.18 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है। वह जालंधर दाना मंडी में गेहूं की खरीद प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खरीद के बाद फसल की लिफ्टिंग और निर्धारित समय में भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा, जिसके लिए अधिकारियों को पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके है।

उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में पीने वाले पानी, सफाई, छाय, रोशनी एवं अन्य आवश्यक प्रबंध किए गए है। इसके इलावा तिरपाल के प्रबंध करने के भी निर्देश दिए गए है ताकि मौसम की खराबी के चलते फसलों को गीला होने से बचाया जा सके। इसके अलावा बारदाने की उपलब्धता, गेहूं की ढुलाई, लेबर आदि के संबंध में भी उचित प्रबंध किए गए है ताकि मंडियों में अपनी फसल लाने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।गेहूं की निर्विघ्न एवं उचित खरीद की वचनबद्धता दोहराते हुए अधिकारियों से सुविधा करने को कहा।

# चुनाव के दौरान अवैध शराब पर रखें कड़ी नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एंव डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री न हो इसके लिए संबंधित विभाग तत्परता से निगरानी करें और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों पर रिकॉर्ड भी चेक करें। किसी भी हाल में जिला अवैध शराब ना मिले। अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। इसके अलावा अवैध व नकली शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर



पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाए। आबकारी विभाग के अधिकारियों को अगर चेकिंग जैसे कार्यों में पुलिस विभाग की आवश्यकता है, तो पुलिस विभाग द्वारा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित सभी मतदान केंद्रों का मौका मुआयना करें, अगर किसी मतदान केंद्र को और कहीं शिफ्ट करवाना है तो उसकी रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें ताकि समय पर उस मतदान केंद्र को शिफ्ट किया जा सके।

### विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नए बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिपली में पांचवी कक्षा से छठी में आए विद्यार्थियों का तिलक लगा कर स्वागत किया। राजकीय प्राइमरी स्कूल पिपली व राजकीय प्राइमरी विद्यालय बीड पिपली से 58 बच्चों ने दाखिला लिया। इन बच्चों का स्वागत प्रधानाचार्य शशि किरण, प्रवक्ता सविता मदान, रीटा, रजनी, नीलम, राकेश, रेन, साक्षी, सुरेश, जगदीप, कृष्ण ने फूल मालाए पहनाकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य शशि किरण ने सभी बच्चों के भविष्य की मंगल कामना की व शुभकामनाएं दी। नए सत्र का आरंभ हवन कर किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों को उनके आने वाले सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

# मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस का सर्वोदय एसएफबी के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी करार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में सामान्य बीमा क्षेत्र की अग्रणी मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी और देश में तेजी से बढता स्मॉल फाइनेंस बैंक सर्वोदय स्मॉल फाइनेंस बैंक के बीच एक कॉरपोरेट एजेंसी का करार हुआ है। इसके तहत सर्वोदय बैंक के कमर्शियल व्हीकल लोन लेने वाले ग्राहकों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। इस रणनीतिक करार के तहत सर्वोदय के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में फैले नेटवर्क में व्याप्त स्वास्थ्य बीमा कवर की कमी को पूरा किया जाएगा।

यह करार सर्वोदय बैंक कमर्शियल व्हीकल लोन के ग्राहकों को कस्टमाइज स्वास्थ्य बीमा समाधान उपलब्ध कराएगा। साथ ही बैंक की सामाजिक समावेशन की प्रतिबद्धता




को भी पूरा करेगा। मुंबई में आयोजित एक समारोह में इस परस्पर सहमति के करार पर मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के एमडी एएमपी और सीईओ राजीव कुमारस्वामी और सर्वोदय स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी एएमपी और सीईओ भास्कर बाबु रामचंद्रन ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों कंपनियों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजीव कुमारस्वामी ने कहा, सर्वोदय स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ यह साझेदारी कंपनी के लिए एक अहम पडाव है। कारपोरेट एजेंसी के माध्यम से मैग्मा एचडीआई की पहुंच और वितरण दूर तक फैलेगी। यह रणनीतिक करार हमारी उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड ने संगीता जिंदल को नया अध्यक्ष नियुक्त किया

**पायनियर समाचा सेवा।** करनाल/पानीपत

**एशिया** सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड ने संगीता जिंदल को अपने निदेशक मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में चुने जाने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी हो गई है। एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर की सीईओ इनाक्षी सोबती ने कहा, ''मुझे एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में संगीता जिंदल का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने दक्षिण एशिया में हमारे मिशन को बहुत समर्थन दिया है और भारत और दक्षिण एशिया में समकालीन कला को सपोर्ट करने का उनका काम एक परिवर्तनकारी शक्ति रहा है। मैं दक्षिण एशिया में एशिया सोसाइटी के काम को मजबूत करने के लिए उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।''

संगीता जिंदल आर्ट इंडिया की



प्रेसिडेंट और जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन हैं। यह फाउंडेशन जेएसडब्ल्यू ग्रुप ऑफ कंपनीज की सामाजिक विकास परियोजनाओं के लिए जिम्मेदार है। पिछले बीस वर्षों में वह जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन का नेतृत्व कर रही हैं, इसने शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका सृजन, स्थानीय खेल विकास और कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का दायरा बनाया है। उन्होंने 1992 में जिंदल आर्ट्स सेंटर की स्थापना की और 1994 में भारत की प्रमुख कला पत्रिका 'आर्ट इंडिया' की स्थापना की। वह काला घोड़ा कला महोत्सव की संकल्पना करने वाली टीम में शामिल थीं और उन्हें 2004 में आइजनहावर फैलोशिप से सम्मानित किया गया था।

उन्होंने हम्पी फाउंडेशन की स्थापना की है, जिसने हम्पी में तीन मंदिरों में संरक्षण कार्य का जिम्मा उठाया। वह एशिया सोसाइटी की ग्लोबल ट्रस्टी और राष्ट्रीय संस्कृति कोष के निदेशक मंडल की सदस्य हैं। साथ ही, विश्व स्मारक कोष की ट्रस्टी, टेडएक्स गेटवे की एडवाइजर और आईएमसी लेडीज विंग कला, संस्कृति और फिल्म समिति की सदस्य भी हैं। 1956 में जॉन डी. रॉकफेलर तृतीय द्वारा स्थापित, एशिया सोसाइटी एक गैर-पक्षपाती, गैर-लाभकारी संस्था है, जिसके प्रमुख केंद्र और सार्वजनिक भवन न्यूयॉर्क, ह्यूस्टन और हांगकांग में हैं।

# 37वें ऑल इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद ने अपना परचम लहराया



**एजेंसी।** जींद

**तक** आयोजित इस युवा महोत्सव में पूरे भारत से 128 यूनिवर्सिटी के 2200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद ने भी भाग लिया था। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद ने नॉर्थ वेस्ट ज़ोन में स्किट और लाइट वोकल इंडियन विधा में नेशनल कोटा हासिल किया था। यह विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार हुआ है। लुधियाना में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में स्किट की टीम जिसमें पूनम, इंदु, निर्मल, रमनदीप, अंकित, मंजीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और लाइट इंडियन वोकल में संगीत विभाग के छात्र विजय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों टीम का विश्वविद्यालय पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने दोनों टीमों का विश्वविद्यालय पहुँचने पर जोरदार स्वागत किया और जीत की बधाई दी और कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

# प्रीमियम इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस ब्रांड 'न्यूगो' ने देशभर में अपनी उपस्थिति बढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**आम** जनता को यात्रा के स्थायी समाधान प्रदान करने में अग्रणी, ग्रीनसेल मोबिलिटी सॉल्यूशंस ने अपने इलेक्ट्रिक इंटरसिटी बस ब्रांड न्यूगो के परिचालन में उल्लेखनीय विस्तार करने की घोषणा की है। अपनी पर्यावरण-हितैषी एवं आरामदायक सेवाओं के लिए लगातार बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम में, न्यूगो अब देशभर के 100 से अधिक शहरों में अपनी सेवाएं दे रहा है। इससे इंटरसिटी ट्रैवेल के सेगमेंट में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है।

भारत में नए लॉन्च किए गए मार्गों में शामिल हैं, दिल्ली-शिमला-दिल्ली, गुड़गांव-चंडीगढ़-गुड़गांव, दिल्ली-ऋषिकेश-दिल्ली, दिल्ली-अमृतसर-दिल्ली, चंडीगढ़-अमृतसर-चंडीगढ़, चंडीगढ़-देहरादून-चंडीगढ़, विजयवाड़ा-वाइजैग-विजयवाड़ा, बैंगलोर-सलेम-बैंगलोर, बैंगलोर-



त्रिची-बैंगलोर। ग्रीनसेल मोबिलिटी के एमडी एवं सीईओ देवेन्द्र चावला ने कहा, ''हम देश में न्यूगो की सेवाओं का व्यापक विस्तार करने की घोषणा करके बहुत खुश हैं। यह महत्वपूर्ण कदम पर्यावरण हितैषी, सुविधाजनक और तकनीक से संचालित परिवहन के समाधान प्रदान कर शहरों में यात्रा की सुविधा को सुधारने के हमारे मिशन से मेल खाता है। नए रूट्स और सुविधाओं की पेशकश के साथ, हम अपने मेहमानों के यात्रा अनुभव को उन्नत करना चाहते हैं, साथ ही टेलपाइप उत्सर्जन को कम करने तथा सभी के लिए हरियाली से भरपूर भविष्य सुनिश्चित करने में योगदान देना चाहते हैं।'' न्यूगो यात्रियों पर सबसे अधिक ध्यान देने और उनके आराम का ख्याल रखने के लिए मशहूर है, यह कॉर्पोरेट एवं मनोरंजन के लिए यात्रा करने वाले लोगों को भरोसेमंद एवं आनंददायक अनुभव प्रदान करता है। इसकी बसें चौबीसों घंटे चलती हैं।

# दीपेंद्र हुड्डा के लिए सांसद नहीं गढ़ बचाने के लिए रोहतक सीट से चुनाव लड़ना बना मजबूरी

## जातिगत आंकडों के हिसाब और धरातल पर स्थिति में अंतर के चलते हो रही है परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**रोहतक** लोकसभा सीट के लिए सबसे उपयुक्त माने जाने वाले कांग्रेस के उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा अभी राज्यसभा सांसद है और उनका कार्यकाल आधा अभी बाकी है ऐसे में उनकी लोकसभा के चुनाव लड़ने की बात पर कहीं न कहीं अल्पविराम लग सकता है क्योंकि यदि वो चुनाव जीत गये तब ऐसी स्थिती में राज्य सभा की सीट रिक्त हो जायेगी और नियमों के मुताबिक उन्हें राज्य सभा से इस्तीफा देने पड़ेगा और बहुमत की स्थिती भाजपा के पास होने से यह राज्य सभा की सीट पर भाजपा के पास चली जायेगी। ऐसे में कांग्रेस किसी दूसरे विकल्प के बारे में भी सोच रही है लेकिन दीपेंद्र हुड्डा व अन्य उम्मीदवारों के नाम पर किये सर्वे का गणित दिनों दिन बदलने से कांग्रेस के साथ साथ दीपेंद्र टीम अपनी रणनीति दिन प्रतिदिन बदल रही है। बताया जा रहा है कि दीपेंद्र हुड्डा ने अपने इस चुनाव के लिए एक्सपर्ट लोगों के साथ अपनी टीम का गठन किया लेकिन वार रूम में बैठी टीम बुथ वाईज, जातिगत समीकरण के अनुसार विश्लेषण करती है तो उसे यह सीट मिलती दिखाई दे रही है लेकिन जब धरातल पर सर्वे और भाजपा के प्रति लोगों का रूझान देखा जा रहा है तो हुड्डा परिवार भी इस सीट पर परेशानी में नजर आता दिखाई देता है। रोहतक लोकसभा का चुनाव हुड्डा परिवार के लिए हर स्थिती में मुश्किल होता नजर आ रहा है क्योंकि दीपेंद्र हुड्डा टीम से जुड़े लोगों ने साफ संकेत दे दिया है यदि स्वयं भूपेंद्र हुड्डा भी रोहतक से चुनाव लड़ते है तो बाजी भाजपा के पक्ष में जानी तय है क्योंकि केवल और केवल दीपेंद्र हुड्डा ही आज भाजपा प्रत्याशी के मुकाबले में खड़े नजर आते है। ऐसे में दीपेंद्र हुड्डा चुनाव लड़ते है तो और उनकी इस सीट पर परिणाम पिछली बार वाला यानि कि वो चुनाव हार गये तो यह उनकी छवि को बड़ा झटका होगा जिससे अब उनकी जो छवि प्रदेश स्तरीय नेता से घटकर महज एक राज्य सभा सासंद तक सीमित हो जायेगी। इससे इतर अगर भूपेंद्र और दीपेंद्र के अलावा इस सीट पर परिवार के किसी अन्य सदस्य को यदि चुनाव लड़वाया जाये तो परिवारवाद के आरोपों को झेलना पड़ेगा ही और शायद किसी बड़ी हार का भी सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में रोहतक लोकसभा सीट ने हुड्डा परिवार को मुश्किल में ड़ालने का काम कर दिया है।


राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा

रोहतक लोकसभा सीट से चार बार चुनाव लड़ चुके दीपेंद्र हुड्डा की लोकसभा चुनाव में पहले की अपेक्षा अबकी बार सक्रियता जोरों पर है और वो अपने कार्यक्रमों में भीड़ भी काफी जुटा रहे है लेकिन नये लोगों को जोड़ने की कवायद कहीं ना कहीं ढीली पड़ी हुई जिससे स्वयं दीपेंद्र हुड्डा के साथ हुड्डा परिवार पसीना बहा रहे है। बता दे कि इससे पूर्व लोकसभा चुनाव में भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा सोनीपत व रोहतक से चुनाव लड़ रहे थे और अबकी बार भूपेंद्र हुड्डा का सोनीपत से चुनाव लड़ने का मना करने का साफ कारण यह है कि अबकी बार पिता पुत्र की जोड़ी का मुख्य लक्ष्य रोहतक सीट को जीतने का रहेगा।

राजनैतिज्ञों का मानना है कि आज भी लोग मोदी के नाम पर जुड़े है मोदी की टाईमिंग ऐसी है कि उसके हर इवेंट की गुंज एक साल तक चलती है। राम मंदिर के मुद्दे की बात हो या केंद्र की योजना ये सब बाते ही हुड्डा परिवार के लिए चुनौतियों देने के लिए पर्याप्त है दूसरा आज युवा शिक्षित हो चुका है बिना पर्ची और खर्ची की बात को पसंद करता है ऐसे में केवल और केवल जातिगत आंकड़ो के सहारे चुनाव लड़ना मुर्खता पूर्ण ही साबित होगा।

बिना विचार धाराओं से सहमत पार्टियों के गठबंधन का कोई फायदा नही होगा। सार यही है कि रोहतक लोकसभा चुनाव हुड्डा परिवार के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नही होगा।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवां कर अजराना दंपत्ति ने किया शुक्राना

### संगत ने सिरोपा, गुलदस्ते व उपहार देकर बीबी रविंदर कौर व कवलजीत सिंह अजराना का किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की नवनिर्वाचित कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर और प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना गुरु साहिब का शुकराना करने ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी पहुंचे। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाने के उपरांत बीबी रविंदर कौर व कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि गुरु साहिब की कृपा से उनके परिवार को अपार मान-सम्मान मिल रहा है। संगत के प्यार एवं आशीर्वाद के चलते ही वे गुरु घर की सेवा में दिन रात जुटे हैं। उन्होंने अपने निर्वाचन पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान ज.भूपिंदर सिंह असंध व सदस्यो का आभार जताया। इससे पहले गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर भारी गिनती में पहुंची संगत ने बीबी रविंदर कौर व कवलजीत सिंह अजराना का अभिनंदन किया।


गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में शीश नवाने के बाद संगत के साथ बीबी रविंदर कौर व कवलजीत सिंह अजराना।

संगत ने सिरोपा, फूलों के हार एवं श्री साहिब तथा उपहार देकर अजराना दंपत्ति का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।

इस मौके पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी के मैनेजर जज सिंह, नरेंद्र सिंह गिल, निहंग सिंघ जत्थेबंदी के प्रतिनिधि, श्री हेमकुंट सेवा सोसायटी के प्रधान तजिंदर सिंह मक्कड़, बलबीर सिंह, अजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी गुरुद्वारा पट्टा साहिब से दिलबाग सिंह, जसपाल सिंह, बलबीर सिंह, देवेंद्र सिंह, अवतार सिंह, बाबा बंदा सिंह बहादुर सेवक जत्था गुरुद्वारा दसवीं पातशाही से जगजीत सिंह, सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी गुरुद्वारा छठी पातशाही से दर्शन सिंह, रघुबीर सिंह, प्रितपाल सिंह, बाबा मक्खन शाह लबाणा सेवक जत्था से अमरीक सिंह, गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था से गुरसिमरन सिंह, गुरु हरिराय सेवक जत्था से अवतार सिंह, लखविंदर सिंह संधू, हरभजन सिंह, हजूर सिंह फौजी, सुखदेव सिंह संधू, सुरेंद्र सिंह, सरपंच तख्त सिंह हंसाला, बलविंदर सिंह चम्मू व नरेंद्र सिंह चम्मू मौजूद रहे।

# आढतियों ने सरकार के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन

### मार्केट बोर्ड के अधिकारी को सौंपा मांग पत्र

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हरियाणा** स्टेट अनाजमंडी एसोसिएशन पर आह्वान पर अनाज मंडी ट्रेडर्स एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर सांकेतिक धरना देकर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को ज्ञापन मार्केट बोर्ड सोनीपत के सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी को सौंपा। इस दौरान आढतियों ने कहा कि अगर सरकार आढतियों की मांगों पर संज्ञान नहीं लेती है तो आगामी दिनों में आढती अपना निर्णय सरकार के खिलाफ लेंगे। अनाज मंडी ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान पवन गोयल महासचिव पवन बंसल ने कहा कि एक अप्रैल से 5 अप्रैल तक आढती प्रतिदिन सांकेतिक धरना देंगे, उसके बाद जो स्टेट एसोसिएशन का निर्णय होगा, उस पर आगे की रणनीति बनाएंगे।



अनाज मंडी में सांकेतिक धरना देते आढती।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गेंहू के ऊपर आढत करीब 56 रुपए होती है, जिसे सरकार ने घटाकर 46 रुपए कर दी है, सरकार दोबारा 56 रुपए आढत करें, साइलो जाने वाले माल पर आढत शुन्य कर दी है, उस पर भी आढती को पूरी आढती मिले, अगर किसान आढती के माध्यम से अपनी फसल की पैमेंट चाहता है तो किसान को यह विकल्प दिया जाए, टीडीएस, जीएसटी व मार्केट बोर्ड के नियमों में सुधार किया जाए। रोष प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में आढती मौजूद रहे।

## मोबाइल फोन छीनने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल** । थाना शहर पुलिस के एसआई बिजेंद्र सिंह की टीम ने मोबाईल छीनने के मामले में सीवन गेट कैथल निवासी कमल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डागर पट्टी कैथल निवासी रणबीर की शिकायत के अनुसार 1 अगस्त को वह अपनी करियाणा स्टोर की दुकान बंद करके पैदल पैदल घर जा रहा था। कुछ समय बाद जब वह चंदाना रोड कैथल के पास पहुंचा तो पीछे से बाईक सवार 2 लड़के आए और उसका मोबाइल फोन छीन फरार हो गए। इस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी किसी अन्य मामले में कैथल जेल में बंद था

# हमें अपने दांतों को प्रतिदिन सुबह-शाम ब्रश अवश्य करना चाहिए : डॉ रमेश पांचाल

पायनियर समाचार सेवा। जींद

**सिविल** सर्जन डॉ. गोपाल गोयल के मार्ग-दर्शन में मौखिक स्वास्थ्य पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा मदरसा इशातुल उलूम स्कूल इंदिरा कॉलोनी व टपरीवास कल्याण समिति स्कूल में सभी छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ सदस्यों को मुंह में होने वाली बीमारियाँ एवं दन्त स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।



मंगलवार को हुए इस जागरूकता कार्यक्रम दौरान उप-सिविल सर्जन (दन्तक) डॉ. रमेश पांचाल ने उपस्थित बच्चों को अपने दांतो व मुंह की साफ-सफाई के लिए चलाए जाने वाले पखवाड़े के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मौखिक स्वास्थ्य पखवाड़ा गत 20 मार्च से 03 अप्रैल तक पूरे हरियाणा में चलाया जा रहा है। उन्होंने डेमो के माध्यम से बताया कि हमें अपने दांतों को प्रतिदिन सुबह-शाम ब्रश आवश्यक करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को स्वयं अपने हाथों से ब्रश करवाकर दांतों व मुंह की साफ-सफाई का सही तरीका समझाया। उन सभी को भविष्य में प्रतिदिन दोनों समय सुबह-शाम ब्रश करने बारे सलाह दी।

# कोरोना कर्मचारी एसोसिएशन कल चंडीगढ़ में करेगी मुख्यमंत्री आवास का घेराव

### 10 अक्टूबर को बजट जारी करने के बाद भी 826 में से 636 कोरोना योद्धाओं कि नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**जिले** के कोरोना योद्धाओं की मीटिंग हनुमान वाटिका में जिला अध्यक्ष विजय शर्मा की अध्यक्षता में कोरोना कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ संदीप सिन्धु के नेतृत्व में हुई। सभी कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से शेष रहे 190 कर्मचारियों की नौकरी बहाली के लिए 4 अप्रैल को मुख्यमंत्री के आवास चंडीगढ़ का घेराव करने का निर्णय लिया। विजय शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गत 10 अक्टूबर को बजट जारी करने के बाद भी 826 में से 636 कोरोना योद्धाओं कि नियुक्ति ही दी है। सभी जिलों में अभी भी 190 कोरोना योद्धाओं कि नियुक्ति बाकी है जो जानबूझकर हरियाणा सरकार की छवि खराब करने के लिए एमडी एनएचएम नहीं करवा रहे। सभी फाईनेंस डिपार्टमेंट से अप्रूवल के बाद भी फाईल को दोबारा गलत तरीके से घुमाकर फाईनेंस डिपार्टमेंट में भेज दिया।


बैठक में नारेबाजी करते हुए कोरोना कर्मचारी।

यह हरियाणा सरकार की छवि खराब करने के साथ गरीब कोरोना योद्धाओं को रोजगार ना देकर पेट पर लात मारने का काम किया है। यदि कल तक सभी बचे हुए 190 कोरोना योद्धाओं की नौकरी बहाली नहीं होती तो सभी जिलों से भारी संख्या में कर्मचारी भी इनकी बहाली के लिए घेराव में जाएंगे। वे सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव में विरोध करेंगे। इसके साथ अपनी ड्यूटी छोड़कर सभी जिलों में सिविल सर्जन कार्यालय के सामने धरना देंगे। कोरोना कर्मचारी एसोसिएशन मुख्यमंत्री से अनुरोध करती है कि कोरोना काल में अपनी जान हथेली पर रख कर सरकार के साथ मिलकर सेवा करने वाले कोरोना योद्धाओं का मान सम्मान वापिस करे और सरकार की छवि खराब करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करे। मीटिंग में रजत, राजबीर, मनोज, जोरा, साहिल आदि कोरोना योद्धा मौजूद रहे।

# हार के डर से भाग रहे भूपेंद्र हुड्डा : नायब सैनी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सैनी मंगलवार को करनाल में एक बार फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को तत्काल मुख्यमंत्री पद से त्याग पत्र देना चाहिए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी हार के भय से चुनाव मैदान से भागने का आरोप लगाया है।

दुष्यंत चौटाला के राज खोलने की बात पर सीएम ने कहा कि क्या राज हैं, ये तो उन्हीं से पूछने चाहिए। हरियाणा की डबल इंजन की सरकार तो पीएम नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन में बेहतर कार्य कर रही है। उपचुनाव न कराने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका जाने के सवाल पर नायब सैनी ने कहा कि न्यायालय का आदेश सर्वमान्य होगा। सरकार भी कोर्ट में अपना पक्ष रखेगी। क्योंकि उप चुनाव की जरूरत है, क्योंकि अभी छह माह का समय है।

विपक्षी पार्टी द्वारा अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं करने पर उन्होंने कहा कि पार्टियां तो सभी अपना अपना प्रत्याशी उतारेंगी लेकिन वह मंथन कर देख रही है कि कहीं किसी बड़े नेता को उतार दिया, वह हार गया तो क्या होगा, इसलिए वह ये भार किसी दूसरे पर डालने में लगे है। उनके अंदर कहीं न कहीं भय का वातावरण है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा दीपेंद्र हुड्डा को चुनाव लड़ाने वाले बयान को भी इसी भय से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में तो वह भी मैदान में उतर गए थे लेकिन अब चुनाव मैदान से भाग रहे हैं। उन्होंने कुलदीप विश्नोई की नाराजगी पर स्पष्ट किया कि वह नाराज नहीं है, वह पार्टी के वरिष्ठ नेता है, वह लगातार पार्टी का प्रचार प्रसार करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भी शीघ्र ही पार्टी तय करेगी।

केजरीवाल पर दिए बयान को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि घमंडिया गठबंधन ने पिछले दिनों रामलीला मैदान के अंदर एक ऐसा दृष्य पेश किया कि जैसे वह भ्रष्टाचार का गोल्ड मेडल लेकर आए हों। प्रधानमंत्री की नीति भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की है। केजरीवाल सहित घमंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं पर बड़े बड़े घोटाले करने के आरोप लगे हैं।

केजरीवाल तो ये बोलते थे कि उन पर यदि कोई भ्रष्टाचार का आरोप लगेगा तो वह इस्तीफा दे देंगे।

# बी.के. ई.वी. गिरीश ने एकाग्रता और ध्यान बढ़ाने हेतु विद्यार्थियों को दिए अहम टिप्स

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**ग्रीन** फील्ड पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ से पहले ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि बी.के. ई.वी गिरीश रहे। वे एक ऐसे सक्षम प्रबंधन और प्रशिक्षक हैं, जिनके पास कॉर्पोरेट घरानों, शैक्षिक और समाज के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने का 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को एकाग्रता और ध्यान को बढ़ाने के लिए जहां अहम टिप्स दिए, वहीं अनेक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के बड़े ही आसान तरीकों को समझाया। उन्होंने अध्यापकों को विद्यार्थियों के मस्तिष्क को पढ़ने, समझाने और उन पर सकारात्मक सोच को अपना कर समस्या-समाधान की अनेक सामान्य रणनीतियां बताई। इससे पहले स्कूल में पहुंचने पर मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमार ई.वी. गिरीश का तिलक लगा और मुख मीठा कर अभिनंदन किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। करीब 2 घंटे तक चले इस प्रोग्राम में कक्षा चौथी से 11वीं तक के विद्यार्थियों व अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल प्रिंसिपल, मैनेजमेंट और अध्यापकों ने भाग लिया। भारतीय अतिथि देवो भव परंपरा का निर्वाह करते हुए स्कूल की प्रिंसिपल डॉ सुमिता ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, मुख्य अतिथि, स्कूल मैनेजमेंट और अध्यापकों का स्वागत किया। उन्होंने सभी के लिए एक स्वस्थ, सफल और ऊर्जा से भरपूर नए शैक्षणिक सत्र की कामना की। इस दौरान स्कूल मैनेजमेंट से वरुण गुप्ता और शिल्पी गुप्ता पधारे। उन्होंने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता को बनाए रखा और मुक्त कंठ से कार्यक्रम की सराहना की। समापन पर प्रिंसिपल डॉ सुमिता ठाकुर ने मुख्य अतिथि, मैनेजमेंट, अभिभावकों और विद्यार्थियों का कार्यक्रम में गरिमापूर्ण उपस्थिति के लिए और स्कूल अध्यापकों का आयोजन में सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का महत्व दशार्ते हुए अतिथियों को भेंट स्वरूप पौधे प्रदान किए। बीके प्रियंका ने प्रिंसिपल डॉ सुमिता ठाकुर को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया।


ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र से पूर्व ओरिएंटेशन प्रोग्राम का किया आयोजन

# गरीब बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में मिलेगा मुफ्त दाखिला: रामदिया

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**समाज** सेवी रामदिश चावरिया ने कहा कि प्रदेश भर के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के सेक्शन 12 (1) (सी) व आरटीई नियम 2011 के तहत प्रावधान के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत 25 फीसदी सीटों पर गरीब परिवारों के बच्चों को दाखिला सुनिश्चित किया है। शिक्षा निदेशालय ने 31 मार्च से 15 अप्रैल तक दाखिला आवेदन किए जाएंगे। परिवार पहचान पत्र में एक लाख 80 हजार सालाना आमदनी वाले परिवार अपने बच्चों के प्री नर्सरी से पहली कक्षा तक निजी स्कूलों में दाखिला के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। ये अभिभावक सीधे संबंधित विद्यालय में ऑफ लाइन आवेदन कर सकते हैं। स्कूल स्तर पर दाखिला का लाटरी ड्रा 18 अप्रैल को निकाला जाएगा। इस पर निजी विद्यालयों द्वारा 22 अप्रैल तक बच्चों के दाखिला किए जाएंगे। इसके बाद पहले ड्रा में शामिल बच्चों द्वारा दाखिला न लेने की सूरत में बची हुई आरक्षित सीटों पर दाखिला 23 से 29 अप्रैल तक होंगे।



# आढ़ती, किसान व मजदूर विरोधी है भाजपा सरकार : बिट्टू कालड़ा

## अनाजमंडी में दूसरे दिन भी आढ़तियों का धरना जारी

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

आढ़तियों के माध्यम से सरसों की सरकारी खरीद नहीं करने से नाराज आढ़ती अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान स्वर्णजीत सिंह बिट्टू कालड़ा एवं धनपत राय अग्रवाल के नेतृत्व में दूसरे दिन भी अनाज मंडी में शेड तले धरने पर बैठे और सरकार विरोधी नारेबाजी की। प्रधान स्वर्णजीत सिंह कालड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से आढ़ती, किसान व मजदूर विरोधी सरकार है। प्रदेश की सभी मंडियों में 40 हजार से ज्यादा आढ़ती व्यापार कर रहे हैं और सैकड़ों व्यापारी गांवों से अनाज भर्ती का काम करते हैं। मंडी के माध्यम से लाखों मजदूर, मुनीम, ट्रांसपोर्टरों व व्यापारियों को रोजगार मिल रहा है और किसानों द्वारा खुली बोली में अनाज बेचने से किसान को अपनी फसल के अच्छे दाम मिलते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद बंद होने से लाखों परिवारों का रोजगार छीन जाएगा। सरकार बड़ी-बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए देश व प्रदेश में सरकारी मंडियां बंद करना चाहती है, ताकि बड़ी-बड़ी कंपनियों का अनाज, सब्जी व फलों के व्यापार पर कब्जा हो जाए। प्रधान धनपत राय अग्रवाल ने कहा कि आज प्रदेश का हर आढ़ती, व्यापारी और किसान सरकार से नाराज है। सरकार को सरसों की सरकारी खरीद, आढ़तियों के माध्यम से करके उनको 2.5 प्रतिशत कमीशन देना ही होगा अन्यथा चुनावी वर्ष में प्रदेश के सभी आढ़ती भी बड़ा आंदोलन कर सरकार को चुनावों में मजा चखाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने सरसों की सीधी खरीद करके आढ़तियों को साइड लाइन करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के एक-एक आढ़ती की आढ़त के लाखों रुपए सरकार दबाए हुए है और अब किसानों से फसलों की सीधी खरीद करके सरकार आढ़तियों को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि आढ़तियों के पास अनाज खरीद के माध्यम से कमीशन ही कमाई का सिर्फ एकमात्र साधन है। अगर सरकार अनाज खरीद मंडी के आढ़तियों के माध्यम से नहीं करेगी, तो आढ़ती मंडी में दुकान करके क्या करेगा, यह बहुत बड़ा चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि अभी इस रोष में आढ़तियों का मंडी शेड के नीचे 3 दिन और धरना जारी रहेगा। इस मौके जितेन्दर सिंहमार, प्रवीण गाबा, सुनील गुप्ता, राजेश गर्ग, सुभाष ढींगरा, पवन गौतम, बलजिंदर कुमार जंदेडी, रणजीत सिंह, अजय गर्ग, रमेश कुमार चढूनी, मोहन सिंगला, अनूप अग्रवाल, ईश्वर सिंह और पवन सिंगला मौजूद रहे।


दूसरे दिन अनाजमंडी के शेड के नीचे धरने पर बैठे आढ़ती।

### पतंजलि विज्ञापन मामला

# न्यायालय ने योगगुरु रामदेव, बालकृष्ण की माफी को कोरी बयानबाजी बताया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में पतंजलि आयुर्वेद के बचाव पर मंगलवार को अप्रसन्नता जताई तथा योगगुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण की माफी को कोरी बयानबाजी कहकर खारिज कर दिया। न्यायालय ने साथ ही शपथ भंग पर उन्हें आगाह किया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में पतंजलि के बड़े-बड़े दावों और कोविड महामारी के चरम दौर में एलोपैथी को बदनाम करने पर केंद्र की कथित निष्क्रियता पर भी सवाल उठाया और पूछा कि सरकार ने क्यों अपनी आंखें मूंदे रखीं? स्वामी रामदेव और बालकृष्ण दोनों कारण बताओ नोटिस के सिलसिले में अदालत में उपस्थित थे। कारण बताओ नोटिस में पूछा गया था कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए?

पीठ में न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह भी शामिल थे। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल के लिए तय करते हुए कहा कि उस दिन योगगुरु रामदेव और बालकृष्ण दोनों को फिर से पेश होना होगा। पीठ ने उन्हें हलफनामा दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का आखिरी मौका देते हुए, उस शपथ की पूर्ण अवज्ञा करने पर कड़ी आपत्ति जताई जो दोनों ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर मामले में उसके सामने दाखिल की थी। पीठ ने अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए स्वामी रामदेव और बालकृष्ण से कहा, आपको न्यायालय में दिए गए वचन का पालन करना होगा, आपने हर सीमा तोड़ी है।



रामदेव और उनके सहयोगी बालकृष्ण को कड़ी फटकार लगाते हुए न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि न्यायालय उनकी माफी को पूर्ण भरोसा न होने के बावजूद स्वीकार कर रह है। पीठ ने पतंजलि, योगगुरु रामदेव और बालकृष्ण को चेतावनी भी दी कि वह शपथ भंग का भी संज्ञान लेगी क्योंकि कुछ दस्तावेज, जिनके बारे में कहा गया कि वे अन्य कागजात के साथ संलग्न थे, बाद में बनाए गए थे। पीठ ने कहा, यह शपथ भंग का स्पष्ट मामला है। हम आपके लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे हैं बल्कि हम वह सब बता रहे हैं, जिसका हमने संज्ञान लिया है। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने 21 नवंबर, 2023 को सर्वोच्च न्यायालय को आश्वासन दिया था कि वह किसी भी कानून का, खासकर उसके उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग से संबंधित कानूनों का उल्लंघन नहीं करेगी। उसने पीठ को यह भी आश्वासन दिया कि औषधीय प्रभावकारिता का दावा करने वाला या चिकित्सा की किसी भी प्रणाली के खिलाफ कोई भी आकस्मिक बयान किसी भी रूप में मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा।

शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन को लेकर प्रतिबद्ध है। विशिष्ट हलफनामे का पालन न करने और उसके बाद के मीडिया बयानों के कारण पीठ ने अप्रसन्नता जताई और बाद में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। न्यायालय ने पतंजलि के प्रबंध निदेशक के इस बयान को भी खारिज कर दिया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री (जादुई उपचार) अधिनियम पुराना है और कहा कि पतंजलि आयुर्वेद के विज्ञापन अधिनियम के दायरे में हैं और अदालत से किए गए वादे का उल्लंघन करते हैं। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण को परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी। पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि उनकी माफी इस अदालत को संतुष्ट नहीं कर पा रही हे और हमें लगता है कि यह कोरी बयानबाजी मात्र है।

सुनवाई की शुरुआत में जब पतंजलि और अन्य के वकील ने अनुपालन के हलफनामे दाखिल करने के लिए कुछ और समय मांगा तो पीठ ने कहा कि कुछ मामलों को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाना होता है और इस तरह उदारता जैसी कोई चीज नहीं हो सकती। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, अवमानना का उद्देश्य किसी व्यक्ति को यह एहसास कराना है कि कानून का गौरव सबसे ऊपर है। पतंजलि का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता विपिन सांघी ने कहा कि कंपनी के मीडिया विभाग को इस तथ्य की जानकारी नहीं थी कि शीर्ष अदालत ने उसे उसके द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग कोरोक दिया था, जो अधिनियम में निर्दिष्ट बीमारियों, विकारों या स्थितियों का इलाज करने के लिए हैं।

न्यायमूर्ति कोहली ने पूछा, श्रीमान सांघी, जब एक बार अदालती कार्यवाही (शुरू हो गई) है और आपके द्वारा अदालत को विशिष्ट हलफनामा दिया गया है, तो इसे (निर्माण से लेकर विज्ञापन और बिक्री की) पूरी श्रृंखला तक अवगत कराना किसका कर्तव्य है? पीठ ने कहा कि हलफनामे का अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, ऐसा नहीं हुआ। अब महज यह कहना कि अब आपको खेद है, हम भी यह कह सकते हैं कि हमें खेद है और हम इस तरह के स्पष्टीकरण को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। आपका मीडिया विभाग आपके कार्यालय में कोई द्वीप नहीं है। रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर सिंह ने अदालत से कहा कि योग गुरु बिना शर्त माफी मांग रहे हैं और वह बेहतर शपथपत्र पेश करेंगे।

न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि रामदेव और बालकृष्ण के कद और सामाजिक सम्मान को ध्यान में रखते हुए, उन पर उचित व्यवहार करने की एक बड़ी जिम्मेदारी थी और उन्हें न केवल जनता बल्कि अदालत को भी बेहतर स्पष्टीकरण देना चाहिए। केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि जो हुआ, वह नहीं होना चाहिए था और उन्होंने पूरे मामले का समाधान खोजने के लिए पक्षकारों के वकील की मदद करने की पेशकश की। उन्होंने कहा, जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों और उनके चिकित्सकीय प्रभावों के विज्ञापनों से संबंधित अवमानना कार्यवाही के मामले में 19 मार्च को रामदेव और बालकृष्ण से व्यक्तिगत रूप से उसके समक्ष पेश होने को कहा था। पीठ ने कंपनी और बालकृष्ण को पहले जारी किए गए अदालत के नोटिस का जवाब दाखिल नहीं करने पर कड़ी आपत्ति जताई थी। न्यायालय ने कहा था कि उसे योगगुरु को कारण बताओ नोटिस जारी करना उपयुक्त लगता है क्योंकि पतंजलि द्वारा जारी विज्ञापन 21 नवंबर, 2023 को अदालत में दिए गए हलफनामे के दायरे में आता है। पीठ ने कहा कि इससे यह झलकता है कि रामदेव विज्ञापन का अनुमोदन कर रहे हैं।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई रोकने के लिए रैलियां कर रहे सारे भ्रष्टाचारी : मोदी

**एजेंसी।** जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर कटाक्ष करते हुए हुए मंगलवार को कहा कि यह पहला आम चुनाव है, जिसमें सारे भ्रष्टाचारी, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकने के लिए रैलियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को बचाने के लिए रैलियां कर रही हैं। मोदी कोटपूतली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उसका इंडी गठबंधन देश के लिए नहीं बल्कि अपने स्वार्थ के लिए चुनाव लड़ रहा है। यह पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को बचाने के लिए रैलियां कर रही हैं। यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें सारे भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे है। मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वे कहते हैं- भ्रष्टाचारियों को बचाओ।



उन्होंने कहा, आज देश में भाजपा की मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत और ज्यादा है। मैं परिवारवादी पार्टियों व उनके भ्रष्टाचार पर सवाल उठाता हूं इसलिए मैं उनके निशाने पर हूं। वे मुझे गालियां देते हैं। यहां तक कह देते हैं कि अरे मोदी का कोई परिवार नहीं है उसको भ्रष्टाचार की जरूरत नहीं है तो परिवार है तो आपको भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिल जाता है क्या? वे कुछ भी कहें। मेरे लिए तो आप ही मेरा परिवार है। मेरा भारत मेरा परिवार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी मौज करने के लिए नहीं जन्मा है, बल्कि मेहनत करने के लिए जन्म लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में जो कुछ हुआ, वह तो सिर्फ एक झांकी है और अभी बहुत कुछ करना बाकी है तथा देश को बहुत आगे लेकर जाना है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, आज देश में भाजपा का मतलब है कि विकास व समाधान। कांग्रेस का मतलब है हर बीमारी की जड़। उन्होंने कहा, जनता के दरबार में हार चुका इंडी गठबंधन अब कैसे मंसूबे पाल चुका है, इसकी भी झलक लगातार देखने को मिल रही है। ये पहला ऐसा चुनाव है जिसमें कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता खुद के चुनाव जीतने की बात नहीं कर रहे हैं। खुद जीतेंगे या नहीं जीतेंगे उस पर वे मौन रहते हैं, लेकिन वे देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर भाजपा जीती तो देश में आग लग जाएगी। मोदी 10 साल से बैठा है जो तुम्हारी लगाई हुई आग को बुझा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का यह लोकसभा चुनाव विकसित राजस्थान और विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए और भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए है।

उन्होंने कहा कि 2024 के इस चुनाव में देश की सियासत फिर दो खेमों में बंटी नजर आ रही है। मोदी ने कहा कि आज एक तरफ राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर चलने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ देश को लूटने के मौके तलाशने वाली कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज एक ओर देश को परिवार मानने वाली भाजपा है तो दूसरी ओर अपने परिवार को देश से बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि आज एक ओर दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाली भाजपा है तो दूसरी और विदेश में जाकर भारत को गाली देने वाली कांग्रेस है।

## आप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी भाजपा में शामिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष रहे कोमल हुपेंडी मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। पार्टी से नाराज चल रहे हुपेंडी ने जनवरी माह में अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। हुपेंडी मंगलवार को राज्य के कांकेर जिले में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में सत्ताधारी दल में शामिल हुए। भाजपा के पदाधिकारियों ने बताया कि हुपेंडी के साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी भाजपा में शामिल हो गए।

## महुआ मोइत्रा पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**टीएमसी** नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ ईडी ने मंगलवार (2 अप्रैल) को मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। कैश फॉर क्वेरी केस में सीबीआइ की एफआइआर के आधार पर यह केस दर्ज किया गया है। महुआ पर आरोप है कि उन्होंने फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) नियमों का उल्लंघन किया है। इससे पहले महुआ को ईडी ने फेमा से जुड़े एक मामले में समन भेजकर 28 मार्च को पेश होने का कहा था। कुछ फॉरेन ट्रांजैक्शन और एक एनआरआइ खाते से जुड़े लेनदेन भी एजेंसी की जांच के



दायरे में हैं। लेकिन उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रचार में व्यस्त होने का हवाला देकर पेश होने से इनकार कर दिया था। महुआ को ईडी का ये तीसरा समन था। महुआ के अलावा ईडी ने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को भी समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इससे पहले दर्शन के पिता निरंजन हीरानंदानी मुंबई में एजेंसी के सामने पेश हुए थे।

## तानाशाही ताकतों का किला ढहना शुरू हुआ

**रांची।** जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंगलवार को कहा कि तानाशाही ताकतों का किला ढहना शुरू हो गया है। कल्पना सोरेन का यह बयान उच्चतम न्यायालय द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में जमानत मिलने के तुरंत बाद आया। कल्पना सोरेन ने संजय सिंह, उनकी पत्नी अनीता और परिवार के अन्य सदस्यों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, तानाशाही ताकतों के किले के ढहने की शुरुआत हो गई है। आप नेता और राज्य सभा सदस्य संजय सिंह जी ने अन्यायपूर्ण कैद के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई जीत ली है। यह सत्य और संघर्ष की जीत है। यह इंडिया की जीत है।

## सदर बाजार इलाके में एक घर में आग लगने से दो बहनों की मौत

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उत्तरी** दिल्ली के व्यस्त सदर बाजार इलाके में एक आवासीय इमारत में आग लग जाने पर 14 और 12 वर्ष की आयु वाली दो बहनों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमारे पास रात दो बजकर सात मिनट पर आग लग जाने के बारे में फोन आया। पांच दमकल गाड़ियां भेजी गईं। आग एक घर में लगी थी। वहां दमकलकर्मियों ने कुछ लोगों को बचाया। हमने पुलिस को भी सूचना दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि सदर बाजार थाने के अधिकारियों के पास आग लग जाने के बारे में फोन आया और वे जल्द ही मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि सदर बाजार के चमेलियान रोड पर एक मकान आग



की लपटों में घिरा था तथा चार दमकल गाड़ियों ने आग को काबू में लाया। उन्होंने बताया कि मकान में धुंआ भरा था तथा बचाव दल गैस मास्क लगाकर काफी मशक्कत के बाद अंदर पहुंच पाए। मीणा ने बताया कि दो लड़कियों, गुलशन (14) तथा अनाया (12) पहले तल पर स्नानघर में फंसी थी, जिन्हें निकालकर अस्पताल ले जाया गया और वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि स्नानघर में फंसी दोनों लड़कियों को दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया।

## अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट से चुनाव लड़ेंगे गुलाम नबी आजाद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। आजाद ने 2022 में कांग्रेस छोड़ दी थी। उन्होंने कांग्रेस के साथ अपने पांच दशक लंबे जुड़ाव को समाप्त करते हुए राजनीतिक संगठन-डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का गठन किया। डीपीएपी के नेता ताज मोहिउद्दीन ने कहा, आज डीपीएपी की कोर कमेटी की बैठक हुई और हमने फैसला किया कि (पार्टी अध्यक्ष) गुलाम नबी आजाद अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले, आजाद ने 2014 का लोकसभा चुनाव उधमपुर संसदीय क्षेत्र से लड़ा था और वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जितेंद्र सिंह से हार गए थे। अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना पर मोहिउद्दीन ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई प्रगति नहीं हुई है।

## अस्थायी गति प्रतिबंध के कारण दिल्ली मेट्रो की एलो लाइन पर सेवाओं में देरी हुई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** मेट्रो की एलो लाइन पर मंगलवार को अस्थाई तौर पर गति कम किए जाने के कारण (मेट्रो) परिचालन में देरी हुई, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर के लिए एक सुरंग के निर्माण के कारण छतरपुर और सुल्तानपुर मेट्रो स्टेशनों के बीच (मेट्रो रेलगाड़ियों की) गति में कमी की है। ये स्टेशन गुड़गांव के मिलेनियम सिटी सेंटर और समयपुर बादली लाइन के अंतर्गत हैं। अधिकारियों ने कहा कि सुरंग निर्माण के कारण इस खंड पर मेट्रो ट्रेन की आवाजाही लगभग एक महीने तक प्रभावित होने की संभावना है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने छतरपुर और



सुल्तानपुर के बीच लगाए गए अस्थायी गति प्रतिबंध के बारे में एक्स पर पोस्ट कर यात्रियों को जानकारी दी। डीएमआरसी ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, चौथे चरण के एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर के लिए सुरंग निर्माण के कारण एलो लाइन पर छतरपुर और सुल्तानपुर के बीच अस्थाई तौर पर 20 किमी प्रति घंटे की गति निर्धारित की गई है, जिससे सेवाओं में थोड़ी देरी हो सकती है। मेट्रो रेल के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, सुरंग का निर्माण कार्य चल रहा है और अब इसका निर्माण इस खंड पर किया जा रहा है। इस कार्य के कारण फिलहाल 30 अप्रैल तक एक महीने के लिए छतरपुर और सुल्तानपुर के बीच रेलगाहड़्यों की आवाजाही प्रभावित रहेगी।

अधिकारी ने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो इसे बढ़ाया जा सकता है। विकास मिश्र नामक एक यात्री ने बताया, मैं जल्दी में था क्योंकि ऑफिस में मीटिंग थी, लेकिन मेट्रो की गति अचानक धीमी हो गई। शुरू में मुझे लगा कि यह जल्द ही सामान्य हो जाएगी। हालांकि, मैं अपने कार्यालय में आधे घंटे देरी से पहुंचा। अगर ऐसा ही चलता रहा तो मुझे घर से जल्दी निकलना होगा।

## देश में पहली बार गाय के गोबर से फोमिंग एजेंट तैयार, घर बनाने में होगा इस्तेमाल

**इंदौर।** इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने देश के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक निर्माण पद्धति से जोड़ने के लिए गाय के गोबर से प्राकृतिक फोमिंग एजेंट बनाया है। आईआईटी के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक गाय के गोबर से बना प्राकृतिक फोमिंग एजेंट देश में अपनी तरह का पहला उत्पाद है। उन्होंने कहा कि इस पर्यावरण हितैषी उत्पाद को निर्माण सामग्री में मिलाए जाने से न केवल मकान बनाने की लागत घटेगी, बल्कि इमारतें गर्मियों में ठंडी और जाड़ों में गर्म रहेंगी। अधिकारियों ने बताया कि इस उत्पाद को गोब-एयर नाम दिया गया है, जिसे मकान बनाने के लिए इस्तेमाल कंक्रीट, ईंटों, टाइल और ब्लॉक में मिलाया जा सकता है। गोब-एयर को इंदौर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के प्रोफेसर संदीप चौधरी और उनके पीएचडी छात्र संचित गुप्ता ने विकसित किया है। प्रोफेसर चौधरी ने बताया, हम सोच रहे थे कि गाय के गोबर से आय बढ़ाकर गोशालाओं की किस तरह मदद की जा सकती है। इस दौरान हमें गाय के गोबर से प्राकृतिक फोमिंग एजेंट बनाने का विचार आया और हमने इसे अमली जामा पहनाया। उन्होंने बताया कि गोब-एयर की मदद से कम वजन वाला कंक्रीट तैयार किया जा सकता है और इसमें बाजार में मौजूद भवन निर्माण सामग्री के मुकाबले 24 फीसद कम लागत आती है। चौधरी ने बताया कि गोब-एयर मिलाकर तैयार भवन निर्माण सामग्री लाल मिट्टी से बनने वाली ईंटों और फ्लाई ऐश (कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से निकलने वाली राख) की ईंटों के मुकाबले खासी किफायती साबित होती है। उन्होंने कहा, भवन निर्माण सामग्री में गोब-एयर के इस्तेमाल को बढ़ावा दिए जाने पर गाय के एक किलोग्राम गीले गोबर से होने वाली आय को बढ़ाकर चार रुपए से अधिक किया जा सकता है जो अभी एक रुपए प्रति किलोग्राम से भी कम के स्तर पर है।

## भरोसे के कारण पूंजी बाजार में मूल्यांकन अधिक : सेबी प्रमुख

**एजेंसी।** मुंबई

**भारतीय** प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की प्रमुख माधबी पुरी बुच ने मंगलवार को कहा कि भारत के पूंजी बाजार में उच्च मूल्यांकन का कारण विदेशी निवेशकों की देश को लेकर उम्मीद और भरोसा है। उन्होंने कहा कि मूल्य-आय अनुपात 22.2 है, जो दुनिया के कई सूचकांकों के औसत से अधिक है। बुच ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के कंपनी संचालन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, निश्चित रूप से कुछ लोग कहते हैं कि हमारा बाजार महंगा है लेकिन फिर भी निवेश क्यों आ रहा है? क्योंकि यह उस आशावाद और विश्वास का प्रतिबिंब है जो दुनिया आज भारत में रखती है। सेबी प्रमुख ने कुछ सप्ताह पहले छोटे और मझोली कंपनियों के शेयर खंड में उच्च मूल्यांकन पर चिंता जताई थी।




उन्होंने कहा था कि यह एक बुलबुले में तब्दील हो सकता है।

बुच ने कहा कि वह मिली जिम्मेदारियों के तहत नियमित रूप से विदेशी निवेशकों से मिलती रहती हैं। उन्होंने देखा है कि कई साल की मजबूत वृद्धि के बाद देश की अर्थव्यवस्था में जो गति आई है, उसके कारण उनमें भारत के प्रति रुचि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि उन्हें अर्थव्यवस्था की ताकत का संकेत देने वाले आंकड़ों से प्रोत्साहन मिलता है। ये जीएसटी संग्रह, अग्रिम कर भुगतान, बिजली और ऊर्जा खपत में वृद्धि जैसे आंकड़े हैं।

## केंद्रीय धन जारी नहीं करने पर सिद्धरमैया व अमित शाह में तकरार

**एजेंसी।** बेंगलुरु

केंद्र द्वारा कर्नाटक को कथित तौर पर सूखा राहत राशि जारी नहीं करने को लेकर मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सिद्धरमैया ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर राज्य के लोगों को धोखा देने और उनके साथ अन्याय करने का आरोप लगाया, वहीं शाह ने राहत के लिए प्रस्ताव भेजने में राज्य की कांग्रेस सरकार की ओर से देरी का आरोप लगाया। शाह ने कहा, यहां जो (कांग्रेस) सरकार सत्ता में है वह कर्नाटक और उसके विकास के हित में काम नहीं कर रही है। यहां के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री एक अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं तो दूसरे कुर्सी छीनने में लगे हैं। किसी





के मन में कर्नाटक की जनता नहीं है।

बेंगलुरु में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, कर्नाटक में सूखा है, उन्होंने (राज्य सरकार ने) केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने में तीन महीने की देरी की और आज केंद्र से सूखा राहत के लिए आवेदन निर्वाचन आयोग के पास है। वे (कांग्रेस सरकार) इस पर राजनीति कर रहे हैं। कर्नाटक ने 240 में से 223 तालुकों को सूखाग्रस्त घोषित किया है और उनमें से 196 को गंभीर रूप से सूखा प्रभावित के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इससे पहले दिन में, सिद्धरमैया ने मैसूरु में दावा किया कि शाह को कर्नाटक के मतदाताओं से वोट मांगने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने विशेष रूप से सूखा राहत निधि जारी करने में देरी के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर राज्य के लोगों को धोखा देने और अन्याय करने का आरोप लगाया।

सिद्धरमैया ने पूछा, अमित शाह आएं या (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी आएं या (भाजपा अध्यक्ष) जेपी नड्डा आएं। कोई भी आए। अमित शाह उच्चाधिकार प्राप्त समिति के प्रमुख हैं, क्या उन्होंने सूखा राहत दी है? उन्हें कर्नाटक के लोगों से वोट मांगने का क्या नैतिक अधिकार है? मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच महीने हो गए हैं, जब उनकी सरकार ने पहली बार सूखा राहत के लिए केंद्र से संपर्क किया था लेकिन राज्य को एक रुपया भी नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर से अब तक तीन ज्ञापन दिए जा चुके हैं, केंद्रीय टीम भी निरीक्षण के लिए आई थी और उन्होंने अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी थी। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से 19 दिसंबर को प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी से मिला था, 20 दिसंबर को अमित शाह से, उन्होंने कहा था कि वह 23 दिसंबर को बैठक बुलाएंगे और फैसला करेंगे। तब से कितने दिन बीत गए? क्या उन्होंने राशि दी? पांच माह हो गए, अब तक सूखा राहत नहीं दी गई। क्या अमित शाह अपने घर से पैसा दे रहे हैं? क्या यह भिक्षा है? यह हमारा पैसा है, हमारे कर का पैसा है। अपने लोकसभा चुनाव अभियान में कांग्रेस सूखा राहत में देरी को प्रमुख मुद्दा बना रही है, साथ ही केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी, सहायता अनुदान और केंद्रीय परियोजनाओं को मंजूरी में देरी में राज्य के साथ कथित अन्याय का मुद्दा भी उठा रही है। इस बीच शाह ने सवाल किया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के 10 साल के शासन के दौरान कांग्रेस द्वारा कर्नाटक के लिए क्या किया गया। शाह ने अपने संबोधन में कहा, उन्हें इसका हिसाब देना चाहिए या नहीं? मैं हिसाब लेकर आया हूं, संप्रग के दस साल के शासनकाल में मनमोहन सिंह सरकार ने कर्नाटक को सिर्फ एक लाख 42 करोड़ रुपए दिए, जबकि नरेन्द्र मोदी ने तीन गुना ज्यादा चार लाख 91 हजार करोड़ रुपए दिए। उन्होंने कहा, इसके अलावा 25 हजार करोड़ रुपए की सड़कें, 75 हजार करोड़ रुपए की रेलवे परियोजनाएं और 11 हजार करोड़ रुपए हवाई मार्ग के लिए लगाए गए। उन्होंने कहा कि मोदी ने बेंगलुरु का विकास किया और कर्नाटक में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के साढ़े तीन करोड़ से अधिक लाभार्थी हैं।

## जैसे को तैसा के आधार पर चीन को जवाब देना चाहिए :हिमंत

**एजेंसी।** दीफू

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को भारत सरकार से अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों के जवाब में जैसे को तैसा का रुख अपनाने का आग्रह किया। शर्मा ने सुझाव दिया कि भारत को जवाब में चीन के तिब्बती क्षेत्रों के 60 अपने नाम जारी करने चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि हमें चीन के तिब्बती क्षेत्रों को 60 भौगोलिक नाम देने चाहिए। हमेशा जैसे को तैसा के आधार पर जवाब दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं इसपर टिप्पणी नहीं करना चाहता क्योंकि यह भारत सरकार का नीतिगत फैसला है। लेकिन अगर वे 30 नाम रखते हैं, तो हमे 60 नाम रखने चाहिए। चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे को फिर से जताने की कोशिश करते हुए राज्य के विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की थी। विदेश मंत्रालय ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों को नए सिरे से नाम रखने को खारिज करते हुए कहा कि नए नाम गढ़ने से राज्य की सच्चाई नहीं बदल जाएगी।

# नोएडा सीट पर मतदान में 10 हजार कर्मचारी होगे तैनात

● 26 अप्रैल को वोट को डाले जाएंगे वोट, 500 कर्मी रिजर्व रखे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



लोकसभा चुनावा को लेकर थाना सेक्टर-20 इलाके का निरीक्षण किा गया।

**लोकसभा** चुनाव शुरू हो चुके हैं। इसी कड़ी में नोएडा गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। नोएडा के जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नोएडा सीट पर शांतिपूर्वक चुनाव कराने की सारी व्यवस्था कर ली है। जिला प्रशासन ने नोएडा की सीट पर चुनाव कराने के लिए 10 हजार कर्मचारी तैनात करने का फैसला किया है। इनमें से साढ़े नौ हजार कर्मचारी सीधे तौर पर तैनात किए जाएंगे तथा 500 कर्मचारी रिजर्व रखे जाएंगे। नोएडा की सीट पर चुनाव कराने के लिए कर्मचारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गयी है।

नोएडा सीट पर गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट के लिए होने वाले मतदान के लिए करीब साढ़े नौ हजार कर्मचारियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले चरण में 3 से 5 अप्रैल तक 4516 पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। वहीं दूसरे चरण के सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। नोएडा के होशियारपुर जीजीआईसी में पहले चरण का प्रशिक्षण होगा।

प्रशिक्षण के दौरान अगर अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी या कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। नोएडा सीट पर मतदान कराने वाले कर्मचारियों को छुटटी नहीं मिलेगी।

.नोएडा के जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बहाने बनाकर छुटटी लेने तथा चुनाव डयूटी कटवाने वाले कर्मचारियों के लिए सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों को अब बीमारी का बहाना बनाकर ड्यूटी से छुट्टी नहीं मिलेगी। पहले उनको दो चिकित्सकों के पैनल की मेडिकल जांच से गुजरना होगा। उनकी रिपोर्ट के बाद ही जिला प्रशासन फैसला लेगा।

इसके लिए हर रोज चिकित्सकों की टीम विकास भवन में तैनात की गई है। अब तक चुनाव के दौरान मतदान कराने से बचने के लिए कर्मचारी बीमारी बताकर अपनी चुनाव ड्यूटी कटवा लेते थे। लोकसभा चुनाव में इस बार ऐसे लोगों के लिए विकास भवन में दो चिकित्सकों की टीम तैनात की गई है। जो कर्मचारी बीमारी बताकर छुट्टी के लिए प्रार्थना-पत्र दे रहे हैं उनकी जांच चिकित्सकों की टीम से कराई जा रही है। उनके आधार पर बीमारी की गंभीरता का आंकलन किया जाता है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता के परिजनों का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर दी है।

मृतका के भाई की शिकायत पर पुलिस ने पति, ससुर, सास, ननंद, और दो जेठ के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला ग्रेटर नोएडा के इकोटेक 3 कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा चौगानपुर गांव का है। जहां एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी और 21 लाख रुपये ना देने पर अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद मृतका के पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

# स्टेटिक सर्विलांस टीम ने 12 लाख रुपये की नकदी पकड़ी

● कार चालक रकम की नहीं दे सका जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा में ईस्टर्न पेरीफेरल पर चेकिंग के दौरान स्टेटिक सर्विलांस टीम और पुलिस ने एक कार से लगभग 12 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। बताया जा रहा है कि ये पैसा नोएडा में कहीं ले जाया जा रहा था। कार चालक के रकम से सम्बंधित कोई दस्तावेज पेश और स्पष्ट जानकारी नहीं देने पर इस रकम को जब्त कर लिया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार स्टेटिक सर्विलांस टीम और थाना कासना पुलिस ईस्टर्न पेरीफेरल के कासना सिरसा टोल पर चैकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान दिल्ली नंबर की एख कार से पुलिस ने भारी मात्रा में नगदी बरामद की है। आपको बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान धन बल के दुरुपयोग को रोकने के लिए बनाई गई लोकसभा विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से लगातार स्टेटिक सर्विलांस टीम की कार्रवाई जारी है।

स्टेटिक सर्विलांस टीम और थाना कासना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ईस्टर्न पेरीफेरल के कासना सिरसा टोल पर पॉइंट पर चैकिंग के दौरान एक गाड़ी से 11 लाख 58 हजार 400 रूपये बरामद किए है। विभाग के नोडल अधिकारी पता करने की कोशिश करें कि यह पैसा कहां से लाया गया और कहां पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चैकिंग के दौरान पुलिस ने कार को रोक कर जांच की तो चेकिंग के दौरान गाड़ी से 11 लाख 58 हजार 400 रुपये बरामद किये है।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस कार्यालय में शिकायत लेकर आये व्यक्ति की समस्या का निस्तरण करते अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद

### प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो को लेकर हुआ मंथन

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छह अप्रैल को शहर में होने वाले रोड शो की तैयारी को लेकर पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। आज इसी कड़ी में एडिशनल कमिश्नर दिनेश कुमार पी ने घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में भाजपा नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह सहित नगर निगम व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। भाजपा की ओर से लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार मित्तल, दिवाकर, लेखराज माहौर सहित कई नेता मौजूद रहे। बैठक में रोड शो को लेकर मंथन किया गया। वहीं प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रोड शो के दौरान बाजार बंद किये जाने पर भी चर्चा हुई। सूत्रों ने बताया कि रोड के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर बाजार बंद किये जाने की संभावना है। हालांकि अभी तक इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूत्रों ने बताया कि रोड शो में भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी किये जाने पर विचार हुआ।

### भाजपा-रालोद समन्वय समिति की पहली बैठक

गाजियाबाद। लोकसभा चुनाव में भाजपा और रालोद के बीच गठबंधन है। गाजियाबाद सीट को लेकर दोनों ही दलों के बीच समन्वय समिति की आज पहली बैठक आयोजित की गई। हिन्दी भवन में आयोजित बैठक में दोनों दलों के बड़े नेता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि दोनों ही दलों के कार्यकर्ता प्रदेश की सभी अस्सी सीटों पर जीत का परचम फहराने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा किया जाएगा। यह गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक नहीं है, बल्कि आगे भी बना रहेगा। बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने कहा कि दोनों ही दलों का एक ही लक्ष्य प्रदेश और देश के किसानों की खुशहाली और तरक्की है। केंद्र सरकार के कार्यों और योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक ले जाकर मोदीजी को तीसरीबार चार सौ से ज्यादा सांसदों के साथ प्रधानमंत्री बनाना है। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजयवीर सिंह एडवोकेट ने बैठक में यह गठबंधन दलों का नहीं बल्कि दिलों का है। 15 साल पहले भी गठबंधन किया गया था, जिसका काफी सकारात्मक नतीजा आया। रालोद की ओर से जिलाअध्यक्ष अमित त्यागी सरना, भाजपा की ओर से पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर आदि मौजूद रहे।

# बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी ने किया नामांकन

● भाजपा के महेश आज करेंगे पर्चा दाखिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**गौतमबुद्ध** नगर लोकसभा सीट के चुनाव के लिए आज बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने अपना पर्चा दाखिल किया।

3 अप्रैल को भाजपा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा नामांकन करेंगे। बहुजन समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी आज विलासपुर से समर्थन साथ सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनका प्रस्ताव बसपा नेता बनवारी व राकेश ने किया। उन्होंने रिटर्निंग ऑफि सर जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के सामने कलेक्टर में पहुंचकर अपना नामांकन.पत्र दाखिल किया। जिला प्रशासन ने नामांकन के दौरान भीड़ को रोकने के लिए कलेक्ट्रेट के अंदर और बाहर बैरिकेडिंग कर सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया 4 अप्रैल तक जारी रहेगी। 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 8 अप्रैल नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन होगा।

26 अप्रैल को मतदान होगा। 4 जून को मतगणना सम्पन्न होगी। निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि कलेक्ट्रेट के कक्ष संख्या 105 में स्थित जिलाधिकारी न्यायालय में सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। तीन बजे के बाद आने वाले किसी भी प्रत्याशी का नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया जाएगा। उनको अगले दिन आना होगा।

सुनीता केजरीवाल से मिले आप विधायक और पार्षद

# बोलेः मुख्यमंत्री जेल से चलाएं सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**आम** आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता से मुलाकात की और कहा कि मुख्यमंत्री को जेल से ही सरकार चलानी चाहिए और इस्तीफा नहीं देना चाहिए।

केजरीवाल को अब रद्द हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने गिरफ्तार किया था। वह 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं। पार्टी नेताओं के मुताबिक, मंगलवार को बैठक के दौरान आप विधायकों ने सुनीता केजरीवाल से कहा कि दिल्ली के दो करोड़ लोग मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं और उन्हें किसी भी कीमत पर इस्तीफा नहीं देना चाहिए। दिल्ली में आप के 62 विधायकों में से 55 विधायक बैठक में मौजूद थे। आप नेताओं ने कहा कि चार विधायक शहर से बाहर हैं जबकि तीन - केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्एन्द्र जैन जेल में हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मांग की है कि कथित शराब नीति घोटाले में गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विधायक सुनीता केजरीवाल से मिलना चाह रहे थे।

हालांकि, गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी के विरोध प्रदर्शन और रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की रैली के कारण बैठक में थोड़ी देरी हुई।

दिल्ली के मंत्री ने कहा कि आप विधायकों ने सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की और उनमें से लगभग 24 विधायकों ने अपने विचार व्यक्त किए। भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनीता केजरीवाल के साथ बातचीत कर सकते हैं। उनके अनुसार, इसलिए विधायकों ने उनसे आग्रह किया कि वह उनका संदेश केजरीवाल तक पहुंचा दें कि उन्हें अपना इस्तीफा दिए बिना जेल से ही सरकार चलाते रहना चाहिए।

# जेवर एयरपोर्ट के निर्माण का काम तेजी, 600 पेड़ काटे जाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा के पास स्थापित हो रहे जेवर एयरपोर्ट के पास जल्दी ही कुल्हाड़ा चलेगा। जेवर एयरपोर्ट से हवाई यात्रा को सुरक्षित बनाने के मकसद से जेवर एयरपोर्ट परिसर के आसपास के 600 बड़े-बड़े पेड़ काटने पड़ेंगे।

जेवर एयरपोर्ट के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। इस बीच जेवर एयरपोर्ट के आसपास के 600 पेड काटने का फैसला किया गया है। जेवर एयरपोर्ट से इसी साल 29 सितंबर 2024 से हवाई यात्रा शुरू हो जाएगी। जेवर एयरपोर्ट की स्थापना के काम की पूरी निगरानी यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा कर रहा है। यीडा के सीईओ डा अरूणवीर सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट के परिसर के आसपास लम्बी ऊंचाई के 600 से अधिक पेड़ हैं। जेवर एयरपोर्ट से हवाई उड़ान को आसान बनाने के लिए 600 पेड़ काटने पड़ेंगे।

उन्होंने बताया कि जेवर एयरपोर्ट के आसपास के 600 पेड़ काटने के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए यीडा के क्षेत्र में 600 नए पौधे लगाए जांएगे। इसके साथ ही यीडा के क्षेत्र में हरियाली बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में चल रहा पौधारोपण कार्यक्रम पहले की तरह से ही चलता रहेगा। जैसा कि हम पहले भी आपको बता चुके हैं कि जेवर एयरपोर्ट से इसी साल यानि 2024 में 20 मार्च से उड़ान शुरू हो जाएगी।

जेवर एयरपोर्ट भारत का तो सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा ही। साथ ही जेवर एयरपोर्ट एशिया का भी सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। इतना ही नहीं जेवर एयरपोर्ट दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। बात पूरे विश्व की करें तो अमरीका के दो एयरपोर्ट तथा सउदी अरब के एयरपोर्ट के बाद जेवर एयरपोर्ट विश्व का चौथा सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा। जेवर एयरपोर्ट यीडा के क्षेत्र में जेवर तथा उसके आसपास के गांवों की जमीन पर स्थापित हो रहा है। जेवर एयरपोर्ट कुल पांच हजार हेक्टेयर जमीन पर बन रहा है। भारत के अब तक के बड़े से बड़े एयरपोर्ट की बात करें तो देश की राजधानी में स्थापित इन्दिरा गांधी एयरपोर्ट आईजीआई 2066 हेक्टेयर जमीन पर बना हुआ है।

नवी मुंबई में बन रहा एक और बड़ा एयरपोर्ट 2320 हेक्टेयर जमीन पर स्थापित हो रहा है। जेवर एयरपोर्ट पर अन्तर्राष्ट्रीय कारगो तथा जहाजों को रिपेयर करने वाला रिपेयर सेंटर भी स्थापित हो रहा है। जेवर एयरपोर्ट को सड़क मार्ग के द्वारा देश की राजधानी से लेकर पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा लखनऊ से सीधा जोड़ा जा रहा है।

# केजरीवाल की तिहाड़ जेल में पहली रात बेचैनी में गुजरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में अपनी पहली रात के दौरान 14 फुट लंबी और आठ फुट चौड़ी कोठरी में टहलते दिखे और कुछ देर ही सोए। जेल के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख केजरीवाल को एक अदालत ने सोमवार को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जेल अधिकारियों के मुताबिक, केजरीवाल को सोमवार शाम चार बजे तिहाड़ जेल लाया गया और पहले उनकी चिकित्सकीय जांच की गई। इसके बाद उन्हें कोठरी में भेजा गया जहां वह अकेले रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि उस समय उनके रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्रामाडीएल से कम था और डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें दवाएं दी गईं। केजरीवाल जेल जाने वाले भारत के पहले पदासीन मुख्यमंत्री हैं और उन्हें एशिया के सबसे बड़े कारागार की जेल संख्या दो में रखा गया है। सूत्र ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री को दोपहर में चाय दी गई और रात को घर का बना खाना परोसा गया था।

# भाजपा का आतिशी पर पलटवार, दी चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रदेश** भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी को उनके इस आरोप का ब्योरा देने की चुनौती दी कि उन्हें भाजपा में शामिल होने की पेशकश की गयी था अथवा कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा है। सचदेवा ने सफाई दी कि भाजपा न कोई आपरेशन लोटस चलाती है न चलायेगी, अगर आम आदमी पार्टी के नेता पार्टी छोड़ रहे है तो उसका कारण है कि वह केजरीवाल के झूठ के खेल को समझ रहे हैं। अतिशी और सौरभ भारद्वाज दोनों अविलम्ब अपने ऑपरेशन लोटस से जुड़े आरोप और सबूत सामने रखें या फिर भाजपा से माफी मागें नहीं तो कानूनी कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

वीरेन्द्र सचदेवा और उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी ने प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर की मौजूदगी में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन करके कहा कि वर्ष 2011 से 2015 तक अरविन्द केजरीवाल आए दिन लोगो को स्टींग करने की, फोन पर रिकॉर्डिंग करने की सलाह देते थे। हैरानी की बात है कि आज उनके बड़े-बड़े नेता उन्हें ऑपरेशन लोटस का लोभ प्रलोभन दिये जाने की बात कर रहे हैं पर न रिकॉर्डिंग कर रहे हैं और न ही कोई फोन नम्बर व नाम बता रहे हैं। सिर्फ झूठ बोलकर लोगों में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं कपूर ने कहा कि सोमवार से आम आदमी पार्टी के नेताओं का चेहरा और जुबान दोनों एक-दूसरे के साथ नहीं दे रहे हैं

## 8वीं मंजिल से कूदी सहायिका, मौत



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की हाईराइज सोसाइटी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक मेड ने सोसाइटी के ऊपर से कूदकर अपनी जान दे दी। ग्रेटर नोएडा में हुई इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सोसाइटी में हुए इस सूइसाइड की घटना की खबर पूरे ग्रेटर नोएडा में आग की तरह फैल गई। इस मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर ग्रेटर नोएडा पुलिस के साथ फरेंसिक टीम भी पहुंची। जहां पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर के उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद पुलिस की टीम मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को भी दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा के कोतवाली बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी.2 की वीवीआईपी हाउसिंग सोसाइटी में एक मेड जिसकी उम्र 18 वर्ष बताई जा रही है, जिसने 8वीं मंजिल से कूद कर अपनी जान दे दी। घटना के बाद सोसाइटी समित आसपास के इलाके में भी सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। बताया जा रहा है कि यह मेड आठवीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गई। घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि वह कूदी है और कुछ का कहना है कि वह गिर गई है।

# आतिशी का दावा- भाजपा में शामिल हो या फिर जेल जाओ

● बोली, लोकसभा चुनाव से पहले मुझे, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार करने की तैयारी

## आप के हर नेता-कार्यकर्ता में आखिरी सांस तक संविधान की बचाने के लिए लड़ते रहेंगेः शिक्षा मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**आम** आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक सनसनीखेज खुलासा किया। आतिशी ने दावा किया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने का न्योता आया है। एक बेहद करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है।

उन्होंने कहा कि, उनसे कहा गया या तो भाजपा में शामिल हो जाओ, अपना राजनीतिक कैरियर बचा लो वर्ना महीने भर में ईडी गिरफ्तार करेगी। कुछ दिनों में मेरे आवास पर ईडी की रेड की जाएगी, रिश्तेदारों, परिवार वालों के घर भी ईडी का छापा पड़ेगा। उसके बाद समन भेजे जाएँगे और फिर गिरफ्तार किया जायेगा।

आतिशी ने यह भी कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के 4 और नेताओं को गिरफ्तार करने की तैयारी में है। ये मुझे, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार करने की तैयारी में है। भाजपा को उम्मीद थी कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी टूट जाएगी क्योंकि आप का शीर्ष नेतृत्व जेल में है। लेकिन रामलीला मैदान की रैली और पिछले 10 दिन से सड़क पर आम आदमी पार्टी के संघर्ष के बाद भाजपा को लगता है कि, इनके शीर्ष 4 नेताओं को गिरफ्तार करना काफी नहीं था, इसलिए अगले 4 को गिरफ्तार करेंगे। आतिशी ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह भाजपा की धमकियों से डरने वाली नहीं है, हम अरविंद केजरीवाल के सिपाही है। जबतक आप के हर नेता-कार्यकर्ता में आखिरी साँस बची है, इस देश के संविधान की बचाने के लिए लड़ते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ने अपना मन बना लिया है कि आम आदमी पार्टी और उसके सभी नेता को वो कुचलना और खत्म करना चाहते है। पहले उन्होंने आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। आतिशी ने कहा कि वह भाजपा को ये बताना चाहती है कि हम सब भगत सिंह के चेले है। जबतक आम आदमी पार्टी के हर नेता, हर विधायक, हर कार्यकर्ता में आखिरी साँस बची है। इस देश के संविधान को बचाने, लोगों को बेहतर जिंदगी देने के लिए काम करते रहेंगे।

इस बीच सौरभ भारद्वाज ने आतिशी को भाजपा में शामिल होने या गिरफ्तार किए जाने के प्रस्ताव को खुली धमकी करार दिया। उन्होंने कहा, केजरीवाल समेत चार नेताओं की गिरफ्तारी के बावजूद आप पूरी मजबूती के साथ खड़ी हुई, इसलिए अब वे अगली पंक्ति के नेताओं को जेल में भेजना चाहते हैं। पहले मैं, उसके बाद आतिशी और फिर राघव चड्ढा और दुर्गेश पाठक होंगे। उन्होंने कहा कि आप अपने दम पर यहां तक पहुंची है और भाजपा को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि पार्टी अपने शीर्ष नेता की गिरफ्तारी से बिखर जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया , भाजपा लोगों को जेल भेजकर आगामी चुनाव में 400 से अधिक लोकसभा सीटें जीतना चाहती है।

# गठबंधन के नेताओं का काम सिर्फ झूठ बोलना हैः मंत्री

● नितिन ने कहा- विक्टिम कार्ड खेलते है इंडिया गठबंधन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**यूपी** के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने दिल्ली में हाल ही में हुई गठबंधन की रैली को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ये घोटालेबाजों की बारात है।

ये चाहते हैं कि कोई इनसे भ्रष्टाचार पर बात न करे। पश्चिम बंगाल ममता बनर्जी ने इनके साथ में चुनाव लड़ने से मना कर दिया। यूपी में कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहा। इनका काम सिर्फ झूठ बोलना है। ये लोग जानबूझ कर घोटाले करते हैं और बाद में विक्टिम कार्ड खेलते हैं। आबकारी मंत्री ने कहा, इनके नेता देश तोड़ने की बातें करते हैं। ये राम चरित मानस के अपमान पर भी चुप रहते हैं। लालू यादव पर कोर्ट से फैसला आने वाला है। भ्रष्टाचार इनके लिए शिष्टाचार बन गया है। हर राज्य में यूपी इंडी का गठबंधन है। आकाश से पाताल तक घोटाले तक कांग्रेस का नाम है। पीएम बोलते है भ्रष्टाचार हटाओ। ये कहते है भ्रष्टाचार बढ़ाओ। कांग्रेस के नेता जिस पार्टी को बुरा कहते थे आज उन्हीं के साथ हैं। सपा ने सिर्फ घोटाले किए। सपा परिवार वाद से पीड़ित थी। सनातन धर्म मंदिर पर स्वामी प्रसाद पर कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस बताए की टैक्स चोरी की या नहीं। आप बताए की उनकी पत्नी अघोषित सीएम है या नहीं। उनके मंत्री को जमानत क्यू नही मिल रही। ये सिर्फ भ्रष्टाचार की गारंटी ले सकते है। और मोदी जी की ये गारंटी है जिसने देश में भ्रष्टाचार किया है। जिसने देश का पैसा खाया है। उसे पैसा लौटाना ही होगा। उन्हें जेल जाना ही होगा। ये मोदी जी की गारंटी भी है ।

# चुनाव को लेकर वांछित अपराधियों की सूची साझा करने का फैसला किया

पायनियर समाचार सेवा। बहराइच

**लोकसभा** चुनाव के मद्देनजर बहराइच स्थित भारत-नेपाल की रूपईडीहा सीमा पर दोनों देशों के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय समन्वय बैठक में नशीले पदार्थों और शस्त्र तस्करी रोकने के सभी संभव प्रयास करने और दोनों देशों के वांछित अपराधियों की सूची का आदान-प्रदान करने का फैसला लिया गया। बैठक में मौजूद रहे देवीपाटन मंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि इस दौरान ऐसे स्थानों को मुख्य रूप से चिह्नित करने पर विचार हुआ जहां नेपाल की तरफ से बैरियर लगाकर नियमित जांच की जाएगी। इसके अलावा,



बैठक में शराब, नशीले पदार्थों और शस्त्र तस्करी रोकने के सभी संभव प्रयास करने पर गहन मंथन किया गया। साथ ही दोनों देशों के वांछित अपराधियों की सूची का आदान-प्रदान करने का फैसला लिया गया।

बहराइच की जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान से पूर्व 48 घंटे तक दो देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा सील की जाएगी। बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि सीमा सील होने और खुलने की तारीख तथा समय का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने बताया कि दोनों देशों के अधिकारी इस बात पर सहमत हो गए कि भारत-नेपाल की खुली सीमा वन क्षेत्र से आच्छादित होने के कारण संवेदनशील है और निकासी रास्तों पर दोनों ओर विशेष चौकसी रखने की जरूरत है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि चिह्नित स्थानों पर सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी तथा बिना पहचान पत्र भारतीय सीमा में प्रवेश वर्जित किया गया है। बैठक में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में राजस्व, वन, पुलिस, एसएसबी की संयुक्त टीम गठित कर नियमित गश्त करने, चुनाव के समय शराब बन्दी लागू करने के लिए सख्ती बरतने का सुझाव दिया गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए भारत द्वारा नेपाली समकक्ष अधिकारियों से पहले की तरह सहयोग की अपेक्षा पर नेपाली अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। चुनावी गहमागहमी में नेपाल के पीर रतन नाथ मंदिर से देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) आने वाली ऐतिहासिक अमृतकलश यात्रा को लेकर खास सावधानी बरतने पर बैठक में विचार हुआ। बैठक में भारतीय क्षेत्र से प्रशासनिक, पुलिस, सशस्त्र सीमा बल, केंद्रीय व स्थानीय खुफिया एजेंसियों, वन विभाग के प्रदेश, मंडल तथा जनपद स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों, श्रावस्ती, बलरामपुर, लखीमपुर, पीलीभीत और बहराइच तथा नेपाली जनपद डांग, बांके, बर्दिया, कंचनपुर, कैलाली और अन्य स्थानों से विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यक्तिगत अथवा ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश के सात जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज की करीब 570 किलोमीटर सीमा नेपाल से सटी है। खुली सीमा के अनेक रास्ते जंगल से होकर भारत से नेपाल को जोड़ते हैं। बहराइच जिले की नेपाल से सटी बहराइच (सुरक्षित) सीट और लखीमपुर में चौथे चरण 13 मई को चुनाव होना है।

# भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 112 उम्मीदवारों की सूची जारी की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 112 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल को चंदबाली से उम्मीदवार बनाया है जबकि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ हिंजिली विधानसभा सीट से शिशिर मिश्रा को मैदान में उतारा है।

पार्टी के पूर्व प्रमुख और निवर्तमान लोकसभा में सांसद सुरेश पुजारी ब्रजराजनगर से चुनाव लड़ेंगे। पिछले दिनों भाजपा में शामिल होने वाले अभिनेता और दो बार के सांसद रहे सिद्धांत महापात्रा को डिगपीडी से भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। ओडिशा में विधानसभा के साथ ही लोकसभा चुनाव होने हैं। ओडिशा विधानसभा में 147 सीट हैं और भाजपा, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल की मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरी है। कांग्रेस तीसरी मुख्य पार्टी है।

पटनायक वर्ष 2000 से राज्य के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा और बीजद गठबंधन के लिए बातचीत कर रहे थे, लेकिन सीट बंटवारे पर बातचीत विफल हो गई। बीजद और भाजपा ने राज्य में 2019 के चुनावों में क्रमशः 112 और 23 सीटें जीतीं जबकि कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही थी।

# भगवान राम पर भाजपा का एकाधिकार नहीं, जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगा इंडिया गठबंधन : पायलट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** महासचिव सचिन पायलट ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम सबके हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, वह उन पर या धर्म पर एकाधिकार नहीं रख सकती। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) लोकसभा चुनाव भावनात्मक मुद्दों पर नहीं, बल्कि जनता के मुद्दों के आधार पर लड़ेगा तथा वह बहुमत हासिल करके अगली सरकार बनाएगा। पायलट ने साक्षात्कार में यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 400 पार नारे में अहंकार की बू आती है और सत्ता में वापसी के पहले 100 दिनों की रूपरेखा के बारे में बात करने के बजाय भाजपा को अपने बीते 10 वर्षों का तथ्यात्मक रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग को इस चुनाव में सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बैंक खातों पर रोक लगाना अप्रत्याशित घटना है



तथा यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि भाजपा बैकफुट पर है और राजस्थान में इस बार कांग्रेस बहुत अच्छा करेगी। पिछले दो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस राजस्थान में खाता नहीं खोल पाई है। यह पूछे जाने पर कि उत्तर भारत में राम मंदिर की लहर मानी जा रही है और इंडिया गठबंधन इससे कैसे निपटेगा, पायलट ने कहा, मुझे लगता है कि यह चुनाव उन मुद्दों पर लड़ा जाएगा जो हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य के लिए बहुत प्रासंगिक हैं। संवैधानिक संस्थाओं को सुनियोजित ढंग से कमजोर करना इनमें से ही एक मुद्दा होगा। हम युवाओं, महिलाओं, किसानों की समस्याओं को सामने लाना चाहते हैं, हम एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के लिए कानूनी गारंटी देना चाहते हैं, ए वो चीजें हैं जो आम मतदाता के लिए मायने रखती हैं। पायलट के अनुसार, उन्हें नहीं लगता कि भारतीय मतदाता धर्म, हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद के मुद्दों पर आधारित चुनावी एजेंडे को सराहते हैं। उनका कहना था कि चुनाव आर्थिक नीति, रोजगार सृजन, महंगाई को कम करने और हमारे किसानों के लिए बेहतर भविष्य सुरक्षित करने जैसे मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, धर्म या भगवान राम पर उसका एकाधिकार नहीं हो सकता। राम सबके हैं, वह सर्वव्यापी हैं और उन्हें किसी पार्टी या सरकार तक सीमित करने की कोशिश भी अपने आप में व्यर्थ का काम है। पायलट ने आगे कहा, राम मंदिर का निर्माण उच्चतम न्यायालय द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद किया गया। यह फैसला सभी पक्षों को स्वीकार्य था... सभी की तरह कांग्रेस ने भी इसका स्वागत किया, जिससे सभी विवादों पर विराम लग गया। उनके मुताबिक, मंदिर का निर्माण किसी पार्टी या सरकार के कारण नहीं हुआ, बल्कि अदालत के फैसले के कारण हुआ। पायलट से पूछा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों की रूपरेखा और सत्ता पक्ष और विपक्ष के विश्वास के स्तर में अंतर के बारे में बात कर रहे हैं। इस पर पायलट ने कहा कि जनता जो जनादेश देगी, उसका पहले से अनुमान लगाना गलत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, हमें निष्पक्ष खेल के लिए अपनी सोच को खोलना होगा, आम नागरिकों के मुद्दों और चिंताओं पर चुनाव लड़ना होगा जो हमारे देश के मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण हैं और लोगों को यह तय करने देना होगा कि कौन उनकी सबसे अच्छी सेवा करेगा। पायलट ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा लगाए जा रहे 300 पार और 400 पार के नारे में अहंकार की बू आती है। उन्होंने कहा कि सरकार को रिकॉर्ड स्तर की बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, कृषि संकट, अमीर और गरीब के बीच खाई पैदा करने पर जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ये मुद्दे भाजपा के एजेंडे से गायब हैं। पायलट ने कहा, मैं (इंडिया गठबंधन के बहुमत हासिल करने को लेकर) आश्वस्त हूं। यदि आप 2019 में हमारे घटक दलों के वोट शेयर को देखें, तो यह कुल मिलाकर 65 प्रतिशत था, जबकि राजग को 35 प्रतिशत वोट मिले। यही कारण है कि भाजपा में अब वे विपक्ष से नेताओं को लाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर उन्हें 400 सीट का इतना भरोसा है तो वे हमारे और अन्य विपक्षी दलों के लोगों को अपने साथ क्यों लेना चाहते हैं? कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी पायलट ने इस प्रदेश के बारे में कहा कि कांग्रेस ने अतीत में लोकसभा चुनावों में पारंपरिक रूप से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और उसकी सबसे अच्छी संख्या दो सीटें थीं, लेकिन इस बार पार्टी मजबूत स्थिति में है। पायलट ने कहा, मैं आपको संख्या नहीं बताऊंगा लेकिन हम छत्तीसगढ़ में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और राज्य की 11 सीटों में से अधिकतर सीटें जीतेंगे।

# पश्चिम सिंहभूम में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगाया गया गर्म हवा का गुब्बारा

पायनियर समाचार सेवा। झारखंड

**माओवादी** हिंसा से प्रभावित एवं आदिवासी बहुल पश्चिम सिंहभूम जिले में प्रशासन ने आगामी लोकसभा चुनाव में मताधिकार के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक विशाल गुब्बारा लगाया है। जिला मुख्यालय चाईबासा में 100 फुट की ऊंचाई पर लगाया गया गर्म हवा का गुब्बारा एक व्यापक अभियान कार्यक्रम का हिस्सा है, जो मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते दूर-दराज के इलाकों में भी चलाया गया है।

पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप चौधरी ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के दिन याद दिलाने के लिए व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) के तहत 1284 चुनाव पाठशाला और 72 चुनावी साक्षरता शिविर खोलने जैसे नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। एशिया के सबसे घने साल जंगलों में से एक के लिए प्रख्यात सिंहभूम लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। एसवीईईपी भारत में मतदाताओं को शिक्षित करने, उनमें जागरूकता फैलाने और साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा भारत के निर्वाचन आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है। चौधरी ने कहा, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले में



एसवीईईपी गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। चाईबासा के मध्य में 100 फुट की ऊंचाई पर विशाल, गर्म हवा का एक गुब्बारा लगाया गया है।

इसमें एक संदेश के जरिए लोगों से 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि यह विचार एसवीईईपी कार्यक्रम के तहत चाईबासा के उप संभागीय मजिस्ट्रेट अनिमेष रंजन और सहायक कलेक्टर श्रुति राजलक्ष्मी का था और निश्चित रूप से यह अभिनव विचार जनता को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव कर्मी दिव्यांग व्यक्तियों तक भी पहुंच रहे हैं और उन्हें उन सुविधाओं से अवगत करा रहे हैं जिनका लाभ वे मतदान के लिए उठा सकते हैं। चाईबासा के क्लॉक टावर परिसर में लगा आसमानी गुब्बारा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और वे इसके साथ सेल्फी लेते हैं। अधिकारी ने कहा, हमने वहां एकत्र हो रहे लोगों से प्रतिज्ञा लेने का आग्रह किया है कि वे अपने परिवार और पड़ोसियों के साथ चुनाव में भाग लेंगे। झारखंड के दक्षिणी भाग में सिंहभूम (अजजा) निर्वाचन क्षेत्र में 14.32 लाख मतदाता हैं, जिनमें 7.27 लाख महिलाएं शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को उम्मीदवार बनाया है।

निवर्तमान लोकसभा में झारखंड से एकमात्र कांग्रेस सांसद गीता हाल में भाजपा में शामिल हुई हैं। झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) इस सीट से राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ को मैदान में उतार सकता है। झारखंड में लोकसभा चुनाव चार चरणों में 13, 20, 25 मई और एक जून को होंगे। वर्ष 2019 के आम चुनावों में भाजपा 11 सीट पर विजई हुई, जबकि उसकी सहयोगी आजसू (ऑल झारखण्ड स्टूडेंट्स यूनियन) ने एक सीट हासिल की थी। झामुमो और कांग्रेस दोनों के पास एक-एक सीट है।

# हम लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे : नगालैंड के संगठन ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। कोहिमा

**नगालैंड** से अलग राज्य बनाने की मांग कर रहे ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन (ईएनपीओ) ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेगा। क्षेत्र की सात नगा जनजातियों की शीर्ष संस्था ईएनपीओ ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि उनके सदस्यों ने सामूहिक रूप से आगामी संसदीय चुनावों में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।




पत्र में कहा गया, ईएनपीओ के तत्वावधान में पूर्वी नगालैंड के लोगों ने 19 मार्च 2024 को चेनमोहो संकल्प के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया था जिसमें सीमांत नगालैंड क्षेत्र (एफएनटी) बनाने में विफल रहने पर किसी भी केंद्रीय और राज्य चुनाव में भाग नहीं लेने का संकल्प लिया गया था। यह भी पत्र में कहा गया है, इस संबंध में निर्वाचन आयोग के माध्यम से गृह मंत्रालय द्वारा सात दिसंबर 2023 को लोकसभा 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता को घोषणा करने से पहले समाधान का आश्वासन दिया गया था। ईएनपीओ ने इस बार पर भी बल दिया कि यह निर्णय चुनावी मशीनरी या लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ अवज्ञा की नीयत से नहीं लिया गया है। उसने कहा कि यह भारत के संविधान के तहत अपनाया गया एक सैद्धांतिक रुख है और इसका उद्देश्य पूर्वी नागालैंड के लोगों की जायज मांगों और आकांक्षाओं पर ध्यान आकर्षित करना है। ईएनपीओ 2010 से एक अलग राज्य की मांग कर रहा है। उसका दावा है कि नगालैंड के पूर्वी हिस्से के छह जिले वर्षों से उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। संगठन ने कहा, हमें उम्मीद है कि भारत सरकार हमारी चिंताओं पर ध्यान देगी और सीमावर्ती नगालैंड क्षेत्र के मुद्दे के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएगी। नगालैंड की एकमात्र लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। हाल ही में नगालैंड के कैबिनेट और राज्य के पूर्वी क्षेत्र के विधायकों ने ईएनपीओ से आगामी लोकसभा चुनावों में भाग लेने की अपील की है।

# सांसद अजय निषाद भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**बिहार** के मुजफ्फरपुर से लोकसभा सदस्य अजय निषाद मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। भाजपा ने हाल ही में उनका टिकट काट दिया था। पार्टी ने उनके स्थान पर मुजफ्फरपुर से राजभूषण चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश ने निषाद का पार्टी में स्वागत किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जयनारायण निषाद के पुत्र अजय निषाद ने कहा, मुझे किसी का अहंकार तोड़ना है और अपना खोया हुआ सम्मान वापस पाना है। सूत्रों का कहना है कि निषाद को कांग्रेस मुजफ्फरपुर से उम्मीदवार



घोषित कर सकती है। निषाद ने कांग्रेस में शामिल होने से पहले सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर भाजपा से अपने इस्तीफे की घोषणा की और कहा कि उनके साथ छल किया गया है। अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि निषाद के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को मुजफ्फरपुर और आसपास के इलाकों में अति पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के मतदाताओं का समर्थन मिलेगा और संगठन भी मजबूत होगा। निषाद ने कहा कि वह सामाजिक न्याय से जुड़े राहुल गांधी के दृष्टिकोण से प्रभावित हैं।

# उत्तर प्रदेश के मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने किया नामांकन



पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**दूरदर्शन** पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में श्रीराम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल ने मंगलवार को मेरठ लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान गोविल के साथ उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे।

मौर्य ने संवाददाताओं से कहा, अरुण गोविल जी ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। यहां आज कार्यकर्ताओं और जनता में जबर्दस्त विश्वास है कि भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट और पूरे देश में 400 सीट जीतने का लक्ष्य प्राप्त करेगी। इस सवाल पर कि वह भाजपा का मुकाबला किस पार्टी से मानते हैं, मौर्य ने कहा, हमारे हिसाब से कोई मुकाबले में नहीं है। उन्होंने दावा किया, विपक्ष कहीं है ही नहीं। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस में घमासान है। हमारी तैयारी 2024 से लेकर 2047 तक के लिए है।

# मेरी जीत लोकसभा से मेरे निष्कासन का करारा जवाब होगी: मोइत्रा

पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की कृष्णानगर सीट से बड़े अंतर से अपनी जीत का दावा करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की वरिष्ठ नेता महुआ मोइत्रा ने कहा कि उनकी जीत पिछले साल उन्हें लोकसभा से निष्कासित करने और नकद के बदले सवाल पूछने के मामले में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की साजिश का करारा जवाब होगी। मोइत्रा ने कहा कि संवैधानिक लोकतंत्र को खत्म करने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी प्रयासों के बावजूद, भारत इतना महान देश है कि इसे फासीवादी ताकतें नष्ट नहीं कर सकतीं।

टीएमसी ने मोइत्रा को पिछले साल लोकसभा से निष्कासित किए जाने के बाद कृष्णानगर सीट से फिर से टिकट दिया है। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पर भगवा खेमे के राजनीतिक एजेंट के तौर पर काम करने का आरोप लगाया। मोइत्रा ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि निर्वाचन आयोग ने अपनी स्वतंत्रता खो दी है क्योंकि आयुक्तों का चयन उस समिति द्वारा किया जाता है, जहां केंद्र के पास दो-तिहाई बहुमत है। उन्होंने कहा, मेरी जीत में कोई संदेह नहीं है। यह इस बारे में है कि अंतर कितना बड़ा होगा, जिसका फैसला चार जून को होगा। मैं यहां रहती हूं और पिछले पांच वर्षों से अपने लोगों के बीच हूं और उससे पहले भी एक विधायक के रूप में उनके बीच थी। इसलिए यह एक बहुत मजबूत संबंध है, और सच कहूं, तो



यहां ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा है कि कोई चुनाव हो रहा है। मोइत्रा ने 2019 के चुनाव में 60,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की थी और उन्हें कुल 45 प्रतिशत मत मिले थे। 49 वर्षीय नेता ने कहा, मेरी जीत मुझे निष्कासित करने और मेरी प्रतिष्ठा धूमिल करने की साजिश का करारा जवाब होगी। लोकसभा में अपनी मुखरता और उग्र बहस के लिए जानी जाने वाली मोइत्रा को पिछले साल दिसंबर में निचले सदन से निष्कासित कर दिया गया था। संसदीय आचार समिति की रिपोर्ट में उन्हें उपहार और रिश्वत स्वीकार करने का दोषी ठहराया गया था। जेपी मॉर्गन चेस की पूर्व निवेश बैंकर ने आचार समिति की सिफारिशों को कंगारू अदालत द्वारा पूर्व निर्धारित मैच करार दिया था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा देश में लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रही है। मोइत्रा ने कहा, मैं यह बात संसद में अपने पहले भाषण से ही कह रही हूं। भाजपा भारत में संवैधानिक लोकतंत्र खत्म कर रही है। लेकिन भारत इतना महान राष्ट्र है कि इन फासीवादी ताकतों द्वारा इसे नष्ट नहीं किया जा सकता। यह पूछे जाने पर कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोग भाजपा द्वारा प्रचारित कहानी के बजाय उनके पक्ष पर विश्वास क्यों करेंगे तो उन्होंने कहा कि वह माटी की बेटी हैं। उन्होंने कहा, यह मेरी कर्मभूमि और मेरी धर्मभूमि है। मेरे लोग मेरा 100 प्रतिशत समर्थन करेंगे। नकद के बदले सवाल पूछने के विवाद की वजह से भले ही उन्हें संसद से निष्कासित कर दिया गया हो, लेकिन इसने पार्टी में उनका कद बढ़ाया है। टीएमसी के शीर्ष नेतृत्व से और समूचे विपक्ष से उन्हें समर्थन मिला है। इस मामले में अपने परिसरों पर सीबीआई की छापेमारी और ईडी के समन को लेकर मोइत्रा ने आरोप लगाया कि ये एजेंसियां भाजपा का अभिन्न अंग हैं। वह ईडी के समन पर उसके सामने पेश नहीं हुई थीं। मोइत्रा ने हाल में निर्वाचन आयोग से शिकायत कर आरोप लगाया गया था कि भाजपा उनके अभियान को बाधित करने और चुनाव से पहले उनकी छवि खराब करने के लिए सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर रही है। हालांकि उन्होंने इस मामले पर आयोग द्वारा कोई कार्रवाई करने पर संदेह व्यक्त किया था। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग अब अपनी स्वतंत्रता खो चुका है। आयुक्तों का चयन प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के दो-तिहाई बहुमत से किया जाता है। (पिछले महीने अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद दो निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए) 30 मिनट में 200 नाम चुनने के लिए दिए गए। पूरी कवायद एक दिखावा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में करीमपुर सीट का प्रतिनिधित्व कर चुकीं पूर्व विधायक ने कहा कि विपक्षी नेता और राजनीतिक दल अभी भी आयोग को पत्र लिखते हैं, क्योंकि हमें इसे इतिहास के लिए लिखने और दर्ज करने की ज़रूरत है, और यह महत्वपूर्ण भी है। यह पूछे जाने पर कि दोबारा निर्वाचित होने पर क्या वह नीतिगत मुद्दों पर भाजपा पर उसी तरीके से हमला जारी रखेंगी, मोइत्रा ने कहा, आप क्या सोचते हैं... मैं अपनी सीट पर वापस जाऊंगी और भाजपा के लिए भजन गाऊंगी। टीएमसी नेता ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) नियमों के लागू होने से उनके निर्वाचन क्षेत्र पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा, जहां काफी संख्या में मतुआ रहते हैं। उन्होंने कहा, पड़ोसी सीट राणाघाट में मतुआ आबादी अधिक संख्या में है। लेकिन हां, मतुआ संगठन स्वयं अपने सदस्यों से कह रहे हैं कि वे सीएए के लिए आवेदन न करें और खुद को अवैध विदेशी के रूप में चिह्नित करें, क्योंकि उन्हें पिछले वर्षों में सभी सरकारी लाभ मिले हैं। मोइत्रा अखिल भारतीय मतुआ महासंघ के उस निर्देश का जिक्र कर रही थीं जिसमें उसने अपने सदस्यों को बांग्लादेश में उनके पिछले आवासीय पते को साबित करने वाले आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण नागरिकता आवेदन देने से परहेज करने की सलाह दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रज्ञानानंदा भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के तौर पर शुरू करेंगे अभियान

**टोरंटो।** युवा शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अगले विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए चुनौती तय करने के लिए बुधवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में तीन भारतीय प्रतिभागियों के बीच सबसे मजबूत दावेदार के रूप में अपना अभियान शुरू करेंगे ।प्रज्ञानानंदा के साथ डी गुकेश और विदित गुजराती कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। लगभग 35 वर्षों के बाद आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट के लिए तीन भारतीयों ने क्वालिफिकेशन हासिल किए हैं। कुछ विशेषज्ञ भारत को शतरंज की दुनिया का नया रूस मान रहे हैं क्योंकि पहले ऐसा दबदबा सिर्फ रूस के खिलाड़ियों का ही दिखता था ।अठारह साल के प्रज्ञानानंदा भारतीयों के बीच रेटिंग के मुताबिक सबसे मजबूत दावेदार है। शतरंज जगत का हालांकि मानना है कि भारत के इन तीनों युवा खिलाड़ियों को इस स्तर के टूर्नामेंट में खुद को साबित करने में अभी और अधिक समय लगेगा ।आठ खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट में अन्य सात प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दो-दो मुकाबले खेलने हैं।

### कैब ने आईपीएल की तर्ज पर बंगाल प्रो टी20 लीग की घोषणा की

**कोलकाता।** बंगाल के पास अंतत: अपनी क्षेत्रीय क्रिकेट लीग बंगाल प्रो टी20 होगी जो आईपीएल पर अधारित होगी। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने हालांकि घोषणा की कि इस लीग में सिर्फ राज्य के खिलाड़ी हिस्सा ले पाएंगे ।इस लीग का 21 दिन का पहला सत्र जून में होगा जिसमें आठ पुरुष और महिला टीम हिस्सा लेंगी ।बंगाल प्रो टी20 मे आईपीएल के मॉडल और उसके खेलने की परिस्थितियों का पालन किया जाएगा लेकिन कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने बताया कि राज्य के बाहर के खिलाड़ियों और कोच को इस लीग का हिस्सा बनने की स्वीकृति नहीं होगी ।पुरुष लीग ईडन गार्डन्स पर होगी जबकि साल्ट लेक के जाधवपुर विश्वविद्यालय का दूसरा परिसर महिला मुकाबलों की मेजबानी करेगा। प्रत्एक दिन दो मुकाबले होंगे। प्रत्एक पुरुष टीम में 17 जबकि महिला टीम में 16 खिलाड़ी होंगे ।स्नेहाशीष ने कहा, सभी आठ टीम फ्रेंचाइजी आधारित होगी जो पहली बार (क्षेत्रीय टी20 लीग में) होगा। हमने अब तक फ्रेंचाइजी को अंतिम रूप नहीं दिया है जिसकी घोषणा बाद में की जाएगी।

# हार्दिक को इंडिया का कप्तान मानकर एमआई ने कमान सौंपी

## सिद्धू बोले-बीसीसीआई ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए रोहित के नाम की घोषणा देरी से की

एजेंसी। मुंबई

**मुंबई** की तीसरी हार के बाद हार्दिक पंड्या की कप्तानी पर सवाल उठने लगे है। पंड्या के एमआई कप्तान बनाए जाने के कई अलग-अलग कारण बताए जा रहे है। इसी बीच नवजोत सिंह सिद्धू ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा, हार्दिक पंड्या को भारत का टी-20 कप्तान मानकर स्न्छ की कमान सौंपी गई है।

सिद्धू आगे बोले, हार्दिक पंड्या को लेकर फैंस इसलिए रिएक्ट कर रहे हैं, क्योंकि भारत का कप्तान फैंचाइजी का कप्तान नहीं है। फरवरी से पहले हार्दिक पंड्या ही भारतीय टीम को लीड कर रहे थे। इसी वजह से एमआई ने पंड्या को कप्तान चुना। हालांकि, फरवरी में बीसीसीआई ने रोहित को भारतीय टी-20 टीम का कप्तान घोषित कर दिया, लेकिन फिर वे फ्रेंचाइजी के कप्तान नहीं है।




रोहित ने पिछले सीजन शानदार प्रदर्शन किया

सिद्धू बोले, रोहित ने बिना बुमराह और कूट्जी के पिछले सीजन मुंबई को प्लेऑफ में भी पहुंचाया। वहीं, हार्दिक से टीम को उम्मीदें है। हार्दिक पिछले 2 सालों में गुजरात को लगातार फाइनल में लेकर गए है। इसलिए उनसे उम्मीदें बढ़ चुकी है। हार्दिक के लिए टाइमिंग सही नहीं है।

### स्टार्क को अपनी स्ट्रैंथ पर काम करना होगा : ब्रॉड



खिलाड़ी और आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क को 2 मैचों के बाद एक भी विकेट नहीं मिला। वहीं, फेंके गए 8 ओवर में वे 100 रन लुटा चुके है। इसपर ब्रॉड बोले- जब भी आपको अच्छी कीमत पर खरीदा जाता है, तो आप टूर्नामेंट पर अपना अधिकार जमाना चाहते हैं, लेकिन आखिरकार च्यक्र को दो में से दो जीत मिलीं। मुझे लगता है कि यह काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि वे जीत रहे हैं ।ब्रॉड आगे बोले, अगर मैं च्यक्र का बॉलिंग कोच होता, तो मैं कहता, मिच, कीमत भूल जाओ, मुझे अपनी तीन सबसे बड़ी स्ट्रैथ लिखो और फिर उन पर कायम रहो। आप जिस पर विश्वास करते हैं उस पर कायम रहें। गेंदबाजी के लिए आईपीएल दुनिया की सबसे मुश्किल लीग है। स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में बातचीत के दौरान स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा, हार्दिक ने मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए कुछ काफी खराब फैसले लिए हैं। वे बुमराह का सही तरीके से उपयोग नहीं कर रहे हैं। बुमराह को शुरुआत करनी चाहिए। जब आपके पास बुमराह जैसे बॉलर हो तो उनसे ही पहला ओवर करवाना चाहिए।



### भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत एटीपी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**ह्यूस्टन ।** भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की जोड़ी अमेरिका में एटीपी टूर पर पुरूषों की क्लेकोर्ट चैम्पियनशिप के युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय जोड़ी ने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी माइकल एममो और फ्रांसिस टियाफो को 6 . 3 , 6 . 4 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के चौथी वरीयता प्राप्त एम पर्सल और जे थॉम्पसन से होगा। प्रशांत इस समय युगल रैंकिंग में 101वें और चंद्रशेखर 113वें स्थान पर है।

# आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती के लिए तैयार है दिल्ली कैपिटल्स

एजेंसी। विशाखापत्तनम

**दिल्ली** कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। दिल्ली ने रविवार को गत चैम्पियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी। अब उनका सामना केकेआर से है जिसके बल्लेबाजों ने 29 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। दिल्ली के लिए आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। इस बीच ऋषभ पंत ने पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद अपने पुराने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 51 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और आस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श भी विरोधी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं ।स्टब्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और टीम उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद कर रही होगी। दूसरी ओर मार्श ने अभी तक उस तरह की बल्लेबाजी नहीं की है जिसके लिए वह जाने जाते हैं।




दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया को अभी तक लय नहीं मिली है जो चोट के कारण लंबे समय बाद लौटे हैं। दिल्ली के भारतीय गेंदबाजों को केकेआर के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने बेहतर खेल दिखाना होगा। सीएसके के खिलाफ खलील अहमद ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन क्षेत्ररक्षण में उन्हें सुधार करना होगा। उंन्हे कैच टपकाने की उनकी आदत छूट नहीं रही और चेन्नई के खिलाफ उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का कैच छोड़ा। मुकेश कुमार के पास रफ्तार नहीं है लेकिन ईशांत शर्मा का अनुभव टीम के काम आ रहा है। दूसरी ओर केकेआर ने अब तक दोनों मैच जीते हैं। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट, हरफनमौला आंद्रे रसेल और वेंकटेश अय्यर अच्छे फॉर्म में दिखे। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ रन बनाए। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने प्रभावित किया है लेकिन महंगे खरीदे गए मिचेल स्टार्क और वरूण चक्रवर्ती नहीं चल सके।

### टीमें इस प्रकार

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

मैच का समय : शाम 7.30 से।

# डिकॉक की अर्धशतकीय पारी से एलएसजी ने आरसीबी को दिया चुनौतीपूर्ण लक्ष्य

एजेंसी। बेंगलुरु

**सलामी** बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की 56 गेंद में 81 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ पांच विकेट पर 181 रन बनाए। डिकॉक ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाने के साथ पहले विकेट के लिए लोकेश राहुल (14 गेंद में 20 रन) के साथ 53 रन और मार्कस स्टोइनिस (15 गेंद में 24 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की ।निकोलस पूरन ने आखिरी ओवरों में 21 गेंद में पांच छक्के की मदद से नाबाद 40 रन बनाए।

आरसीबी के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने चार ओवर में महज 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। रीस टॉप्ली, यश दयाल और मोहम्मद सिराज को एक-एक सफलता मिली। दयाल ने चार ओवर में सिर्फ 24 रन दिए ।डिकॉक और राहुल ने लखनऊ को तेज शुरुआत दिलाई जिसमें दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने पहले ओवर में रीस टॉप्ली के खिलाफ तीन चौके लगाने के बाद मोहम्मद सिराज के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्के जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिए।



अब तक संभल कर खेल रहे राहुल ने पांचवें ओवर में यश दयाल और छठे ओवर में मैक्सवेल की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ने अगली गेंद पर उन्हें अपनी फिरकी में फंसाकर मयंक डागर के हाथों कैच कराया ।देवदत्त पडिक्कल का संघर्ष इस मैच में जारी रहा जो 11 गेंद में सिर्फ छह रन बनाकर सिराज की गेंद पर आकाशीय शॉट खेल बैठे जिस पर विकेटकीपर अनुज रावत ने अच्छा कैच लपका। डिकॉक ने 12वें ओवर में डागर पर चौके के साथ अपना अर्धशतक जबकि छक्के के साथ टीम की रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने इसके बाद स्टोइनिस के साथ रन गति को तेज करने पर ध्यान दिया और कैमरून ग्रीन के ओवर से 19 रन बटोरे। इसमें डिकॉक ने छक्का और चौका जबकि स्टोइनिस का छक्का शामिल था। स्टोइनिस ने मैक्सवेल पर छक्का लगाकर डिकॉक के साथ 26 गेंद में अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। मैक्सवेल ने हालांकि इसी ओवर में स्टोइनिस को पवेलियन की राह दिखाई।

### बंदियारानी को भारोत्तोलन विश्व कप में कांस्य पदक

**फुकेट।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारोत्तोलक बिंदियारानी देवी ने मंगलवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं की 55 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता ।गैर ओलंपिक भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए 25 वर्षीय बिंदियारानी ने कांस्य पदक जीतने के दौरान कुल 196 किग्रा (83 और 113 किग्रा) उठाया ।हालांकि यह मणिपुरी भारोत्तोलक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने 2022 में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 203 किग्रा के कुल प्रयास के साथ रजत पदक जीता था ।भारतीय खिलाड़ी छह प्रयासों में सिर्फ तीन वैध प्रयास कर सकी। उनका कुल वजन का प्रयास उत्तर कोरिया की कांग ह्योन ग्योंग से 38 किग्रा कम था

# ओलंपिक की तैयारी के लिए पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए छह अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम सोमवार की रात रवाना हुई। भारतीय टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के चार में से तीन मैच जीते थे। छह अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं। हरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा , इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। इससे हमें पेरिस ओलंपिक से पहली अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और सुधार का मौका भी मिलेगा। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा , हम अपने कौशल और रणनीति को निखाारने के लिए एक टीम के रूप में काफी मेहनत कर रहे हैं। हमें अपनी क्षमता पर भरोसा है। हमें यकीन है कि प्रदर्शन अच्छा होगा।



### भारतीय टीम इस प्रकार से

**गोलकीपर :** कृशन बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश, सूरज करकेरा

**डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, आमिर अली

**मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह

**फॉरवर्ड :** आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी, अराइजीत सिंह हुंडल।

# केकेआर-रॉयल्स, गुजरात-दिल्ली आईपीएल मैच का कार्यक्रम बदला: बीसीसीआई

एजेंसी। नई दिल्ली

**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के घरेलू मैच को मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन 16 अप्रैल को कराने का फैसला किया गया जबकि गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के कार्यक्रम में भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बदलाव किया है। बीसीसीआई ने हालांकि ऐसा करने का कोई कारण नहीं बताया ।पीटीआई ने सोमवार को अपनी खबर में कहा था कि केकेआर और रॉयल्स के बीच 17 अप्रैल को होने वाले मुकाबले के कार्यक्रम में राम नवमी के कारण बदलाव लगभग तय है। बीसीसीआई ने हालांकि इन दोनों मैच के कार्यक्रम में बदलाव का कोई कारण नहीं बताया ।बीसीसीआई ने बयान में कहा, कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 17 अप्रैल 2024 को होने वाला मुकाबला अब एक दिन पहले 16 अप्रैल 2024 को होगा। बोर्ड ने कहा, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को पहले गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 16 अप्रैल 2024 को मैच की मेजबानी करनी थी। यह मुकाबला अब 17 अप्रैल 2024 को होगा। पता चला है कि कोलकाता पुलिस ने आईपीएल के 17वें सत्र के केकेआर के तीसरे घरेलू मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई। इससे तीन दिन पहले ही ईडन गार्डन्स पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मुकाबला होना है ।सात चरण के आम चुनाव के पहले चरण के दौरान 19 अप्रैल को बंगाल में भी मतदान होगा। कोलकाता में मतदान एक जून को होना है ।बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने सुझाव दिया था कि मैच को या तो एक दिन पहले (16 अप्रैल) या 24 घंटे बाद 18 अप्रैल को कराया जाए।

# रियान पराग मुझे युवा सूर्यकुमार की याद दिलाता है , कहा रॉयल्स के कोच बांड ने

एजेंसी। मुंबई

**राजस्थान** रॉयल्स के सहायक कोच शेन बांड ने फॉर्म में चल रहे रियान पराग को काफी प्रतिभाशाली बताते हुए उनकी तुलना एक दशक पहले मुंबई इंडियंस से जुड़े सूर्यकुमार यादव से की है जो कालांतर में दुनिया के सबसे आक्रामक टी20 बल्लेबाजों में से एक बने। बाईस बरस के पराग ने घरेलू क्रिकेट का फॉर्म आईपीएल में भी जारी रखते हुए दो अर्धशतक जमाए हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार को छह विकेट से मिली जीत में 39 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी खेली। बांड ने कहा , पराग मुझे सूर्यकुमार यादव की याद दिलाता है जो कई साल पहले मुंबई इंडियंस से जुड़ा था। वह अपार प्रतिभाशाली है और बतौर क्रिकेटर परिपक्व भी हो रहा है। उन्होंने कहा , उसने घरेलू सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने बहुत कम उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता। आईपीएल में आम तौर पर फिनिशर की भूमिका काफी अनुभवी खिलाड़ी निभाते हैं। रॉयल्स में उसमें जो निवेश किया है, उसका फल मिलने लगा है। उन्होंने यह भी कहा कि निस्वार्थ प्रदर्शन करने वाले युजवेंद्र चहल अगर इसी तरह से खेलते रहे तो भारतीय टीम में वापसी कर सकते हैं।



### चहल ने चार ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिए

**बांड ने कहा** , प्रतिस्पर्धा कड़ी है और सबसे बड़ी चुनौती यह है कि गेंदबाज को यह भुलाकर गेंदबाजी करना है कि विश्व कप होने वाला है और उसे टीम में जगह बनाने के लिए दावा बुलंद करना है ।चहल अगर इसी तरह गेंदबाजी करता रहा तो विश्व कप टीम में जगह बना सकता है।

# भारतीय जूनियर कोच ने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ अभ्यास शिविर की मांग की

एजेंसी। रोहतक

**राष्ट्रीय** जूनियर महिला मुक्केबाजी कोच गीता चानू का मानना है कि भारत में खेल के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ एक महीने का अभ्यास शिविर लगाया जाना चाहिए। चानू ने कहा कि उजबेकिस्तान और कजाखस्तान जैसे देश इस खेल में महाशक्ति इसलिए बन सके हैं क्योंकि इनमें संबंधित बोर्ड के बीच आपस में समन्वय है। चानू ने कहा , उजबेकिस्तान और कजाखस्तान के मुक्केबाजों के पास दमखम के साथ आत्मविश्वास भी है। उजबेकिस्तान, कजाखस्तान और तुर्कमेनिस्तान जैसे देश विभिन्न आयुवर्ग के लिए साथ में



अभ्यास और प्रतिस्पर्धा शिविर लगाते हैं। इससे कम उम्र में ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने जैसा अनुभव मिल जाता है। उन्होंने कहा , हमारे खिलाड़ी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में ही अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों का सामना करते हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने यहां जूनियर लड़के और लड़कियों के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की जूनियर मुक्केबाजी अकादमी में शिविर का आयोजन किया था।

# बेन स्टोक्स टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे

एजेंसी। लंदन

**इंग्लैंड** के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स आगामी टी20 विश्व कप से यह कहते हुए हट गए हैं कि इस बलिदान से उन्हें पूरी ताकत से गेंदबाजी करने के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और वह निकट भविष्य में वह ऑलराउंडर बन पाएंगे जो बनना चाहते हैं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है ।ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा, मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे कि क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं। उन्होंने कहा, आईपीएल और विश्व कप से बाहर रहना उम्मीद है कि वह बलिदान होगा जिससे मुझे वह ऑलराउंडर बनने में मदद मिलेगी जो मैं निकट भविष्य में बनना चाहता हूं। स्टोक्स भारत के टेस्ट दौरे पर इंग्लैंड के कप्तान थे जहां उनकी टीम को ।-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान उन्होंने महसूस किया कि गेंदबाजी के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं थे ।स्टोक्स ने कहा, हाल ही में भारत के टेस्ट दौरे से पता चला कि घुटने की सर्जरी और नौ महीने बिना गेंदबाजी के रहने के बाद मैं गेंदबाजी के नजरिए से कितना पीछे था। उन्होंने कहा, मैं हमारे गर्मियों के टेस्ट सत्र की शुरुआत से पहले काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए खेलने के लिए उत्सुक हूं। मैं जोस (बटलर), मोट्टी (मैथ्यू मॉट) और पूरी टीम को अपना खिताब बचाने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। वर्ष 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप का पिछला टूर्नामेंट जीतने वाला इंग्लैंड कैरेबिया में खिताब का बचाव करेगा। पिछले टी20 विश्व कप फाइनल में स्टोक्स ने एमसीजी में पाकिस्तान पर पांच विकेट की जीत के दौरान फाइनल में विजई रन बनाया था।




# चैम्पियंस लीग टी20 टूर्नामेंट फिर शुरू करने पर बात कर रहे हैं भारत आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड बोर्ड

एजेंसी। मुंबई

**भारत,** आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड दस साल पहले बंद हो चुकी चैम्पियंस लीग क्लब टी20 चैम्पियनशिप को फिर शुरू करने के लिए आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चैम्पियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था। चैम्पियंस लीग में 2009 . 10 और 2014 . 15 के बीच छह सत्र खेले गए जिनमें से चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में हुए। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब जीता जबकि आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक एक बार खिताब जीता। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिए विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। भारत में मेलबर्न क्रिकेट अकादमी के लांच के लिए खेलोमोर से साझेदारी के मौके पर उन्होंने कहा , मुझे लगता है कि चैम्पियंस लीग समय से पहले की पहल थी। उस समय टी20 क्रिकेट इतना परिपक्व नहीं हुआ था। लेकिन अब है।